

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 177
लखनऊ, शुक्रवार 27 फरवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



विद्युत कर्मचारी को पीटा, जेई ने पुलिस को दी तहरीर 10

ऊर्जा मंत्री ने की जनसुनवाई, नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण के दिये निर्देश 03


# विवादों का समाधान संवाद से हो : मोदी

### पश्चिम एशिया में शांति-स्थिरता के साथ भारत के हित जुड़े हैं : प्रधानमंत्री

**एजेंसी, यरुशलम।**



पश्चिम एशिया में तनाव और युद्ध के बढ़ते खतरों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि इस क्षेत्र के साथ भारत के हित सीधे हुड़े हुए है और क्षेत्र के मुद्दों का समाधान शांतिपूर्ण तरीकों से निकाला जाना चाहिए।

ईरान के परमाणु कार्यक्रम और वहां मानवाधिकारों की स्थिति को ले कर उसके और अमेरिका के बीच टकराव की बढ़ती आशंकाओं के बीच श्री मोदी ने कहा कि भारत और दुनिया के विकासशील देश शुरू से चाहते हैं कि मसलों का समाधान संवाद और शांतिपूर्ण तरीके से हो।

प्रधानमंत्री ने इजराइल की यात्रा के दूसरे और आखिरी दिन यहां इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ साझा संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता से भारत के सीधे सुरक्षा हित जुड़े हैं। इसलिए हमने शुरुआत से ही संवाद और शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ ( विकासशील देश) और पूरी मानवता की पुकार भी यही है। श्री मोदी ने कहा कि भारत की सोच स्पष्ट है : मानवता कभी भी किसी लड़ाई के बीच न पिसे। प्रधानमंत्री ने अमेरिकी पहल से गाजा क्षेत्र में शांति और विकास के लिए तय की गयी योजना के प्रति भारत के समर्थन को दोहराते हुए कहा कि गाजा शांति योजना से शांति का एक रास्ता बना है। भारत ने इन प्रयासों का पूर्ण समर्थन किया है। भविष्य में भी हम सभी देशों के साथ संवाद और सहयोग जारी रखेंगे।

उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया के साथ भारत के सदियों पुराने आर्थिक, वाणिज्यिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक संबंध है। नये युग में भारत अपनी ऊर्जा की जरूरतों और वाणिज्यिक आदान प्रदान, माल परिवहन और कई सामरिक महत्व के मामलों में पश्चिम एशियाई देशों के साथ गहराई से जुड़ा है।

## होलोकॉस्ट के पीड़ितों को पीएम ने दी श्रद्धांजलि



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को यरूशलम स्थित विश्व होलोकॉस्ट स्मृति केंद्र यद वाशेम का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने होलोकॉस्ट (नरसंहार) के पीड़ितों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और शांति तथा मानवीय गरिमा के प्रति साझा प्रतिबद्धता को दोहराया। प्रधानमंत्री मोदी की इस स्मारक की यह दूसरी यात्रा थी।

## घोषणा एवं निष्कर्ष

दोनों देशों ने घोषणा कि वे अपने संबंधों को विशेष रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक उन्नत करेंगे। इजरायल अगले 5 वर्षों में 50 हजार भारतीय श्रमिकों को अपने यहां काम करने का अवसर देगा। दोनों देश राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के नेतृत्व में महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों में सहयोग पहल की शुरुआत करेंगे। वित्तीय संवाद करेंगे और मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देंगे। विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर संयुक्त समिति को मंत्रिस्तरीय स्तर तक उन्नत किया जाएगा। तकनीकी प्रवेश द्वार पहल, कृषि अनुसंधान में 20 संयुक्त छात्रवृत्तियां, संयुक्त अनुसंधान प्रस्तावों के लिए दोनों पक्षों के योगदान में वृद्धि, भारत-इजराइल अकादमिक सहयोग मंच और भारत-इजराइल संसदीय मैत्री समूह अन्य घोषणायें हैं। भारत और इजरायल के बीच कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। इजरायल अपने यहां यूपीआई लाएगा। खनिज अन्वेषण में उन्नत भू-भौतिकीय व एआई तकनीक, लोटल (गुजरात) में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर के विकास और 2026-29 सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम क्रियान्वयन पर सहमति बनी। कृषि नवाचार केंद्र, मत्स्य व जलीय कृषि, क्षितिज स्कैनिंग तथा वित्तीय सेवा प्राधिकरणों के बीच सहयोग को बढ़ावा दिया गया। वाणिज्य, विनिर्माण और रेस्तरां क्षेत्र में श्रम गतिशीलता प्रोटोकॉल तय हुए। शिक्षा में एआई, वाणिज्यिक मध्यस्थता, सीईओ फोरम, नालंदा-हिब्रू विश्वविद्यालय सहयोग, साइबर उत्कृष्टता केंद्र और कृत्रिम बुद्धिमत्ता में साझेदारी पर भी प्रगति हुई।

## इंस्टाग्राम पर 10 करोड़ फॉलोअर्स पार करने वाले दुनिया के पहले नेता बने मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केइंस्टाग्राम पर 10 करोड़ फॉलोअर हो गए हैं और इसके साथ ही इस सोशल मीडिया मंच पर यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह विश्व के पहले नेता बन गए हैं। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 2014 में इंस्टाग्राम से जुड़े थे और पिछले एक दशक में उनका अकाउंट वैश्विक नेताओं के बीच सबसे अधिक सक्रिय डिजिटल मंच में से एक बन गया है। वैश्विक नेताओं में मोदी के इंस्टाग्राम पर अब सबसे अधिक फॉलोअर हैं। सोशल मीडिया मंच पर उनके फॉलोअर की संख्या अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फॉलोअर से दोगुनी से भी अधिक है। अधिकारियों ने बताया कि अगले पांच प्रमुख विश्व नेताओं के फॉलोअर की कुल संख्या भी मोदी के फॉलोअर की संख्या से कम है।

# उत्तर प्रदेश सरकार व यामानाशी के बीच ग्रीन हाइड्रोजन तकनीक पर ऐतिहासिक समझौता

### यामानाशी प्रांत में यूपी इन्वेस्टमेंट रोड शो में मुख्यमंत्री योगी ने दिया निवेश का आमंत्रण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



जापान दौरे पर गए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। उप्र सरकार ने जापान के यामानाशी प्रांत के साथ ग्रीन हाइड्रोजन तकनीक को लेकर ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत भारतीय छात्रों को जापान में उच्चस्तरीय प्रशिक्षण मिलेगा।

मुख्यमंत्री योगी ने यामानाशी में आयोजित यूपी इन्वेस्टमेंट रोड शो में प्रदेश की नई विकास नीति और निवेश संभावनाओं को वैश्विक उद्योग जगत के सामने प्रमुखता से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने शासन की कार्यशैली को रिएक्टिव (Reactive) से बदलकर प्रोएक्टिव (Proactive) बनाया है और यही परिवर्तन आज प्रदेश की तेज आर्थिक प्रगति का आधार बना है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश व यामानाशी के बीच ग्रीन हाइड्रोजन तकनीक को लेकर ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए हैं। इसके तहत उत्तर प्रदेश के उच्च तकनीकी संस्थानों के छात्र जापान में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे और इस तकनीक को प्रदेश की इंडस्ट्री, पब्लिक ट्रांसपोर्ट और ऊर्जा क्षेत्र में लागू किया जाएगा। यह पहल प्रधानमंत्री मोदी के नेट जीरो लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे प्रतिनिधिमंडल ने टोक्यो में कई जी2जी (गवर्नमेंट टू गवर्नमेंट) और जी2बी (गवर्नमेंट टू बिजनेस) स्तर की बैठकों में भाग लिया, जहां भारतीय दूतावास के सहयोग से जापानी उद्योग समूहों से व्यापक संवाद हुआ। उन्होंने यामानाशी प्रशासन को सक्रिय पहल कर निवेश संवाद को आगे बढ़ाने के लिए विशेष धन्यवाद दिया।

मुख्यमंत्री ने रोबोटिक्स को भविष्य की प्रमुख तकनीक बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने बजट में रोबोटिक्स के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने की व्यवस्था की है। हमें विश्वास है कि उत्तर प्रदेश और यामानाशी के बीच सहयोग भारत-जापान संबंधों को नई ऊंचाई तक ले जाएगा और ऊर्जा आत्मनिर्भरता तथा तकनीक को आम जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## सीएम ने की यामानाशी में अत्याधुनिक एससीमैग्लेव ट्रेन की सवारी



सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने जापान दौरे में निवेश के साथ-साथ आधुनिक परिवहन प्रणाली समेत तमाम क्षेत्रों में तकनीकी सहयोग की संभावनाएं भी तलाशीं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने यामानाशी प्रांत में विश्व की अत्याधुनिक एससीमैग्लेव हाई-स्पीड ट्रेन की सवारी की, जिसकी गति 500 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंचती है। मुख्यमंत्री ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्होंने लगभग 500 किमी प्रतिघंटा की गति से यात्रा की और यह अनुभव भविष्य की परिवहन व्यवस्था की झलक जैसा था। इतनी अधिक गति के बावजूद ट्रेन की यात्रा बेहद सुगम, स्थिर और सुरक्षित रही, जो जापान की तकनीकी उत्कृष्टता और दीर्घकालिक इंफ्रास्ट्रक्चर विजन को दर्शाती है। मैग्लेव ट्रेन केवल तेज गति का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह स्वच्छ, ऊर्जा-कुशल और सटीक मोबिलिटी सिस्टम का उदाहरण है। यह तकनीक आने वाले समय में वैश्विक परिवहन प्रणाली को नई दिशा दे सकती है। उन्होंने जापान की नवाचार आधारित सोच की सराहना करते हुए कहा कि जब तकनीक इस गति से आगे बढ़ती है तो भविष्य पहले से कहीं अधिक निकट महसूस होता है।

## –: सर्राफा बाजार :–

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,61,830/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,48,350/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,21,410/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,85,000/किग्रा |



# बकिंग के 48 घंटे के भीतर हवाई टिकट रद्द करने पर नहीं लगेगा शुल्क

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



**नियमों में संशोधन**

विमान यात्री अब बुकिंग के 48 घंटों के भीतर बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के हवाई टिकट रद्द करा सकते हैं या उसमें बदलाव कर सकते हैं। हालांकि, यह कुछ शर्तों पर निर्भर करेगा। नागर विमानन नियामक डीजीसीए ने इसको लेकर टिकट किराया वापसी नियमों में संशोधन किया है।

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने नियमों में संशोधन करते हुए यह भी कहा कि यदि यात्री, बुकिंग के 24 घंटों के भीतर नाम में किसी प्रकार की गलती को बताता है और टिकट सीधे एयरलाइन की वेबसाइट के माध्यम से बुक किया गया है, तो एयरलाइन कंपनियों को उसी व्यक्ति के नाम पर सुधार के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लेना चाहिए। डीजीसीए ने कहा, ''ट्रैवल एजेंट/पोर्टल के माध्यम से टिकट खरीदने की स्थिति में, पैसे वापसी की जिम्मेदारी एयरलाइन कंपनियों की होगी क्योंकि एजेंट उनके नियुक्त प्रतिनिधि होते हैं। एयरलाइन कंपनियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि पैसे वापस करने की प्रक्रिया 14 कार्य दिवसों के भीतर पूरी हो जाए।''

### 48 घंटे बाद, उपलब्ध नहीं होगा विकल्प

अब एयरलाइंस को निर्देश दिया गया है कि वे यात्रियों को टिकट बुक करने के बाद 48 घंटे की अवधि के लिए 'लुक इन' यानी उसे अद्यतन करने का विकल्प प्रदान करें। नियामक ने कहा, ''इस अवधि के दौरान यात्री बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के टिकट रद्द या संशोधित कर सकते हैं। लेकिन जिस संशोधित उड़ान के लिए टिकट लेना चाहते हैं, उसके लिए जो भी किराया बनता है यानी किराये में जो अंतर है, वह देना होगा। नियामक ने कहा, ''जब टिकट सीधे एयरलाइन की वेबसाइट के माध्यम से बुक किया जाता है, यह सुविधा उन उड़ानों के लिए उपलब्ध नहीं होगी जिनकी प्रस्थान तिथि घरेलू उड़ानों के मामलों में बुकिंग की तारीख से सात दिन से कम और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए 15 दिन से कम है।'' बुकिंग समय के 48 घंटे बाद, यह विकल्प उपलब्ध नहीं होगा और यात्री को संशोधन के लिए टिकट रद्द कराने को लेकर संबंधित शुल्क का भुगतान करना होगा।

इसके अलावा, चिकित्सा आपात स्थिति के कारण यात्रियों के टिकट रद्द करने के नियमों में भी बदलाव किये गये हैं। समय पर रिफंड न मिलने की यात्रियों की बढ़ती शिकायतों को देखते हुए हवाई टिकट वापसी के लिए नागर विमानन आवश्यकताओं (सीएआर) में संशोधन किये गये हैं। दिसंबर, 2025 में इंडिगो की उड़ानें रद्द होने के दौरान भी टिकट वापसी का मुद्दा प्रमुखता से सामने आया था। उस समय नागर विमानन मंत्रालय ने एयरलाइन कंपनियों को निर्धारित समयसीमा के भीतर रिफंड करने का निर्देश दिया था। संशोधित नियम 24 फरवरी को जारी किए गए थे।

## होली पर ट्रेन के समय में बदलाव, चार मार्च को दोपहर 2:30 पर चलेगी मेट्रो

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** होली के पर्व पर 4 मार्च (बुधवार) को लखनऊ मेट्रो की सेवाएं संशोधित समय के अनुसार संचालित की जाएंगी। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (यूपीएमआरसी) ने ट्रेनों के संचालन में बदलाव की जानकारी साझा की है। लखनऊ मेट्रो के ज्वाइंट जनरल मैनेजर पंचानन मिश्रा मुताबिक होली पर्व पर मेट्रो ट्रेन सेवाएं दोपहर 2.30 बजे से रात 10.30 बजे तक संचालित रहेंगी। मेट्रो सेवाएं दोनों टर्मिनल स्टेशनों सीसीएस एयरपोर्ट और मुंशीपुलिया से दोपहर 2.30 बजे शुरू होंगी और रात 10.30 बजे तक सामान्य रूप से संचालित होती रहेंगी। उन्होंने बताया कि लखनऊ मेट्रो का यह निर्णय होली के दिन यात्रियों की सुविधा और त्योहार के दौरान परिचालन व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। इसके अलावा उन्होंने यूपी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की तरफसे सभी यात्रियों को होली की शुभकामनाएं दी है और अपील की है कि यात्री निर्धारित समय के अनुसार अपनी यात्रा की योजना बनाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### कार में आग लगने से जिंदा जली महिला कांस्टेबल व मासूम

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश में रामपुर जिले के गंज क्षेत्र में हुए भीषण सड़क हादसे में महिला कांस्टेबल और उनके ढाई वर्षीय पुत्र की कार में जलकर दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य परिजन मामूली रूप से घायल हो गए। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि ग्राम बहटरा थाना मिलक निवासी लता (27) महिला कांस्टेबल थीं। वह 1090 कार्यालय, श्रावस्ती में तैनात थीं और 18 फरवरी से अवकाश पर थीं। बताया गया है कि बीती रात लगभग 11 बजे लता अपने पति दान सिंह, पुत्र अभियांश (लगभग ढाई वर्ष) और एक रिश्तेदार रवि के साथ नैनीताल से घूमकर कार से अपने गांव बहटरा लौट रही थीं। स्वार-रामपुर मार्ग पर थाना गंज क्षेत्र के निकट ग्राम काशीपुर के पास उनकी कार की अज्ञात डंपर से टक्कर हो गई। टक्कर के बाद कार में आग लग गई। हादसा इतना भीषण था कि महिला कांस्टेबल लता और उनके पुत्र अभियांश की मौके पर ही जलकर मौत हो गई। घटना में लता के पति दान सिंह तथा उनके ममेरे चाचा रवि को मामूली चोटें आई हैं। थाना गंज में अज्ञात डंपर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### उग्रवादी संगठन से सांठगांठ के आरोप में पुलिस कॉन्स्टेबल ड्राइवर समेत चार गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में उग्रवादियों के विरूद्ध पुलिस एवं सुरक्षा बलों का धर-पकड़ अभियान राज्य के विभिन्न हिस्सों में जारी है। इस कड़ी में उग्रवादी संगठन केसीपी (एमएफएल) से सांठगांठ करने के आरोप में एक पुलिस कॉन्स्टेबल ड्राइवर, उग्रवादी संगठन प्रीपाक के कैडर और उसकी साथी तथा एक आरपीएफ/पीएलए कैडर को गिरफ्तार किया गया है।

### उत्तर बंगाल में फिर भूकंप के झटके, रिक्टर स्केल पर तीव्रता 4.6

**सिलीगुड़ी।** सिलीगुड़ी सहित उत्तर बंगाल के कई इलाकों में गुरुवार को एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। दोपहर से पहले आए इस कंपन से सिलीगुड़ी, जलपाईगुड़ी और दार्जिलिंग के विस्तृत क्षेत्रों में दहशत फैल गई। झटकों का असर कोलकाता तक महसूस किया गया, जिससे लोगों में हड़कंप मच गया। मौसम विभाग के अनुसार, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.6 दर्ज की गई। इसका केंद्र सिक्किम में था और झटके सुबह 11 बजकर 34 मिनट पर महसूस किए गए। फिलहाल किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है।

# दुबई से भारत लाया गया भगोड़ा अनिल रेड्डी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



भारतीय जांच एजेंसियों को विदेशों में छिपे अपराधियों को पकड़ने में लगातार सफलता मिल रही है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को इंटरपोल की मदद से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में छिपे वांछित भगोड़े अनिल कुमार रेड्डी को भारत लाने में सफलता मिली है। यह अपराधी आंध्र प्रदेश में कई गंभीर मामलों में आरोपी है।

अनिल कुमार रेड्डी पर धोखाधड़ी, आपराधिक धमकी जैसे कई गंभीर आरोप हैं। आंध्र प्रदेश पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी। वह कानून से बचने के लिए यूएई में जाकर छिप गया था। आंध्र प्रदेश पुलिस के अनुरोध पर सीबीआई ने 5 सितंबर 2022 को अनिल रेड्डी के खिलाफ इंटरपोल रेड नोटिस जारी करवाया था।

सीबीआई की खास यूनिट ने विदेश मंत्रालय और अबू धाबी के अधिकारियों के साथ मिलकर यह कार्रवाई की। इसी रेड नोटिस के आधार पर यूएई के अधिकारियों ने अनिल रेड्डी को अपने देश में पकड़ लिया।

गिरफ्तारी के बाद यूएई ने उसे भारत को सौंपने का फैसला किया। गुरुवार को दुबई पुलिस की एक टीम उसे हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट लेकर आई। यहां सभी जरूरी कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे आंध्र प्रदेश पुलिस की टीम को सौंप दिया गया।

# एनसीईआरटी की 8वीं क्लास की सामाजिक विज्ञान किताब पर प्रतिबंध

### जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की कक्षा आठ की उन किताबों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया जिसमें न्यायपालिका में भ्रष्टाचार पर एक अध्याय शामिल है।

न्यायालय ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह न्यायपालिका को बदनाम करने के इरादे से की गई सुनियोजित साजिश है, साथ ही अदालत ने भ्रष्टाचार पर अध्याय से संबंधित कक्षा आठ की सभी किताबों, उनकी प्रतियों और डिजिटल स्वरूपों को जब्त करने का आदेश दिया।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि उन्होंने ऐसा आघात किया है, जिससे न्यायपालिका आहत हुई है। एक दिन पहले प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने एनसीईआरटी को सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में अनुचित सामग्री के लिए माफी मांगने और उचित अधिकारियों से परामर्श करके इसे फिर से लिखने की बात कही थी।

पीठ में न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली भी शामिल थे। पीठ ने एनसीईआरटी के निदेशक और विद्यालय शिक्षा विभाग के सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया और उनसे पूछा कि जिम्मेदार लोगों के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही क्यों शुरू नहीं की जानी चाहिए।

एनसीईआरटी के बुधवार के पत्र का जिक्र करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा, यह (पत्र) अपने आप में गहरी साजिश को दर्शाता है... एक सुनियोजित साजिश।

### न्यायपालिका के आदेश का पालन किया जायेगा : धर्मेन्द्र प्रधान

शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की आठवीं कक्षा की समाज विज्ञान की पुस्तक विवाद पर कहा कि सरकार न्यायपालिका का पूरा सम्मान करती है और उच्चतम न्यायालय के सभी निर्देशों का पालन किया जायेगा। श्री प्रधान ने उच्चतम न्यायालय के एनसीईआरटी की कक्षा आठ की सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक के पुनर्मुद्रण और डिजिटल प्रसार पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के आदेश पर गुरूवार को अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हम न्यायपालिका का पूरा सम्मान करते हैं। न्यायपालिका ने जो भी कहा है, हम उसका पूरा पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि जो भी हुआ है, उससे मैं दुखी दुखी हूं, और मैं इस पर अफसोस जताता हूं।

## बसपा विधायक उमाशंकर सिंह के बलिया के ठिकानों पर दूसरे दिन भी आयकर की कार्रवाई जारी

**लखनऊ/बलिया, समृद्धि न्यूज।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के इकलौते विधायक उमाशंकर सिंह के परिजनों व उनके सहयोगियों के यहां बलिया में तीन स्थानों पर दूसरे दिन गुरुवार को भी आयकर विभाग की कार्रवाई जारी रही। विधायक के पैतृक आवास से लेकर लखनऊ के आवास सहित अन्य ठिकानों पर आयकर विभाग की कार्रवाई से जिले से लेकर प्रदेश के राजनीतिक गलियारों तक हलचल बनी हुई है। विधायक उमाशंकर योगी सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के नजदीकी रिश्तेदार हैं। इस कार्रवाई को लेकर मंत्री दिनेश प्रताप और बसपा प्रमुख मायावती नाराजगी जता चुकी हैं। बुधवार को सुबह से शाम तक लखनऊ समेत बलिया में बसपा विधायक उमाशंकर सिंह के पैतृक गांव खनवर समेत अन्य ठिकानों पर छापे की कार्रवाई हुई थी।

# स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर लटकी गिरफ्तारी की तलवार

### नाबालिग बच्चों के मेडिकल रिपोर्ट में यौन शोषण की पुष्टि

**प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।**



नाबालिग बटुकों से यौन शोषण के आरोपों से घिरे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। पीड़ित नाबालिग बच्चों की मेडिकल रिपोर्ट में कुकर्म किए जाने की पुष्टि हुई है। बुधवार को ही पुलिस ने पीड़ित दोनों नाबालिग बच्चों का मेडिकल कराया था। हालांकि, शिकायतकर्ता आशुतोष ब्रह्मचारी ने भी मेडिकल में बच्चों के साथ कुकर्म की पुष्टि होने की बात कही थी।

ऐसे में माना जा रहा है कि अब स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ कानून का शिकंजा कसेगा। हालांकि, स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने गिरफ्तारी से बचने के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत की याचिका दाखिल की है, जिस पर जस्टिस जितेंद्र कुमार सिन्हा की सिंगल बेंच में शुक्रवार को सुनवाई होगी। ऐसे में पुलिस की ओर से अदालत में मेडिकल रिपोर्ट भी रखी जाएगी। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर हाईकोर्ट से भी स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को बड़ा झटका लग सकता है। अगर उन्हें हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली तो पुलिस कभी भी गिरफ्तार कर सकती है।

गौरतलब है कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, उनके शिष्य मुकुंदानंद गिरी व तीन अज्ञात के खिलाफ झूंसी थाने में पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ है। यह मुकदमा कोर्ट के आदेश पर दर्ज किया गया है। हालांकि अभी तक कि विवेचना में अरविंद मिश्रा और प्रकाश उपाध्याय के नाम का भी खुलासा हुआ है। बता दें स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर आशुतोष ब्रह्मचारी ने दो बटुकों के साथ यौन शोषण का आरोप लगाया है। इस मामले में 173 (4) के तहत जिला कोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। जिस पर एडीजे रेप एंड पॉक्सो स्पेशल कोर्ट विनोद कुमार चौरसिया ने झूंसी को पुलिस को मुकदमा दर्ज कर विवेचना का आदेश दिया था।

वहीं यौन शोषण के आरोपों को स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने सरकार की साजिश करार दिया है।

**तैयारी** ग्रेड सिस्टम में बदला जा रहा ड्राइविंग लाइसेंस, बार-बार गलती पड़ेगी भारी

# शराब पीकर गाड़ी चलाने पर ड्राइविंग लाइसेंस होगा रद्द

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि सड़क दुर्घटनाओं में हर साल लाखों लोगों का जीवन बचाने के लिए सरकार सुरक्षा कारणों की गहनता से पड़ताल कर रही है और इसमें रोड इंजीनियरिंग, आटोमोबाइल इंजीनियरिंग, सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करते हुए शिक्षा तथा जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

श्री गडकरी ने गुरुवार को यहां हैबिटेट सेंटर में सीआईआई के तत्वावधान में आयोजित नेशनल कन्क्लेव ऑफ रोड सेफ्टी विषय पर अपने विचार पेश करते हुए गुरुवार को कहा कि देश में हर साल लाखों लोगों की जान सड़क दुर्घटनाओं में जाती है और उसे बचाना आवश्यक है इसलिए सड़क इंजीनियरिंग के साथ ही ड्राइविंग लाइसेंस को लेकर सख्त रुख नियम बनाए जा रहे हैं।

उनका कहना था कि शराब पीकर गाड़ी चलाने की घटनाएं ज्यादा होती हैं इसलिए इस नियम को ज्यादा सख्त किया जा रहा है और बार-बार शराब पीकर गाड़ी चलाते हुए पकड़े जाने पर लाइसेंस स्थायी रूप से रद्द कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस को ग्रेड सिस्टम में बदला जा रहा है और बार बार गलती होने पर जैसे ही 12 ग्रेड पर पहुंचेगा लाइसेंस को निलंबित कर दिया जाएगा।



उन्होंने कहा कि करीब पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं हर साल होती हैं जिनमें 1 लाख 80 हजार लोगों की मृत्यु होती है। इनमें 72 प्रतिशत युवा होते हैं जिनकी उम्र 18 से 45 साल के बीच होती है जबकि 18 वर्ष से कम आयु के 10,119 बच्चों की मौत होती है। हेलमेट न पहनने के कारण 54,122 और सीट बेल्ट का उपयोग न करने से 14,466 लोगों की मृत्यु का आंकड़ा है। इसके अलावा तेज गति भी सड़क दुर्घटनाओं का बड़ा कारण है और इससे 1.2 लाख लोगों की मौत होती हैं। गलत दिशा में गाड़ी चलाना, शराब पीकर गाड़ी चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करना जैसे कई कारण सड़क दुर्घटनाओं के हैं। सड़क दुर्घटनाओं के चार प्रमुख कारण बताते हुए उन्होंने कहा कि इसमें रोड इंजीनियरिंग में डीपीआर की गुणवत्ता में कमी भी एक कारण है इसलिए इसमें बदलाव लाया गया है और ठेकेदारों और डीपीआर कंपनियों की रेटिंग तय कर दी गई है।

# विदेश भेजने के नाम पर महीनों से चल रहा था ठगी का धंधा, पुलिस बनी रही अनजान

- करोड़ों की हुई ठगी
- अनुमानित 800 सौ से भी अधिक लोगों के साथ हुई ठगी



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** जनपद गोंडा के कोतवाली नगर में उस वक्त हड़कंप मच गया जब 100 की संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपने साथ हुई ठगी के बारे में शिकायत दर्ज कराई मानव जैसे पुलिस के पर फूल गए हो जिसने भी सुना उसका दिमाग सन्न रह गया पूरा मामला आपको बता दें कि विवेक नाम के व्यक्ति द्वारा विदेश भेजने के नाम पर कई लोगों से कर ली ठगी पीड़ितों का दावा है कि या ठगी लगभग सात से आठ सौ लोगों के साथ हुई है ठगी जिसकी अनुमानित कीमत लगभग करोड़ रुपए बताई जा रही है आश्चर्य की बात यह है कि लोगों में जरा भी जागरूकता बची नहीं है फर्जी टिकट फर्जी पासपोर्ट देने के नाम पर हर व्यक्ति से लाखों की ठगी हो जाती है और लोगों को कानों कान भनक नहीं होती प्लेटो की शिकायत के बाद पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा है जिसका नाम जुल्फिकार पुत्र नसरुद्दीन निवासी बाबागंज से पूछताछ में सामने आया कि उसके द्वारा गोंडा बलरामपुर बहराइच सहित बिहार और तमाम राज्यों से लोगों को अपनी ठगी का शिकार बनाया आरोपी जुल्फिकार ने ऑनलाइन अपने खाते में लाखों रुपए ले लिए विदेश भेजने के नाम पर हालांकि सभी बिंदुओं पर पुलिस गहनता से जांच कर रही है पुलिस ने दावा किया है जल्दी सारे आरोपी पकड़े जाएंगे इसके साथ ही आपको बताने की पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर बिंद्रेश्वरी मणि त्रिपाठी को मुकदमा दर्ज कर घटना में संलिप्त सभी दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने का निर्देश जारी किया है

# एमबीबीएस के दाखिले के नाम पर महिला ने हड़पे छः लाख, प्राथमिकी दर्ज

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** एमबीबीएस के दाखिले के नाम पर एक महिला ने छ लाख रुपए हड़प लिया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर नगर कोतवाली में उस के खिलाफ में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है । मिनहाज अहमद पुत्र मेराज अहमद ने पुलिस अधीक्षक को एक प्रार्थना-पत्र दिया जिस में कहा कि वह डाक्टर है अपनी बेटी सादिया मिनहाज को डाक्टर बनाना चाहता है। इस लिए उस ने एम बी बी एस का एडमिशन गुप्ता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस हॉस्पिटल में करवाने हेतु आसिफ निवासी जगदीशपुर, रामलीला मैदान, रोडवेज के पास, थाना-जगदीशपुर, जिला-अमेठी से संपर्क किया। पुत्री के दाखिले की बात मेरे साले शहनवाज खान पुत्र अजीजुलहक खान, निवासी मेवातियान, थाना कोतवाली नगर, ने आसिफ से किया तो उस ने बताया कि उस की बहन कलकता में रहती जिस का नाम रेशमा बेनजीर पत्नी अनीस बेनजीर निवासी-मटिया बुर्ज गार्डनरीच, थाना-मटियाबुजे, जिला कलकता पश्चिम बंगाल है। मोबाइल नंबर दिया और कहा कि यह मेरी बहन है आप लोग कालकता चले जाइये और मिल लीजिएगा वो आपकी मदद करेंगी। 18. सितम्बर 2025 अपनी बेटी सादिया मिनहाज और साले शहनवाज खान के साथ कलकता गया, वहाँ उपरोक्त मोबाइल नम्बर पर उस के साले से आसिफ का रिफरेन्स देकर बात की तो रेशमा बेनजीर ने शिखा एजुकेशनल एडवी सोरी सर्विश नियर पी.जी. कालेज कलकता पश्चिम बंगाल बुलाया और वहाँ प्राथी से रेशमा ने दिनांक 18. सितम्बर 2025 को पचास हजार -रुपये जमा कराया गया। इस के बाद रेशमा बेनजीर ने कहा की मेरी कालेज में काफी जान पहचान है। मैं हर हाल में एडमिशन करा देंगी। उनके विश्वास में आ गया। रेसमा बेनजीर अपने घर लेकर गयी और कहा कि आप लोग आज मेरे घर रुक जाइये और जैसा भी होता है मैं कल आप को बताती हैं। दूसरे दिन से कहा कि आज काम नहीं ही पायेगा आप घर जाइये जैसा भी होता है हम आपको फोन करके बुला लेंगे। इस पर अपने बेटी और साले के साथ गोंडा चला आया। दो तीन दिन बाद मोबाइल नम्बर पर काल करके रेशमा बेनजीर द्वारा छह लाख रूपया कालेज के डोनेशन के रूप माँगा और एडमीशन कराने का आश्वासन दिया। किसी तरह मांग बटोरकर पैसे का इन्तेजाम किया और रेशमा बेनजीर को पचास हजार रुपए अक्टूबर 2025 को आन लाइन भेजा फिर 9 अक्टूबर 2025 को अपने चचेरे आई शोएब पुत्र आजाद के खाते से भेजाया 9. अक्टूबर 2025 एक लाख रुपए आठ नंवबर 2025 को एक लाख रूपये 23. नवंबर 2025 को- बावन हजार रुपए 3 दिसंबर 2025 को पचास हजार रुपए 6 दिसंबर 2025 को पच्चीस हजार रूपये, 23 दिसंबर 2025 को 21 हजार 300 रुपये,24, दिसंबर 2025 को 11, हजार 230 रुपए। 29. दिसंबर 25 को 44, हजार 970 रुपये बीते 5 जनवरी को 50 हजार रुपए दिया 13जनवरी को कलेज के हस्टल के नाम पर 26 हजार, 300 रुपए लिया गया । मुझे शंका होने पर बीते 19 जनवरी को कालेज के वाइस चांसलर और एडमिशन हेड से मुलाकात किया तब पता चला कि बेटी का कोई भी फार्म कालेज को प्राप्त नहीं हुआ है और न ही किसी प्रोसेस में है। तब रेशमा बेनजीर से मोबाइल से सम्पर्क किया गया। छः लाख तीस हजार आठ सौ रुपये) माँगे तो बेनजीर ने बताया कि परेशान न हो बेटी का एडमिशन हरहाल में हो जायेगा। इस पर कहा कि मेरे पैसे वापस दे दो मुझे एडमिशन अब नहीं करवाना है।

# पीएसी जवानों का मोबाइल मेडिकल यूनिट ने किया निःशुल्क हेल्थ चेकअप



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** क्रिया हेल्थ केयर द्वारा जिले में संचालित एनएमएमयू द्वारा बुधवार को मुख्यालय 30 वीं वाहिनी पीएसी गोण्डा के 150 जवानों को मोबाइल मेडिकल यूनिट बैन 3 के कर्मियों ने बीआईपी ड्यूटी के तहत मुख्यालय पीएसी में पहुंचकर निःशुल्क हेल्थ चेकअप किया और दवाइयां बांटी।डॉ0 एसएन तिवारी ने सभी जवानों को चेकअप कर उचित सलाह दी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा 2018 में संयुक्त रूप से वैन का संचालन किया। दूरदराज के गरीब असहाय व आर्थिक तंगी से झेल रहे लोगों के लिए यह वरदान साबित हो रहा है।जिला प्रवेक्षक देवेंद्र पांडेय ने बताया कि गांवों में हेल्थ कैंप लगाकर निःशुल्क जांच और इलाज किया जाता है।

उन्होंने कहा कि मोबाइल मेडिकल यूनिट बैन में पांच स्टाफ की तैनाती की गई है। जिसमें एमबीबीएस डॉक्टर, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन, नर्स, पायलट मौजूद रहते हैं।

# ईवीएम वेयर हाउस का डीएम ने किया निरीक्षण




**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जिला निर्वाचन कार्यालय परिसर में स्थित इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण कर ईवीएम की सुरक्षा इत्यादि का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सी.सी.टी.वी. कैमरे क्रियाशील पाये गये तथा वेयर हाउस भवन मानक के अनुसार फायर एक्सटिंग्यूशर स्थापित पाये गये। इस अवसर पर सहायक अभियन्ता जल निगम आलोक व अवर अभि. संदीप कुमार जायसवाल तथा निर्वाचन कार्यालय से योगेश गंगवार मौजूद रहे।

# रंग बिरंगी अबीर गुलाल के साथ निकलेगी सतरंगी निशान शोभायात्रा

## गोण्डा में पहली बार बाबा श्याम को चढ़ेगा सूरजगढ़ का निशान




**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** एक दिवसीय कार्यक्रम को लेकर गोन्डा के श्री श्याम मंदिर में एक बैठक आयोजित हुई। बैठक श्री श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुरेश भावसिंहका के नेतृत्व में किया गया। जिसमें निशान शोभायात्रा और भजनों के कार्यक्रम को लेकर चर्चा एवं विचार व्यक्त किया गया। जिस पर श्याम प्रेमियों ने अपनी-अपने जिम्मेदारी संभाल लिया है। शुक्रवार को सुबह 8 बजे भव्य निशान शोभा यात्रा धूमधाम से रानी बाजार स्थित श्री राम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला से निकाली जाएगी जो अग्रसेन चौराहे से होते हुए साहबगंज नूरामल मंदिर होते हुए बड़गांव पुलिस चौकी से वापस घूमकर श्री श्याम मंदिर में बाबा खाटूश्याम जी के चरणों में निशान अर्पित कर आर्शीवाद प्राप्त करें गे। उसके बाद मंदिर प्रांगण में ही सायंकाल 6 बजे से फागुनी धमाल के साथ संकीर्तन शुरू होगा। जिसमें सुप्रसिद्ध भजन गायिका पायल अग्रवाल, वाराणसी से और भजन गायक शिवम - पारस दिल्ली से भजनों की हाजिरी लगाने बाबा खाटू श्याम के दरबार में हाजिरी लगाएंगे।ये जानकारी श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक गोविंद जालूका ने दी। और मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश भावसिंहका ने बताया कि गोन्डा में पहली बार राजस्थान प्रांत में स्थित सूरजगढ से निशान बनकर तैयार होकर आया है वह भी निशान शोभायात्रा में शामिल होगा। तैयारी पूरी कर ली गई है। बैठक में पुनीत बंसल, अजय अग्रवाल, आशीष भावसिंहका ,सुशील पचेरिया, गोविन्द जालूका, अरिहंत जैन, उत्कर्ष सिंघल, विमलेश सिंघल, नितेश मित्तल, संदीप भावसिंहका, अनूप बंसल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### बकाया पैसा न देने पर एमआर को पीटा

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** नगर कोतवाली क्षेत्र में रानी बाजार में एक मेडिकल स्टोर के दुकान दार एम आर कौशल तिवारी पुत्र ईश्वर शरण तिवारी परस पुर थाना के गांव डेहरास गांव निवासी को मार पीट कर घायल कर दिया गया। दुकान अंकुर गोयल का आरोप है कि जब ये एल कांप कंपनी में एम आर थे तभी इन को दवा का ऑडर दिया गया।जिस की कीमत 17 हजार रुपए का भुगतान भी किया गया था। अब ये नीलम मार्क कंपनी में एम आर है। पैसा मांगने पर दे नहीं रहे है। घटना की तहरीर नगर कोतवाली में दी गई है।

### इंटर के छात्रों की डिग्गी तोड़ कर आधा दर्जन से अधिक मोबाइल चोरी

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** इंटर की परीक्षा दे रहे आधा दर्जन से अधिक छात्रों की बाइक की डिग्गी तोड़ कर मोबाईल चोरी कर लिया गया। कोतवाली देहात के सोहंसा परसा विशुन पुर बैरिया निवासी चाद बाबू पुत्र साबिर अली आशिक अली पुत्र जाहिर एजाज अली पुत्र बकरीदी, कमरुद्दीन ने धानेपुर थाना में तहरीर दिया कि वह माता बदल इंटर कालेज में इंटर की परीक्षा देने आया था।बाइक को विद्यालय के बाहर खड़ी कर के परीक्षा केंद्र में चला गया।परीक्षा खत्म होने के बाद वापस लौटा तो डिग्गी टूटी हुई थी।उस में रखा मोबाइल गायब था। कोतवाली देहात के कपिसा गांव के निवासी रोहित कुमार पुत्र अनोखी लाल ने कोतवाली देहात में तहरीर दिया कि वह स्वामी विवेकानन्द इंटर कालेज में इंटर की परीक्षा देने गया था। परीक्षा देकर बाहर आया तो डिग्गी तोड़ के मोबाइल चुरा लिया गया।

### बाइक पर नाबालिग भर रहे फर्राटा दुर्घटनाओं में हो रहा इजाफा

**धानेपुर /गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** ओवर लोडिंगवाहनों से दुर्घटना मे आये दिन लोग शिकार हो रहे है नाबालिक बच्चों को तेजी से वाहनचलाते हुए देखा जा रहा है! मिली जानकारी के अनुसार डॉक् बंगले के पास एक ठेला वाले को बोलेरो पिकप ने जोर से टककरमार दिया जिससे पैर की हड्डी टूट गई! जिसका इलाज जिला अस्पताल मे चल रहा है!कोनिया बनकट के पास आनंद नगर रोड पर कार बाईक मे जोरदार टककर हो गई बाईक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया वंही मेघवा के भौकहवा मे गन्ना ट्राला और बोलेरो मे आमने सामने जोरदार भिंडत हो गई बोलेरो सड़क के किनारे गिर कर क्षति ग्रस्त हो गई !चालक आशाराम व लल्लू निवासी पटियाला ग्रंट बलरामपुर के बहुत बुरी तरह से जख्मी हो गये जिन्हे सी एच सी मुजेहना मे इलाज हुआ हालत अधिक खराब होने पर डॉक्टर ने रेफर कर दिया !अभी एक हफ्ता पूर्व काली मंदिर धानेपुर के सामने पूरब तरफ खडे करन नामक लडके को बाईक पर तीन लोग तेजी आकर ठोक दिया अधिक चोटे आई !सभी लडके नाबालिक थे !यदि देखा जाय तो कम उम्र के बच्चो को तेजी से बाईक चलाते है !जिससे घटनाये होती रहती है! स्थानीय प्रशासन और परिवहन विभाग इस पर अंकुश लगाने मे नाकाम साबित हो रहा है!



# कुड़वा डगरा के पास रफ्तार का खूनी तांडव

- पुलिया से भीषण भिड़ंत, दो जिंदगी मौत से जूझ रहीं



**मोतीपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

मिहींपुरवा क्षेत्र गुरुवार तड़के उस वक्त दहल उठा जब करीब तीन बजे एक बेलगाम रफ्तार कार ने कहर बरपा दिया। कुड़वा डगरा के पास तेज स्पीड से दौड़ रही चार पहिया गाड़ी अचानक अनियंत्रित हुई और पहले गहरे गड्ढे में धंसी, फिर जोरदार धमाके के साथ पुलिया से जा टकराई। टक्कर इतनी विस्फोटक थी कि वाहन लोहे के चिथड़ों में बदल गया।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार में सवार दो युवक शादी समारोह से लौटते हुए रूपईडीहा की ओर जा रहे थे। मोड़ पर चालक ने जैसे ही नियंत्रण खोया, रफ्तार ने विकराल रूप ले लिया। कुछ ही सेकंड में सब कुछ तबाह हो गया। हादसे की आवाज दूर तक गूंजी और आसपास के लोग दहशत में घरों से बाहर निकल आए। इस भीषण टक्कर में राहुल मिश्रा और संदीप पाठक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों वाहन में बुरी तरह फंसे हुए थे। स्थानीय लोगों ने जान जोखिम में डालकर उन्हें बाहर निकाला और तुरंत एंबुलेंस बुलवाई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी नाजुक हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

हादसे के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सड़क पर बिखरा मलबा और क्षत-विक्षत वाहन रफ्तार की भयावह सच्चाई बयां कर रहा था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

एक बार फिर लापरवाह रफ्तार ने दो परिवारों की खुशियों पर कहर बनकर हमला कर दिया।

# कब्रिस्तान कब्जे का विरोध कर रहे युवक पर हमला



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** कैसरगंज थाना क्षेत्र के वैराकाजी गांव में भारतीय स्टेट बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक मोहम्मद समाल पर बुधवार देर रात आठ लोगों ने हमला कर दिया। वह मस्जिद से तरावीह की नमाज पढ़कर लौट रहे थे।

हमले में गंभीर रूप से घायल समाल को कैसरगंज सीएचसी से लखनऊ रेफर किया गया है। समाल जब कोटवा मस्जिद से घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में उन पर धारदार हथियार से हमला किया गया। इस हमले में उनके पेट और जांघ पर गहरे घाव हो गए।

**गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज से लखनऊ रेफर, आज होनी थी गवाही**

आसपास के लोगों के पहुंचने पर हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस के अनुसार, मोहम्मद समाल कब्रिस्तान की जमीन पर किए गए कथित अवैध कब्जे का विरोध कर रहे थे। इसी मामले को लेकर उनकी इलाके के सफीउल्लाह नामक व्यक्ति से पुरानी रंजिश थी। इस कब्जे को हटाने संबंधी एक मुकदमे में आज हाईकोर्ट में समाल की गवाही होनी थी। इलाके के निवासी अफजल ने बताया कि रफी, सईद और इरफान सहित लगभग आठ लोगों ने यह हमला किया है।

स्थानीय लोगों ने फायरिंग होने का भी दावा किया है, हालांकि पुलिस ने फायरिंग की घटना से इनकार किया है। थाना प्रभारी राजेश शुक्ला ने जानकारी दी कि परिजनों की तहरीर के आधार पर सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

# कबाड़ गोदाम में लगी आग

- दमकल कर्मियों ने 30 मिनट में आग पर पाया काबू



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** देहात कोतवाली इलाके में स्थित त्रिमुहानी रोड पर गुरुवार सुबह एक कबाड़ के गोदाम में आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया, लेकिन दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर करीब 30 मिनट में इस पर काबू पा लिया। यह गोदाम त्रिमुहानी रोड पर अबरार नामक व्यक्ति का है। गुरुवार सुबह करीब 9 बजे उनके गोदाम से अचानक धुआं उठना शुरू हुआ। जब तक लोग कुछ समझ पाते, गोदाम में रखे प्लास्टिक के सामान और फोम में आग लग गई। आग की ऊंची लपटें देखकर आसपास के लोगों ने गोदाम मालिक को सूचना दी। सूचना मिलने पर गोदाम मालिक अबरार मौके पर पहुंचे और उन्होंने अग्निशमन विभाग को आग लगने की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही दमकल कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और त्वरित कार्रवाई करते हुए आग पर नियंत्रण पाया। अग्निशमन अधिकारी पुलकित चौधरी ने बताया कि आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। गोदाम मालिक अबरार ने कहा कि नुकसान का आकलन करने के बाद ही वास्तविक क्षति का पता चल पाएगा।

# जोगीरा में कवि ने सामाजिक विसंगतियों पर किया प्रहार

- होली पर पारंपरिक अंदाज में दिया हास्यपूर्ण और विचारोत्तेजक संदेश



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** इस वर्ष होली के अवसर पर एक अनूठा रंग देखने को मिला। युवा कवि सूरज त्रिवेदी ने पारंपरिक 'जोगीरा' के माध्यम से सामाजिक विसंगतियों पर तीखा किंतु हास्यपूर्ण प्रहार किया, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। कवि त्रिवेदी का मानना है कि होली केवल हुड़दंग और रंगों का पर्व नहीं, बल्कि समाज को जागृत करने और बुराइयों को समाप्त करने का भी अवसर है। 'जोगीरा सररररर' की पारंपरिक धुन के साथ, उन्होंने अपनी कविताओं में भ्रष्टाचार, बढ़ती महंगाई, डिजिटल दुनिया के कारण बढ़ती दूरियां और घटते आपसी भाईचारे जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों को उठाया। उनकी एक पंक्ति– 'बुरा न मानो होली है, पर सच कहना भी जरूरी है '–ने श्रोताओं को गुदगुदाया और साथ ही उन्हें सोचने पर विवश भी किया। कवि सूरज त्रिवेदी ने बताया कि जोगीरा और फगुआ जैसी लोक परंपराएं समाज की चेतना को जागृत करने का एक सशक्त माध्यम हैं। उनका तर्क है कि इन माध्यमों से जब सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार किया जाता है, तो वह बात सीधे लोगों के हृदय तक पहुंचती है। स्थानीय स्तर पर कवि की इस पहल की व्यापक सराहना हो रही है। सोशल मीडिया से लेकर ग्रामीण चौपालों तक उनके 'सामाजिक जोगीरा' की चर्चा है।

रंगों के त्योहार के साथ विचारों की शुद्धि का संदेश देकर उन्होंने होली को एक नई और सार्थक दिशा प्रदान करने का प्रयास किया है।

# एक्सपायरी खाद्य पदार्थों की बिक्री, बच्चों की सेहत से खिलवाड़

**समृद्धि न्यूज़, उतरौला (बलरामपुर)।** नगर क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में एक्सपायरी खाद्य पदार्थों की धड़ल्ले से बिक्री का मामला सामने आया है। खाने-पीने का सामान खरीदते समय उपभोक्ताओं द्वारा एक्सपायरी डेट न देखने की लापरवाही और दुकानदारों की मनमानी के कारण यह समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। खासकर स्कूली बच्चों और ग्रामीण उपभोक्ताओं को इसका सीधा नुकसान उठाना पड़ रहा है। कस्बे के प्रमुख चौराहों के साथ-साथ हासिम पारा, हुसेनाबाद, जाफराबाद, चमरूपुर, महदेइया बाजार, बकसरिया, पेहर बाजार सहित आसपास के बाजारों में नियमों को ताक पर रखकर एक्सपायरी सामान बेचे जाने की शिकायतें मिल रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि गुमटियों और छोटी दुकानों पर विशेष रूप से बिस्किट, दालमोट, चिप्स और कोल्ड ड्रिंक जैसे पैकेटबंद उत्पादों की बिक्री बिना एक्सपायरी जांच के की जा रही है।

# वकीलों के आक्रोश के आगे झुका प्रशासन, महसी एसडीएम हटाए गए



- श्री प्रकाश सिंह ने संभाला कार्यभार

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** तहसील महसी में वकीलों के एक महीने से चल रहे विरोध प्रदर्शन के बाद उपजिलाधिकारी आलोक प्रसाद का तबादला कर दिया गया है। शासन ने उन्हें महसी से हटाकर सदर बहराइच स्थानांतरित किया है। उनके स्थान पर पूर्व न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री प्रकाश सिंह को महसी का नया उपजिलाधिकारी नियुक्त किया गया है, जिन्होंने गुरुवार को पदभार ग्रहण कर लिया। बार एसोसिएशन महसी में एसडीएम आलोक प्रसाद के हटने पर खुशी का माहौल है, लेकिन अधिवक्ता अभी भी पूरी तरह संतुष्ट नहीं हैं। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया था कि निवर्तमान एसडीएम 'जातिवादी मानसिकता' से काम कर रहे थे। उन्होंने केवल स्थानांतरण ही नहीं, बल्कि उनके मानसिक स्वास्थ्य की जांच, 15 दिन के अनिवार्य इलाज और उनके कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार व भेदभाव की उच्चस्तरीय जांच की भी मांग की थी।बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने शासन-प्रशासन की मंशा पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि एक महीने तक कामकाज ठप रहने के बावजूद, शासन ने केवल स्थानांतरण की औपचारिकता पूरी की है। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि गंभीर आरोपों के बावजूद अधिकारी को जिले से बाहर भेजने के बजाय मुख्यालय (सदर) में तैनात करना जिला प्रशासन की मिलीभगत और उसकी भूमिका पर सवाल खड़े करता है। महसी की नई कमान संभालने वाले श्री प्रकाश सिंह के सामने वकीलों और तहसील प्रशासन के बीच विश्वास बहाल करना एक बड़ी चुनौती होगी। उन्होंने गुरुवार को कार्यभार संभालते ही कामकाज की समीक्षा शुरू कर दी है। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि नए एसडीएम के आने से महसी तहसील की कार्यप्रणाली में कितना सुधार आता है और क्या वकीलों की जांच संबंधी मांगें भविष्य में फिर से आंदोलन का रूप लेंगी।

# रमज़ान इबादत, तक़वा और सामाजिक हमदर्दी का पैग़ाम



**उतरौला (बलरामपुर)।** रमज़ान का मुक़द्दस महीना अपने आठवें रोज़े के साथ रूहानी फिज़ा को और गहरा कर रहा है। शहर की मस्जिदों में तरावीह की नमाज़, क़ुरआन की तिलावत और इफ़्तार की सामूहिक दुआओं का सिलसिला जारी है। उलेमा का कहना है कि यह महीना महज़ भूखे-प्यासे रहने का नहीं, बल्कि तक़वा (परहेज़गारी), सब्र और आत्म-सुधार का महीना है। जामिया मोईनिया के मौलाना हम्माद रज़ा ने कहा, 'रोज़ा इंसान को बुराइयों और गुनाहों से बचाता है। यह अपने नफ़्स पर क़ाबू पाने, सब्र करने और खुद का हिसाब लेने की मश्क है। अगर ज़बान झूठ, चुगली और बदजुबानी से नहीं रुकती, तो रोज़े की रूह अधूरी रह जाती है।' उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि रोज़ा अल्लाह की निगरानी के एहसास को मज़बूत करता है इंसान हर हाल में अपने रब के हुक्म की तामील करता है। उलेमा के मुताबिक़ रमज़ान का मक़सद आदतों और किरदार में सकारात्मक बदलाव लाना है नमाज़ की पाबंदी, क़ुरआन की तिलावत और बेहतर अख़लाक़ इसकी बुनियाद हैं। हदीस में रोज़े को 'ढाल' बताया गया है, जो इंसान को बुराइयों से बचाती है। सच्चे दिल से रखा गया रोज़ा ईमान को मज़बूत करता है और गुनाहों से दूरी पैदा करता है। रमज़ान भूख-प्यास के एहसास के ज़रिये समाज के कमज़ोर तबक़ों की तकलीफ़ समझने की सीख देता है। यही एहसास ज़कात और सदक़ा की तरफ़ प्रेरित करता है। नगर में कई स्थानों पर इफ़्तार का सामूहिक इंतज़ाम और ज़रूरतमंदों के लिए राशन वितरण जैसे प्रयास देखे जा रहे हैं, जिससे भाईचारे और सामाजिक एकता को बढ़ावा मिल रहा है। स्थानीय शिक्षकों और अभिभावकों का कहना है कि बच्चों को रोज़े की रूह समझाना ज़रूरी है सिर्फ़ भूखे रहना नहीं, बल्कि अनुशासन, समय प्रबंधन और दूसरों का ख़याल रखना सीखना भी इसका हिस्सा है। तरावीह और तिलावत में युवाओं की बढ़ती भागीदारी को सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि सहरी और इफ़्तार में संतुलित आहार लिया जाए, पर्याप्त पानी पिया जाए और अत्यधिक तला-भुना खाने से परहेज़ किया जाए, ताकि रोज़े के साथ सेहत भी बेहतर रहे। रमज़ान को केवल रस्म न बनाकर जीवन में वास्तविक बदलाव का ज़रिया बनाया जाए नमाज़ की पाबंदी, क़ुरआन की तिलावत, बेहतर अख़लाक़ और ज़रूरतमंदों की मदद के ज़रिये। दुआ है कि यह महीना हर घर में रहमत, बरकत और आपसी मोहब्बत लेकर आए।

# भारत की क्षमता को समझ रहे दुनिया के निवेशक : केशव

▸ उप मुख्यमंत्री की उन्नत रेल तकनीक व रक्षा क्षेत्र में सहयोग पर सार्थक पहल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जर्मनी प्रवास के दौरान विभिन्न औद्योगिक एवं निवेश संबंधी कार्यक्रमों में सहभागिता कर प्रदेश में वैश्विक निवेश आकर्षित करने और तकनीकी सहयोग को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की।

उप मुख्यमंत्री ने जर्मनी में सीईओ निशांत मित्तल से भेंट कर उनके अत्याधुनिक विनिर्माण संयंत्र का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्नत रेलवे ट्रैक प्रणालियों एवं कंक्रीट स्लीपर निर्माण की आधुनिक तकनीकों का अवलोकन किया गया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में तीव्र गति से विकसित हो रही रेल एवं आधारभूत संरचना परियोजनाओं में इस प्रकार की अत्याधुनिक तकनीकों का सहयोग अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा।

यह दौरा प्रदेश में आधुनिक अवसंरचना विकास एवं अंतरराष्ट्रीय औद्योगिक साझेदारी को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने न्यूरेम्बर्ग में आयोजित डिफेंस इन्वेस्टर्स कॉन्क्लेव एवं भारतीय प्रवासी सम्मेलन को भी संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने उत्तर प्रदेश के बदलते आर्थिक परिदृश्य और उभरते विकास मॉडल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रदेश आज निवेश-अनुकूल नीतियों, पारदर्शी शासन व्यवस्था और वैश्विक प्रतिस्पर्धा से युक्त औद्योगिक ढांचे के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है।उन्होंने कहा कि दुनिया के निवेशक भारत की क्षमता और संभावनाओं को समझ रहे हैं और उसकी सराहना भी कर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में वैश्विक निवेशकों के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभर रहा है।उप मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि हम सभी को देशहित, विकास एवं मानवता के कल्याण के लिए मिलकर कार्य करना होगा।

कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत', 'आत्मनिर्भर भारत' और 'विकसित भारत' के संकल्प को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देना होगा।

## मोहनलालगंज में पं. दीनदयाल उपाध्याय वृहद पशु आरोग्य मेला शिविर 28 को

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा सुरेश कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की प्राथमिकता परक योजनान्तर्गत जिलाधिकारी की अध्यक्षता में द 28 फरवरी को प्रातः 8 बजे से लखनऊ के मजरा गनियार ग्राम पंचायत भौंदरी ब्लॉक मोहनलालगंज में पं दीनदयाल उपाध्याय वृहद पशु आरोग्य मेला,शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जनपद के पशुपालकों को विभाग द्वारा विभिन्न सुविधा उपलब्ध करायी जायेगीं। डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि शिविर में रोगी पशुओं का अति विशिष्ट उपचार एवं औषधि वितरण, रोग ग्रस्त पशुओं की अल्ट्रासाउण्ड मशीन द्वारा जांच, पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान एवं बॉझपन समस्या का निवारण, पशुओं की लघु शल्य चिकित्सा, निःशुल्क पशु टीकाकरण, पशुपालकों को पशुओं के पशुधन बीमा की सुविधा तथा पशुपालकों को पशुओं की उन्नत तकनीक की वैज्ञानिकों द्वारा जानकारी दी जायेगी।

# ऊर्जा मंत्री ने की जनसुनवाई, नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण के दिये निर्देश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने अपने आवास पर जनसुनवाई कार्यक्रम में आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और अधिकारियों को त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। विद्युत कनेक्शन से संबंधित प्रकरण, विद्युत बिल में त्रुटि सुधार, सीवर लाइन की समस्याएं, नवीन निर्माण कार्यों की स्वीकृति, क्षतिपूर्ति भुगतान तथा स्थानीय जनसमस्याएं प्रमुख रूप से सामने आई।

श्री शर्मा ने कहा कि आम जनता की समस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण निर्धारित समयसीमा के भीतर किया जाए तथा निस्तारण की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। जनसुनवाई केवल औपचारिकता न होकर परिणामोन्मुखी होनी चाहिए, जिससे लोगों को वास्तविक राहत मिल सके।

विद्युत एवं नगर विकास से जुड़े मामलों में तकनीकी कारणों का हवाला देकर अनावश्यक विलंब न किया जाए। अधिकारी संवेदनशीलता के साथ नागरिकों की समस्याओं का समाधान करें, स्थलीय निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति का आकलन करें सरकार की मंशा है कि प्रत्येक नागरिक को मूलभूत सुविधाएं समय पर उपलब्ध हों और शिकायतों के समाधान में पारदर्शिता बनी रहे।जनसुनवाई के माध्यम से प्राप्त प्रकरणों की समीक्षा भी की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### मांगों को लेकर राष्ट्रवादी ड्राइवर यूनियन ने परिवहन आयुक्त कार्यालय घेरा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में गुरुवार को राष्ट्रवादी ड्राइवर यूनियन शक्ति के बैनर तले बड़ी संख्या में ड्राइवरों और वाहन मालिकों ने परिवहन आयुक्त कार्यालय का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पुरानी गाड़ियों पर लगाए जा रहे रोड टैक्स की पेनाल्टी को माफ करने और वन टाइम टैक्स नीति में संशोधन की मांग उठाई। यूनियन के पदाधिकारियों का कहना है कि आर्थिक तंगी और बदलते नियमों के चलते कई वाहन मालिक समय पर टैक्स जमा नहीं कर पा रहे हैं, जिसके कारण उन पर भारी पेनाल्टी लगाई जा रही है। उनका आरोप है कि यह व्यवस्था छोटे वाहन चालकों और मध्यम वर्गीय मालिकों पर अतिरिक्त बोझ डाल रही है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि वन टाइम टैक्स की वर्तमान नीति को चार भागों में विभाजित किया जाए, ताकि वाहन मालिकों को किस्तों में भुगतान की सुविधा मिल सके। यूनियन का कहना है कि इससे टैक्स जमा करने की प्रक्रिया आसान होगी और वाहन मालिकों को राहत मिलेगी। प्रदर्शन के दौरान यूनियन प्रतिनिधियों ने अपनी मांगों को लेकर अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### खाली प्लॉट में उगीं झाड़ियों में लगी आग धुएं से भरा सुशांत गोल्फसिटी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सुशांत गोल्फसिटी थाना क्षेत्र में स्थित शहीद पथ के किनारे गुरुवार दोपहर खाली प्लॉट में उगीं झाड़ियों में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और काफी दूर तक फैल गई। पूरे क्षेत्र में धुआं भर गया। आसपास के लोगों की सांस फूलने लगी। क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय निवासियों और राहगीरों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची। फॉयर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हवा तेज चलने की वजह से आग फैल गई। गनीमत रही कि आग की चपेट में आसपास स्थित मकान नहीं आए। आग लगने के कारणों की जानकारी नहीं हुई है।

### दो घरों में चोरी का खुलासा, दो नाबालिग सहित तीन चोर गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के मड़ियांव क्षेत्र में बंद घरों को निशाना बनाकर चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों में दो नाबालिग हैं। तीनों ऑटो से घूमकर रेकी करने के बाद घटना को अंजाम देते थे। आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के जेवरात और नकदी बरामद हुई है। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा ने बताया कि पुलिस टीमें गश्त पर थी इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि प्रधान मैरिज लॉन कट से बालाजी इन्क्लेव जाने वाले रास्ते पर तीन संदिग्ध व्यक्ति एक ऑटो में बैठे हैं। सूचना पर टीम रवाना हुई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने जैसे ही ऑटो को घेरकर रोकने की कोशिश की, उसमें बैठे लोग भागने का प्रयास करने लगे। घेराबंदी कर पुलिस ने ऑटो समेत तीनों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान हरिओमनगर नौबस्ता निवासी सोनू मौर्या (21) और दो नाबालिगों के रूप में हुई। पुलिस ने भागने की वजह पूछी तो गुमराह करने लगे। इसके बाद पुलिस ने कड़ाई की तो तीनों ने कबूल किया कि वे मड़ियांव क्षेत्र में बंद घरों की रेकी कर चोरी करते थे और इसी ऑटो से घूमते थे। ऑटो की तलाशी में दो पोटली में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नकदी बरामद हुई। आरोपियों के पास से 2 जेंट्स अंगूठी, 1 लेडीज अंगूठी, 1 मंगलसूत्र, 1 नथुनी, 1 जोड़ी पायजेब, 6 जोड़ी बिछिया, 1 सोने की चेन, 1 जोड़ी पायल और 18 हजार 240 नगदी बरामद हुई। आरोपियों ने बताया कि करीब 15 दिन पहले आईआईएम रोड के पास एक बंद घर में चोरी की दी। 6-7 दिन पहले बाल निकुंज इंटर कॉलेज के पास चोरी की थी। चोरी के कुछ जेवर उन्होंने राह चलते लोगों को सस्ते दाम में बेच दिए थे। चोरी का सामान बेचने से मिले रुपए को मौज मस्ती में उड़ा दिए।

### वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दिया नशा मुक्ति का संदेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहनलालगंज के अंश नगर, रानीखेड़ा स्थित एसडीवी अकैडमी में गुरुवार को वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने नशा मुक्ति पर आधारित एक प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत कर समाज को महत्वपूर्ण संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक और क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ चेयरमैन लवकुश यादव 'प्रधान' (मंडल अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षक संघ) ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अकादमिक अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि बच्चों में अच्छे संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी है। विद्यालय परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था। बच्चों ने स्वागत गीत, समूह नृत्य, देशभक्ति प्रस्तुतियों और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण नशा मुक्ति पर आधारित नाटक रहा। विद्यार्थियों ने समाज में फैल रही नशे की बुराई को सशक्त ढंग से प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है। बच्चों के दमदार अभिनय और संवाद अदायगी ने दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर दिया, और अंत में नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो का आह्वान गूंज उठा। समारोह के समापन पर, शैक्षणिक, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

# अगर उमाशंकर को कुछ हुआ तो एजेंसी जिम्मेदार : दिनेश प्रताप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



▸ बसपा विधायक उमाशंकर सिंह के घर पर आईटी रेड से भड़के मंत्री, उठाया सवाल

बीएसपी विधायक उमाशंकर सिंह के आवास पर बुधवार को इनकम टैक्स की रेड पड़ने से प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री दिनेश सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके राजनीतिक पारे को बढ़ा दिया है।

राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने इनकम टैक्स रेड की टाइमिंग पर सवाल खड़े किये हैं।राज्यमंत्री दिनेश सिंह ने केंद्रीय एजेंसी की कार्यशैली पर सवाल खड़े किये। उनका कहना है कि प्रधानमंत्री कार्यालय और गृहमंत्री अमेरिका में इलाज करवा रहे हैं और उसकी मॉनिटिरिंग कर रहे हैं। उमाशंकर सिंह कैंसर की चौथी स्टेज के कैंसर की बीमारी से लड़ रहे हैं। एजेंसी को ऐसे वक्त कार्यवाही से बचना चाहिए था।

कार्यवाही से अगर उनको कुछ होता है तो उसकी जिम्मेदार एजेंसी होगी।इस वक्त वो अपनी बेटी के साथ खड़े है मेरी पोस्ट का कोई राजनीतिक मायने न निकाले जाये।

मंत्री दिनेश सिंह ने आयकर विभाग की छापेमारी के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया। उन्होंने लिखा, मेरी बेटी उमाशंकर सिंह के घर व्याही है, जहां आज उनके घर पर रेड की जा रही है। दो साल से ज्यादा समय से वे जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। इस हालत में उनका सारा समय और पैसा कमाने में नहीं बल्कि जिंदगी बचाने में खर्च हो रहा है। कारोबार ठप हैं।

विधायक उमाशंकर सिंह बलिया जिले की रसड़ा सीट से बसपा विधायक हैं। वे कैंसर से पीड़ित हैं और पिछले दो साल से इलाज करा रहे हैं। अभी वे अपने घर पर आइसोलेशन में हैं और विधानसभा सत्र में भी नहीं आ पा रहे। मंत्री ने आरोप लगाया कि छापेमारी के दौरान डॉक्टर या नर्स को भी घर में घुसने नहीं दिया गया। अगर उनकी जान को खतरा हुआ तो ये संस्थाएं जिम्मेदार होंगी। बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी इस कार्रवाई को बहुत दुखद और अमानवीय बताया। उन्होंने कहा कि उमाशंकर सिंह ने बसपा जॉइन करने के बाद पूरी ईमानदारी से काम किया। कोई शिकायत नहीं थी कि उन्होंने गलत तरीके से संपत्ति बनाई हो। अगर कोई शिकायत थी तो स्वास्थ्य को देखते हुए उनके ठीक होने के बाद पूछताछ की जा सकती थी।

### बीजेपी को खुश रखोगे तो कभी छापा नहीं पड़ेगा : अखिलेश



सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सवाल उठाया कि आयकर विभाग को छापेमारी कहां करनी है, ये कौन तय करता है? उन्होंने कहा कि बीजेपी को खुश रखोगे तो कभी छापा नहीं पड़ेगा। बीजेपी के लोग ऐसे छापों से बच जाते हैं।

# दारूल इफ्ता फरंगी महल का ऐलान, 70 रुपेय प्रति व्यक्ति सद्का फित्र अदा करें

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



दारूल इफ्ता वल कज़ा दारूल उलूम फरंगी महल के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फ़रंगी महली इमाम ईदगाह लखनऊ ने अपने बयान में कहा कि इस्लामी शरीअत के साफऔर खुला आदेश है कि वह ईमान वाले जिनको उनके खालिक म मालिक ने माल व दौलत से नवाजा है वह आर्थिक तौर पर कमजोर, जरूरतमन्द और गरीब बन्दों की हर मुमकिन सहायता करें। मालदार मुसलमानों पर हर साल जकात, सद्का फ़ित्र, और कुर्बानी के आदेश इस बात का खुला हुआ सुबूत हैं। उन्होने कहा कि सद्का फित्र अदा करने का हुक्म इस्लामी शरीअत ने इस लिए दिया है कि जिन खुशकिस्मत मुसलमानों ने रमजान माह के रोजों को पूरा कर लिया है वह ईद की नमाज से पहले गरीब मुसलमानों की मदद करें ताकि वह ईद की खुशियों में शरीक हो सकें। मौलाना खालिद रशीद ने कहा कि फित्र: एक वाजिब सद्का है। यह उस मुसलमान पर वाजिब होता है जो निसाब का मालिक हो चाहे वह मुसाफ़िर यो या मुकीम, औरत हो या मर्द, नाबालिग हो या बालिग। मौलाना खालिद रशीद ने कहा कि हदीस शरीफमें खुजूर, किशमिश, गेहूँ आटा, जौ और दही या पनीर से सद्का फ़ित्र निकालने का हुक्म है। इस लिए जो लोग खुजूर, जौ और किशमिश में से सद्का फ़ित्र अदा करें तो वह इन चीजों में से किसी एक चीज़ से साढ़े तीन किलो या उसकी कीमत दे दें। उन्होने कहा कि जो हजरात गेहूँ से सद्का अदा करें तो वह एक किलो पॉच सौ नव्वे ग्राम या उसकी कीमत कम से कम 70 रूपये प्रति व्यक्ति अदा करें।

# अभिनव भारत पार्टी के अधिवेशन में जुटे देश के साधु-संत



▸ उत्तर प्रदेश के चुनावी मैदान में उतरेगी पार्टी : चेतन शर्मा

▸ वीर सावरकर को भारत रत्न नहीं देना चाहती केन्द्र सरकार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

क्रान्तिकारी स्वातंत्र्य वीर विनायक दामोदर सावरकर की पुण्यतिथि पर आज यहां इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित हुये अभिनव भारत पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन में अगले वर्ष उत्तर प्रदेश में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में उतरने की घोषणा करते हुए कहा है कि केन्द्र सरकार वीर सावरकर को भारत-रत्न देने के लिये गंभीर नहीं है। अधिवेशन में पार्टी के सर्वसम्मति से नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष चेतन शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि वीर सावरकर ने अपने युवावस्था में ही अभिनव भारत संगठन की स्थापना कर पराधीन भारत में क्रांति की ज्वाला प्रज्वलित की थी, उन्होंने केवल स्वतंत्रता का स्वप्न नहीं देखा बल्कि उसके लिये काल कोठरी में अमानवीय यातनाएं सही। अंडमान की सेल्युलर जेल की दीवारें आज भी उस तप, त्याग और तेज की साक्षी है, ऐसे व्यक्तित्व को लेकर संघ प्रमुख मोहन भागवत भी वीर सावरकर को भारत रत्न दिये जाने को लेकर कह चुके है कि सावरकर के योगदान को देखते हुए यदि उन्हें भारत-रत्न मिलता है तो इससे भारत-रत्न का सम्मान होगा। श्री शर्मा ने बताया कि अभिनव पार्टी ने पिछले वर्ष वीर सावरकर को भारत-रत्न दिलाने की मांग को लेकर देशभर में सावरकर सम्मान यात्रा निकालकर देश की राष्ट्रपति के नाम संबोधित आठ सौ ज्ञापन देश के विभिन्न हिस्सों से दिये गये, लेकिन इसके बावजूद केन्द्र सरकार इस संबंध में कोई विचार नहीं कर रही है, इसके लिये पार्टी निरंतर संघर्ष करती रहेगी। श्री शर्मा ने अधिवेशन में पारित प्रस्तावों को लेकर कहा कि देश में गाय की सुरक्षा के लिये माता का दर्जा देने के साथ-साथ उसे राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाये, तभी जाकर देश में गाय माता को बचाया जा सकता है। गौ माता को राष्ट्रीय पशु का दर्जा केवल भावनात्मक निर्णय नहीं होगा बल्कि यह एक ठोस कानूनी संरक्षण का मार्ग प्रशस्त होगा। उत्तर प्रदेश विधानसभा के आगामी चुनाव को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चेतन शर्मा ने कहा कि अभिनव भारत पार्टी राज्य के चुनावी रणभूमि में उतरने के लिये पूरी तरह तैयार है, और लगभग तीन सौ सीटों पर प्रत्याशी उतारने की तैयारी है। चुनावी रणनीति को लेकर अभिनव भारत पार्टी जल्द ही अन्तिम रूप देकर उत्तर प्रदेश के चुनावी मैदान में उतर जायेगी। इस मौके पर प्रमुख रूप से मालेगांव मामले में बरी हुये मेजर रमेश उपाध्याय, पार्टी की राष्ट्रीय महामंत्री ममता झा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. नीलेन्द्र गौतम, श्रीमती चित्रा दलाल, स्वरूपानंद महाराज के शिष्य त्रिभुवन दास, कार्तिक गिरी, सर्वेश मिश्रा, महामंडलेश्वर अमरेशानन्द गिरी सहित देशभर से आये पार्टी के कार्यकर्ता एवं प्रतिनिधि मौजूद थे।

# लखनऊ सिविल कोर्ट में पिस्टल-कारतूस समेत दो गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



लखनऊ सिविल कोर्ट परिसर से 2 युवकों को पिस्टल और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। इनमें से एक आरोपी का केस एनआईए कोर्ट में चल रहा है। पुलिस ने दोनों से पूछताछ कर रही है। कोर्ट परिसर में हथियार ले जाने की मंशा अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। पुलिस के अनुसार भानु प्रताप यादव राजाजीपुरम इलाके का रहने वाला है। उसका एक मामला एनआईए कोर्ट में विचाराधीन है। गुरुवार को वह कचहरी परिसर में प्रवेश करते समय गेट नंबर-8 पर रोका गया।

तलाशी के दौरान उसके पास से फैक्ट्री मेड .32 बोर पिस्टल और चार जिंदा कारतूस बरामद हुए। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों के मुताबिक वह नशे में था और उसके पास एक ब्रीफकेस भी मिला।

प्रारंभिक पूछताछ में उसने पिस्टल को लाइसेंसी बताया, लेकिन मौके पर कोई वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। दूसरा आरोपी लालचंद अमन विहार, ठाकुरगंज क्षेत्र का निवासी है। वह भानु प्रताप यादव के साथ कचहरी परिसर पहुंचा था। पुलिस ने दोनों को एक साथ हिरासत में लिया। फिलहाल पुलिस यह जांच कर रही है कि लालचंद की भूमिका क्या थी और वह किस उद्देश्य से भानु प्रताप के साथ न्यायालय परिसर आया था।

कोर्ट परिसर जैसे संवेदनशील क्षेत्र में पिस्टल और कारतूस के साथ युवकों का पकड़ा जाना सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है। हालांकि पुलिस का कहना है कि नियमित चेकिंग और सतर्कता के कारण ही दोनों को समय रहते पकड़ लिया गया। दोनों युवकों को संबंधित थाने ले जाया गया है, जहां उनसे गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि कोर्ट परिसर में हथियार ले जाने के पीछे उनकी क्या मंशा थी। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि हथियार लाइसेंसी है या अवैध।

# लाल बारादरी सील किए जाने के विरोध में परिवर्तन चौक पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों से पुलिस की नोकझोंक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**




लखनऊ विश्वविद्यालय स्थित लाल बारादरी सील किए जाने के विरोध में बापसा, भाकपा माले और आइसा के छात्रों ने आज जोरदार प्रदर्शन किया। विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शन पर रोक होने के कारण परिवर्तन चौक से स्वास्थ्य भवन चौराहे तक पैदल मार्च निकाला। मुस्लिम समाज के लोग भी इसमें शामिल हुए। डीएम ऑफिस जाने पर अड़े प्रदर्शनकारियों की पुलिस से तीखी नोकझोंक हुई। सिटी मजिस्ट्रेट ज्ञान गुप्ता ने स्वास्थ्य भवन चौराहे पर ही पहुंचकर उनका ज्ञापन लिया। इसके बाद प्रदर्शन खत्म हुआ। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का अड्ड्डा बना दिया गया है। संघ प्रमुख मोहन भागवत के कार्यक्रम के बाद लाल बारादरी सील किया गया है। इसके पहले 25 फरवरी की रात तौकील गाजी ने इस संबंध में एक वीडियासे जारी किया था। उसमें कहा था कि लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने लाल बारादरी पर ताला लगा दिया है। इसके खिलाफ हम लोगों ने विश्वविद्यालय में लगातार 2 दिन तक धरना दिया। विश्वविद्यालय प्रॉक्टर ने बातचीत करके 2 दिनों का समय मांगा था, लेकिन वह बीत गया। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से ताला खोलने को लेकर कोई नोटिस नहीं जारी किया गया। न ही दोबारा कोई बातचीत की गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने 25 फरवरी को नोटिस जारी करके परिसर में किसी भी तरह का धरना-प्रदर्शन और अन्य गतिविधियों पर रोक लगा दिया है।

## नगर निगम में बड़ा खुलासा

### 23 अफसरों पर गिरी गाज, फर्जी निस्तारण का घोटाला उजागर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में नगर निगम से जुड़ा एक बड़ा प्रशासनिक खुलासा सामने आया है। लखनऊ नगर निगम के 23 अधिकारियों पर 300 से अधिक शिकायतों के फर्जी निस्तारण का आरोप लगा है। मामले के सामने आने के बाद निगम में हड़कंप मच गया है। जांच में पता चला है कि कई मामलों में बिना काम किए ही सड़क मरम्मत पूरी दिखा दी गई।

सीवर लीकेज की शिकायतें भी कागजों में निपटा दी गईं, जबकि जमीनी स्तर पर समस्याएं जस की तस बनी रहीं। हाउस टैक्स और प्रॉपर्टी म्यूटेशन से जुड़े मामलों में भी भारी अनियमितताएं उजागर हुई हैं। शिकायतों का समाधान दिखाकर फाइलें बंद कर दी गईं, जबकि संबंधित नागरिकों को राहत नहीं मिली। मुख्य सचिव के निर्देश के बाद जांच में तेजी आई।

नगर आयुक्त गौरव कुमार ने सभी 23 अधिकारियों को नोटिस जारी कर दो दिनों के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। जोनल अधिकारियों से लेकर चीफ इंजीनियर और एक्सईएन स्तर के अधिकारी भी जांच के घेरे में हैं। विशाख जी के पत्र के बाद मामले में कार्रवाई की रफ्तार और तेज हो गई। फर्जी निस्तारण की विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है और दोषी अधिकारियों की सूची अंतिम चरण में बताई जा रही है।

नगर निगम शासन को विस्तृत रिपोर्ट भेजने की तैयारी में है। शहर में प्रशासनिक सख्ती के बीच बड़े फेरबदल के संकेत भी मिल रहे हैं।

## सहूलियत | यूआईडीएआई ने मैप्स पर अधिकृत आधार केंद्रों को प्रदर्शित करने के लिए गूगल के साथ की साझेदारी

# अब अधिकृत आधार केंद्रों तक पहुंच होगी आसान

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने गूगल मैप्स पर अधिकृत आधार केंद्रों को प्रदर्शित करने के लिए गूगल के साथ साझेदारी की है। इस पहल से देश भर के निवासियों के लिए अधिकृत आधार केंद्रों तक पहुंच में आसानी होगी और सुविधा में बढोत्तरी होगी।

इस पहल से नागरिकों को आधार केंद्रों की पहचान करने में सहायता मिलेगी। साथ ही वयस्क नामांकन, बाल नामांकन या केवल पता और मोबाइल नंबर अपडेट जैसी सेवाओं से संबंधित केन्द्रों की सटीक जानकारी उपलब्ध होगी। इसके अलावा, केंद्र की सुगमता से संबंधित जानकारी, जैसे दिव्यांग-अनुकूल बुनियादी ढांचा, पार्किंग सुविधा की उपलब्धता और संचालन समय संबंधी जानकारी को प्रदर्शित किया जाएगा जिससे नागरिकों को और अधिक सुविधा मिलेगी। यह सुविधा आने वाले महीनों में उपलब्ध होने की आशा है।

इस सहयोग का उद्देश्य जनसुविधा को बढ़ाना, गलत सूचनाओं से बचना और यह सुनिश्चित करना है कि नागरिकों को देशभर में अत्याधुनिक आधार सेवा केंद्रों (एएसके) सहित 60,000 से अधिक आधार केंद्रों तक निर्बाध पहुंच प्राप्त हो। इससे यह सुनिश्चित होगा कि जब उपयोगकर्ता गूगल मैप्स पर खोज करेंगे, तो उन्हें सत्यापित आधार केंद्रों तक निर्देशित किया जाएगा।




यूआईडीएआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री भुवनेश कुमार ने कहा कि यूआईडीएआई का उद्देश्य हमेशा आधार नंबर धारकों के जीवन में सुगमता लाने पर केंद्रित रहा है। यह सहयोग सुनिश्चित करेगा कि अधिकृत आधार केंद्रों तक पहुंच अब आसान, तेज और अधिक पारदर्शी होगी।

सहयोग के अगले चरण में, यूआईडीएआई केंद्र की जानकारी को प्रबंधित करने और लोगों की प्रतिक्रिया का सीधे जवाब देने के लिए गूगल बिजनेस प्रोफाइल का उपयोग करेगा, जिससे एक पारदर्शी और उत्तरदायी सेवा प्रणाली सुनिश्चित होगी।

भविष्य में, यह साझेदारी गूगल मैप्स इंटरफेस के माध्यम से सीधे अपॉइंटमेंट बुकिंग की संभावनाओं का पता लगाएगी, जिससे निवासियों को अपनी यात्राओं की योजना और भी अधिक कुशलता से तय करने में मदद मिलेगी।

गूगल इंडिया की रणनीतिक साझेदारी की कंट्री हेड सुश्री रोली अग्रवाल ने कहा कि यूआईडीएआई के साथ मिलकर सत्यापित आधार केंद्रों को एकीकृत करने से, हम लाखों निवासियों के लिए भरोसेमंद सेवाओं को विश्वास के साथ ढूंढना आसान बना रहे हैं और आवश्यक सरकारी बुनियादी ढांचे और उन लोगों के बीच के अंतर को पाट रहे हैं जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है।

# मानव सम्पदा पोर्टल पर अपलोड करें जानकारी

▸ संपत्ति विवरण न देने वाले कर्मचारियों पर होगी विभागीय कार्रवाई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मानव सम्पदा पोर्टल पर सम्पत्ति का विवरण न देने वाले 47 हजार 816 कर्मचारियों को राहत देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने अंतिम मौका दिया है।

मुख्य सचिव एसपी गोयल की तरफ से गुरुवार को सभी एसीएस और प्रमुख सचिवों सहित विभागाध्यक्षों और मण्डलायुक्तों को आदेश जारी कर 10 मार्च तक अपलोड कराने के निर्देश दिया हैं।

आदेश के मुताबिक कर्मचारियों को 31 जनवरी तक सम्पत्ति का विवरण देना था। गोयल द्वारा जारी शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित अवधि तक संपत्ति का विवरण दर्ज न करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। ऐसे कर्मचारियों की पदोन्नति पर विचार नहीं किया जाएगा, उन्हें एसीपी (एसीपी) का लाभ नहीं मिलेगा तथा विदेश यात्रा और प्रतिनियुक्ति के लिए विजिलेंस क्लियरेंस भी नहीं दी जाएगी। इसके साथ ही यदि किसी आहरण-वितरण अधिकारी द्वारा बिना संपत्ति विवरण अपलोड किए कर्मचारियों का वेतन जारी किया गया है, तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

शासन ने यह भी निर्देश दिया है कि जो कर्मचारी 10 मार्च तक मानव सम्पदा पोर्टल पर अपनी संपत्ति का विवरण दर्ज कर देंगे, उन्हें जनवरी और फरवरी 2026 का वेतन भुगतान कर दिया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### मां की डांट से आहत युवती फांसी पर लटकी

**तिलहर-शाहजहांपुर।** मां से कहासुनी होने पर युवती ने फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बुधवार रात 10 बजे नगर के मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी रमेश कश्यप पुत्री ललिता कुमारी 18 को मां सुदामा देवी ने किसी लड़के से बात करते हुए देख लिया। इसी बात को लेकर मां बेटी में कहां सुनी हो गई। आवेश में ललिता ने कमरे में छत के कुंडे से फांसी लगा ली। गंभीर हालत में युवती को परिजन नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने लड़की को मृत घोषित कर दिया । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपनी कार्यवाही कर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

### मंडी सचिव ने अवैध मूंगफली दाने पर किया जुर्माना

तिलहर-शाहजहांपुर। लाखों रुपए कीमत का मूंगफली दाना प्राइवेट बस से दिल्ली जाते हुए मंडी सचिव शिवेंद्र प्रताप सिंह ने पकड़ लिया। उन्होंने व्यापारी पर हजारों रुपए का जुर्माना लगाया। बाईपास पर अवैध रूप से प्राइवेट बसों का संचालन काफी समय से हो रहा है। इन बसों से दिल्ली तथा दिल्ली से तिलहर बिना टैक्स के भारी मात्रा में सामान आने की चर्चा आम रहती है। बुधवार की रात मंडी सचिव शिवेंद्र प्रताप सिंह ने टीम के साथ दिल्ली जा रही प्राइवेट बस की चेकिंग की गई जिसमें अवैध रूप से लगभग 22 कुंतल मूंगफली दाना पकड़ा गया। मंडी सचिव शिवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि हरदोई के पिहानी निवासी शमसुद्दीन बिना टैक्स जमा किए हुए लगभग डेढ़ लाख रुपए से अधिक का मूंगफली दाना दिल्ली ले जा रहे थे। उन्होंने बताया कि व्यापारी पर 24849 का जुर्माना कर वसूला गया।

### कार ने बाइक में मारी टक्कर, ग्राम विकास अधिकारी समेत दो लोग घायल

**पुवायां, शाहजहांपुर।** गुरुवार को नगर के मोहल्ला कुरगंजा निवासी ग्राम विकास अधिकारी प्रमोद कुमार वर्मा पुवायां से खुटार ब्लॉक में ड्यूटी के लिए बाइक जा रहे थे। तो वहीं उनका भतीजा धीरज अपने निजी काम से साथ में खुटार जा रहा था। जैसे ही पुवायां से खुटार रोड पर बसखेड़ा बुजुर्ग मोड़ के पास बाइक पहुंची तभी खुटार की तरफ से आ रही कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ग्राम विकास अधिकारी व उनका भतीजा गंभीर घायल हो गए तो वहीं मौका पाकर कार चालक मौके से फरार हो गया। टक्कर लगने से दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजन अपने निजी वाहन के द्वारा घायलों को पुवाया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने हालत गंभीर बताते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### दुर्घटना की कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**कांट, शाहजहांपुर।** न्यायालय के आदेश पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। थाना क्षेत्र के गांव औदापुर निवासी गुलाब ने न्यायालय में बाद दायर कर बताया कि 1 दिसंबर 2025 को मोटरसाइकिल से कांट से अपने घर अपने पुत्र अंशु के साथ आ रहा था। मोटरसाइकिल को अपनी साइड पर धीरे-धीरे चलाकर करीब शाम 4:00 बजे जैसे ही मदनापुर रोड स्थित बैंक ऑफ बडोदा पर पहुंचा। एक कार चालक ने लापरवाही पूर्वक गलत दिशा से सामने से आ कर टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सहित सड़क के किनारे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। बेटा अंशु भी सड़क किनारे जाकर गिरा। मामूली चोटें आई। जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक दिन इलाज होने के उपरांत उसे प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। कुछ ठीक हो जाने के बाद थाने पर गया और तहरीर दी परंतु पुलिस ने कोई कार्यवाई नहीं की। 20 जनवरी 2026 को पुलिस अधीक्षक से शिकायत की। लेकिन कोई कार्यवाई नहीं होने पर 22 जनवरी 2025 को प्रार्थना पत्र डाक द्वारा पुलिस अधीक्षक से शिकायत की। उसके उपरान्त भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिस कारण मजबूर होकर न्यायालय की शरण में पहुंचा। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### 11वें दिन लापता युवक का शव बरामद, सीओ ने किया घटना का मौका मुआयना



**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर सियूरा मोड़ के सामने आम के बाग के पास कूड़े में एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान हसमत अली उर्फ मुन्ना (42 वर्ष) पुत्र रहमत अली निवासी मोहल्ला आतिशबाजन कस्बा कटरा के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी तिलहर ज्योति यादव और थाना प्रभारी अवधेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने शव के पास से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार मृतक हसमत अली उर्फ मुन्ना कस्बा कटरा के मवेशी अस्पताल में चपरासी के पद पर कार्यरत थे। बीते 16 फरवरी 2026 की सुबह रोज की तरह मवेशी अस्पताल में ड्यूटी करने गए थे लेकिन देर रात तक घर वापस न आने पर परिजनों चिंता हुईं। तब अगली सुबह अस्पताल में जाकर जानकारी ली तब पता चला कि कल ड्यूटी आए थे लेकिन आज ड्यूटी नहीं आए। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन हसमत अली का कहीं पता नहीं चल सका। 18 फरवरी 26 को कटरा थाने में उसकी गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराई गई थी। करीब ग्यारह दिन बाद आज 26 फरवरी 2026 को हसमत अली का शव राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे कचरे में मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी नाजिस उर्फ गुड्डी और एक पुत्र अलफ़ैज़ को रोता-बिलखता छोड़ गया है। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्राधिकारी तिलहर ज्योति यादव ने पुष्टि करते हुए बताया राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे एक शव मिला जिसकी पहचान हसमत अली के रूप में हुई परिजनों को मौके पर आ गए।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है आगे की कार्यवाही पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम को दिया ज्ञापन

**पुवायां, शाहजहांपुर।** किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू (आराजनैतिक) गुट के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन दिया साथ ही कहा अगर समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन करेंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक गुट के कार्यकर्ताओं ने किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम चित्रा निर्वाल को ज्ञापन सौंपा। दिए हुए ज्ञापन में कार्यकर्ताओं में बताया कि पुवायां तहसील में भू माफियों की दबंगई सीमा चरम पर है नगर पंचायत बण्डा में किसान बलविंदर सिंह पुत्र सुच्चा सिंह दबंगो द्वारा बलविंदर सिंह की पत्नी लवप्रीत कौर के नाम आवासीय प्लाट रजिस्ट्री हुई थी। लेकिन उसी प्लाट पर भू माफिया का कब्जा है। जल्द ही उसका कब्जा हटवाया जाए नही तो उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने बालों में प्रदेश उपाध्यक्ष मनजीत सिंह धालीवाल, मंडल सचिव वागेश पाण्डेय, तहसील अध्यक्ष वृजेश पाण्डेय, अजनीस कुमार, निरंकार सिंह, रजनीश पाल, दलजीत सिंह, बलविंदर सिंह, सतनाम सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### विधायक अरविन्द सिंह ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया शुभारंभ, 300 मरीजों की हुई जांच



**कांट, शाहजहांपुर।** ग्राम पंचायत मीरवैश्यपुर शिविर में वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज की चिकित्सक टीम ने पहुंचकर ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। करीब 300 मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया। साथ ही मरीजों को निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं, जिसकी व्यवस्था विधायक अरविन्द कुमार सिंह द्वारा कराई गई।अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य निरंतर जारी हैं। उन्होंने बताया कि गौशालाओं का निर्माण, खड़ंजा व पुलियों का निर्माण कार्य पूर्ण कराया जा चुका है तथा जल्द ही प्रत्येक गांव में बरात घर निर्माण की योजना पर कार्य शुरू किया जाएगा।इस दौरान विधायक ने मौजूद ग्रामीणों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान का भरोसा दिलाया वही ब्लाक प्रमुख श्रीदत्त शुक्ला ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार गरीब कमजोर भूमिहीन को आवास की सुविधा देने के तत्पर है अगर कोई व्यक्ति आवास से वंचित रह जाए वह तत्काल अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराकर मुझे या विधायक जी को अवगत कराये हर संभव मदद की जाएगी उन्होंने कहा कि विधायक जी ने किसानो को आवारा गोवंशों से निजात दिलाने के लिए वृहद गौशालाओं का निर्माण कराया है कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सत्यपाल सिंह, विमल वाजपेयी, शिवप्रताप सिंह, अभय प्रताप सिंह, नागेंद्र सिंह, सुशील भदौरिया, उपेंद्र सिंह, हरिशंकर शुक्ला सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक रतन सिंह मंडल महामंत्री ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया।

---

**श्री रामचन्द्र मिशन आश्रम में 'बसंत उत्सव के चौथे चरण का तीसरा दिन**

# ध्यान से सहनशक्ति और सही समझ विकसित होती है: कमलेश दाजी

- देश-विदेश से आए हजारों अभ्यासियों ने की ध्यान साधना

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



श्रीराम चन्द्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडिटेशन के वैश्विक मार्गदर्शक पूज्य कमलेश डी. पटेल 'दाजी' के सान्निध्य में राम चन्द्र मिशन आश्रम में आयोजित बसंत उत्सव-2026 के चौथे चरण के तीसरे दिन आज सुबह कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक ध्यान साधना से हुआ। देशदूविदेश से पधारे हजारों अभ्यासियों ने एकात्म भाव से ध्यान साधना कर मानव कल्याण एवं विश्व शांति की कामना की। श्री रामचंद्र मिशन आश्रम की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने तथा मिशन के आदि गुरु लालाजी महाराज की 153वीं जयंती पर आयोजित बसंत उत्सव के अवसर पर दाजी ने समापन पर साधकों को प्रेम, करुणा और सेवा की भावना विकसित करने का संदेश दिया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि ध्यान क्या है पहले हमें यह समझना है।जिस वाहन से हम अंतिम प्रज्ञा तक पहुंच सकते हैं उसका नाम ध्यान है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि प्रतिदिन ध्यान करें, ईर्ष्या त्यागें, और अपने हृदय को दिव्य प्रेम से भरें। उन्होंने बताया कि ध्यान से सहनशक्ति और सही समझ विकसित होती है। आज के ध्यान सत्र में ददरौल, कांट, भावलखेड़ा, और सिंधौली विकासखंडों के लगभग 100 से अधिक ग्राम प्रधान शामिल हुए और ध्यान साधना की। आयोजन को सफल बनाने में मिशन के सचिव उमाशंकर बाजपेई, कान्हा आश्रम प्रबंधक विनीत राणावत, ए.के. गर्ग, राज गोपाल अग्रवाल, श्री गोपाल अग्रवाल, सुयश सिन्हा, कृष्णा भारद्वाज, ममता सिंह, उमेश श्रीवास्तव, संजय मिश्रा, माया सिंह, डा. प्रसन्न कुमार, डा. एच के सिंह, डा. अभिनव सक्सेना, के एम त्रिपाठी, सहित अनेक अभ्यासियों योगदान रहा।

### केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने दाजी से की मुलाकात, किया ध्यान

**शाहजहांपुर।** श्रीरामचंद्र मिशन आश्रम में चल रहे बसन्त उत्सव में मिशन से जुड़े देश विदेश के हजारों अभ्यासियों ने शाहजहांपुर की पुण्यधरा पर पहुंचे और ध्यान साधना कर आध्यात्मिक उन्नति और विश्व शांति की कामना की। इसी के साथ शहर के गणमान्य लोग भी आश्रम पहुंच रहे हैं। प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री स्वामी चिन्मयानंद के बाद आज केंद्रीय मंत्री और पीलीभीत के सांसद जितिन प्रसाद ने आश्रम पहुंच कर दाजी से मुलाकात की और रामचंद्र मिशन की बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस मौके पर दाजी ने शाहजहांपुर आश्रम की पचास वर्षों की यात्रा का फोटो संकलन मंत्री जी को भेंट किया। मंत्री जितिन प्रसाद के साथ मिशन के संयुक्त सचिव अर्जुन अग्रवाल, संजय सहगल, भूपेंद्र सिंह, माधो गोपाल अग्रवाल मौजूद रहे।नगर निगम शाहजहांपुर की महापौर अर्चना वर्मा ने भी दाजी से मुलाकात की और सामूहिक ध्यान सत्र में ध्यान साधना की। आश्रम परिसर में सुमन अग्रवाल ने उनका स्वागत किया। महापौर अर्चना वर्मा ने सामूहिक ध्यान सत्र दाजी के सानिध्य में ध्यान साधना की।

## 614 ग्राम अफीम के साथ दो युवक दबोचे

**खुटार, शाहजहांपुर।** क्षेत्र में नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खुटार पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। बीती रात पुलिस टीम द्वारा बंडा रोड स्थित सौफरी पेट्रोल पंप फ्लाईओवर के पास वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान बाइक सवार दो संदिग्ध युवकों को रोककर तलाशी ली गई, जिनके कब्जे से 614 ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने अपनी पहचान आशीष गुप्ता पुत्र रामकृष्ण निवासी थाना उचौलिया जनपद लखीमपुर खीरी तथा ज्ञानेंद्र शर्मा पुत्र विपिन कुमार निवासी ग्राम सहजना थाना कटरा जनपद शाहजहांपुर के रूप में बताई। तलाशी के दौरान उनके पास से दो मोबाइल फोन व एक बाइक भी बरामद की गई। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपनी गलती स्वीकार



करते हुए बताया कि वे मिलकर अफीम खरीदने और बेचने का काम करते हैं। राह चलते नशा करने वाले लोगों को ऊंचे दामों पर अफीम बेचते थे तथा उससे होने वाले मुनाफे को आपस में बराबर-बराबर बांट लेते थे। आरोपियों ने बताया कि बरामद अफीम उन्होंने खुदागंज निवासी विक्रम पुत्र, निवासी थाना खुदागंज जनपद शाहजहांपुर से करीब 75 हजार रुपये में खरीदी थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गुरुवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## बंडा पुलिस ने वारंटी को दबोचा

**बंडा, शाहजहांपुर।** जनपद में चलाए जा रहे वांछित व वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के तहत थाना बंडा पुलिस ने एक पुराने गैर-जमानती वारंटी को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत की गई। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दीक्षा भंवरें के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी पुवायां प्रवीण मलिक के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक थाना बंडा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी जाहिद खान पुत्र कदीर खान निवासी ग्राम तिन्दुआ नगरिया को 26 फरवरी को उसके घर से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी टीम में इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार राय, उ.नि. अनूप कुमार, सिपाही प्रवीण कश्यप शामिल रहे।

## होली के बाद चिंहित अवैध कॉलोनियों पर गरजेगा बुलडोजर

- कालोनाइजर्स के साथ एसडीए सचिव ने की बैठक

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण द्वारा निरंतर शहर के आम जनमानस को प्राधिकरण की व्यवस्थाओं व नियमों से जागरूक किया जा रहा है। प्राधिकरण सचिव अजय कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में लगातार अवैध प्लाटिंग ले-आउट को ध्वस्त भी कराया जा रहा है, वहीं जनमानस को जागरूक करने के लिए पूर्व में मानचित्रकारों के साथ बैठक की गई तथा पोर्टल के संबंध में मानचित्रकारों को ट्रेनिंग शेड्यूल में भी शामिल करते हुए सॉफ्टवेयर, पोर्टल के संबंध में आवास बंधु की ट्रेनिंग में शामिल कराया गया। इसी क्रम में गुरुवार को प्राधिकरण सचिव ने कॉलोनाइजर्स के साथ प्राधिकरण कार्यालय में बैठक आयाजित की। बैठक में प्रमुख सचिव आवास एवं नियोजन के दिशा निर्देश को पढ़कर कालोनाइजर्स को अवगत कराया गया तथा निर्देशों के पालन के लिए अनुरोध किया गया। बैठक में कॉलोनाइजर्स के साथ शहर के नियोजित विकास में उनके सुझाव भी मांगे गए तथा उनसे प्राधिकरण के संबंध में गतिमान प्रावधानों से अवगत कराते हुए जन सामान्य को भी बताए जाने एवं व्यापक प्रसार किए जाने का अनुरोध किया गया। बैठक में एक ओर यहां सभी कालोनाइजर्स को आश्वस्त किया गया की प्राधिकरण की तरफ से हर अनुमन्य सुविधाएँ जो नियमों के अंतर्गत हैं, वह सभी को उपलब्ध कराई जाएगी तथा मानचित्र पास कराने में किसी भी प्रकार की कोई जटिलता आने पर प्राधिकरण प्रत्येक समय उनके साथ खड़ा रहेगा और उनकी समस्या का समाधान करेगा। प्राधिकरण सचिव ने सभी कालोनाइजर्स को बताया गया कि प्राधिकरण द्वारा निरंतर अवैध भू-उपयोग के विपरीत बिना प्राधिकरण के लेआउट पास कराए विकसित की जा रही कालोनियों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई निरंतर की जा रही है। आगामी त्यौहार के बाद कुछ और अवैध कॉलोनियां चिन्हित की गई हैं जिन पर बुलडोजर की कार्रवाई की जाएगी। प्राधिकरण सचिव ने बैठक में कहा कि सभी लोग अपने आस-पास अपने वार्ड तथा प्राधिकरण सीमा अन्तर्गत जो भी लोग इस व्यवसाय से जुड़े हैं, वह प्राधिकरण कार्यालय से प्रत्येक कार्यावधि में किसी भी प्रकार की किसी जानकारी की आवश्यकता हो, तो वह प्राप्त करें और उसके पश्चात ही लेआउट प्रस्तुत कर पास कराकर, कालोनी की प्लाटिंग सुनिश्चित करें। प्राधिकरण सचिव ने कालोनाइजर्स से अनुरोध किया कि उनके द्वारा पूर्व में स्वीकृत कराए गए मानचित्रों के आधार पर, अपने स्तर पर भी एक बार परीक्षण कर लें कि उनके द्वारा कॉलोनी में जो पार्क, सड़क सामुदायिक उपयोग के स्थान मानचित्र प्रस्तुत करते समय दिखाया गया है, वह स्थल पर खाली रहे तथा सभी कालोनाइजर वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था स्टैंडर्ड मैकेनिज्म के आधार पर सुनिश्चित करें। नियमों में भी यह प्रावधान है की 300 वर्ग मीटर से ऊपर के भवनों में वॉटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य है। इसे सुनिश्चित कराया जाए। आगामी गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए हीटवेव की स्थिति पर नियंत्रण की दृष्टि से चार हेक्टेयर से ऊपर की सभी आवासीय कालोनियों में एक प्रतिशत भूमि पर दो मीटर गहरे जलाशय की उपलब्धता सुनिश्चित करें, कालोनाइजर कॉलोनी में तथा कॉलोनी के गेट पर शुद्ध स्वच्छ जल की निरंतर व्यवस्था सुनिश्चित कराएँ। जो आम जनमानस एवं राहगीरों को गर्मी के दिनों में राहत उपलब्ध कराएं। बैठक में यह भी अनुरोध सचिव द्वारा कालोनाजर से किया गया के सभी कॉलोनाइजर, अपने कॉलोनी के मुख्य द्वार पर जो मुख्य सड़क को जोड़ती हो पर गर्मी की दृष्टि से मानवता के आधार पर भी पानी का स्टोरेज किसी साफ सुथरे पात्र में अवश्य करें जिसे किसी पशु ,पक्षी को भी इसका लाभ मिल सके। बैठक में अजय अग्रवाल, हितेश अग्रवाल, हरगोविन्द मोदी, विजय कुमार कुमरा, प्रिंस गुप्ता, जसनूद आलम आदि उपस्थित रहे। सचिव प्राधिकरण को आश्वस्त किया की बैठक में बताए तथ्यों व सुझावों पर अमल कराया जाएगा एवं यह ध्यान रखा जाएगा कि कहीं भी नियमों का विचलन न हो। बैठक में कालोनाइजर्स द्वारा पोर्टल को लेकर के तथा कतिपय नियमों के संबंध में अपनी जिज्ञासाएँ प्रस्तुत की गई, जिसको मीटिंग में ही सचिव द्वारा निदेशक आवास बन्धु, लखनऊ, शासन से वार्ता करके समाधान कराया गया। स्वीकृत कॉलोनियों के कॉलोनाइजर्स ने सचिव प्राधिकरण द्वारा आयोजित बैठक में प्रतिभाग के उपरान्त सभी को सुनने और शासन की मंशा से अवगत कराने के लिए धन्यवाद दिया, तथा अनुरोध किया कि भविष्य में समय समय पर बैठक होती रहे।

## राज्य कर विभाग ने अधिवक्ता एकादश को 77 रनों से हराया

- डॉक्टर हरित को मैन ऑफ द मैच का दिया गया पुरस्कार

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



राज्य कर विभाग के 78वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राज्य कर विभाग व कर अधिवक्ता एकादश के मध्य एक मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन कृभको स्पोर्ट्स मैदान में किया गया। टॉस जीत कर राज्य कर विभाग के कप्तान संयुक्त आयुक्त विजय कुमार गौड़ ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। राज्य कर विभाग की टीम ने राज्य कर अधिकारी डॉ हरित कुमार के नाबाद 101 रन की मदद से पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 191 रनों का स्कोर बनाया। जयवर्धन गौतम ने 38 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए तुषार गुप्ता ने दो विकेट प्राप्त की। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अधिवक्ता एकादश 16 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर मात्र 114 रन ही बना सकी। अधिवक्ता एकादश के बल्लेबाज अलसाहब ने 41 व फ़ाईक ने 33 रनों का योगदान दिया। राज्य कर विभाग के गेंदबाज डॉ हरित व मोहित ने दो-दो विकेट प्राप्त की। इस प्रकार राज्य कर विभाग ने अधिवक्ता एकादश को 77 रनों से हराकर महत्वपूर्ण विजय प्राप्त की। शतक लगाने वाले डॉक्टर हरित को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। बेस्ट बॉलर सचिन, बेस्ट बल्लेबाज अलसाहब, तथा बेस्ट फील्डर का पुरस्कार फाईक को दिया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में उपायुक्त प्रवेश तोमर, श्यामा कांत यादव, आनंद कुमार सहायक आयुक्त योगेंद्र यादव, प्रशांत सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता के सी खन्ना, अमरीश सक्सेना, जयप्रकाश नारायण गुप्ता, सुनील वैश्य, मनोज खन्ना, कृभको परिवार की तरफ से विजय बांगर, केके झा, आनंद पाठक, फिरोज खान, प्रमोद गुप्ता तथा सतवेंद्र भदौरिया उपस्थित रहे।

## बसन्तकालीन गन्ना बुवाई जन जागरूकता अभियान शुरू

**बंडा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



बजाज हिन्दुस्थान शुगर लि., मकसूदापुर द्वारा बसंत कालीन गन्ना बुआई को बढ़ावा देने हेतु किसान जागरुकता रैली निकाली गई, रैली को चीनी मिल के युनिट हेड भूपेन्द्र सिंह व सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड़ पुवायां विनोद यादव ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। रैली का प्रमुख उद्देश्य बसन्तकाल में अधिक से अधिक क्षेत्रफल में उन्नत प्रजाति का गन्ना बीज बुवाई कर कम लागत में अधिक उपज प्राप्त कर किसान भाइयों की आय को बढ़ावा देना है, साथ ही साथ चीनी मिल द्वारा गन्ना बीज, खाद, दवा, कृषि यंत्र आदि पर दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जागरूक करना। इस अवसर पर सचिव द्वारा किसान भाइयों से अनुरोध किया गया कि वह बसन्तकालीन गन्ना बुवाई के लिये बीज आरक्षण के साथ अधिक उपज देने वाली उन्नतशील गन्ना प्रजाति को.-0118, को.-15023, को.लख.-14201, को.लख.-16202, को.शा.-18231 एवं जल प्लावित क्षेत्र हेतु को.-98014 का ही चुनाव करें। केन हेड सुग्रीव कुमार पाठक ने बताया कि किसान भाई समय की मांग को ध्यान में रखते हुए अधिक से अधिक क्षेत्रफल में बसंतकाल में उत्तम प्रजाति के गन्ना बीज का चयन कर वैज्ञानिक विधि से खेती करें एवं कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर अपनी आय को बढ़ायें। अस्वीकृत प्रजाति जैसे को.शा. 91269 (जलपरी), एच.आर. 119, एवं अन्य अवांछित प्रजाति (को. 05011, पी.बी0 95) के गन्ने की बुवाई कदापि न करें। इस मौके पर हरीश ज्याला, अयाज किरमानी, डॉक्टर गिरीश श्रीवास्तव एवं सहायक महाप्रबन्धक (गन्ना) रामकुमार सिंह, सतीश कुमार सिंह व उमेश प्रताप शुक्ला, समस्त जोनल प्रबन्धक व फील्ड स्टाफ ने रैली में भाग लिया।

### भाजपा मण्डल अध्यक्ष बने ब्रजमोहन



**मदनापुर,शाहजहांपुर।** भारतीय जनता पार्टी में अपनी सेवाएं दे रहे ब्रजमोहन सिंह राठौर को प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के निर्देश के बाद भाजपा मण्डल मदनापुर बनाया गया। मण्डल अध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। संगठन ने उनके अनुभव और सक्रिय कार्यशैली को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। इस अवसर ब्लॉक प्रमुख महेश पाल सिंह, जिला प्रतिनिधि विजय चौहान, आनंद प्रताप सिंह, पंकज, सचिन सिंह, दीपू, सचिन प्रताप सिंह, प्रमोद गुप्ता, सत्येंद्र सिंह राठौड़, इशू चौहान, सरोज शुक्ला, सुमित राठौर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी और कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा मिलेगी। कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि ब्रजमोहन सिंह राठौर जी के नेतृत्व में मण्डल में संगठनात्मक गतिविधियों को नई दिशा और गति मिलेगी।

## श्रीरामकथा का तीसरा दिन: बाबा भोलेनाथ मेरी नैया तो उबारो...

- नरसी का भात प्रसंग सुन श्रोताओं के नेत्र हुए अश्रुपूरित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

श्रीरामकथा के तीसरे दिन मुमुक्षु आश्रम परिसर उस वक्त भक्ति, संवेदना और आध्यात्मिक ऊष्मा से आलोकित हो उठा, जब कथाव्यास संत विजय कौशल जी महाराज ने नरसी का भात प्रसंग का हृदयस्पर्शी वर्णन किया। उनके मधुर और भावपूर्ण कथन ने श्रोताओं को ऐसी भावावस्था में पहुँचा दिया कि अनेक लोग अश्रुपूरित नेत्रों से कथा का रसास्वादन करते रहे। कथाव्यास ने सुनाया कि कृष्णभक्त नरसी मेहता अत्यंत दरिद्र थे और अपनी बेटी नानीबाई का भात भरने में असमर्थ थे। नानीबाई के ससुराल वालों ने व्यंग्य में बहुत लंबी सूची (मायरा) भेजी थी। जब उनकी पुत्री के ससुराल पक्ष में 'भात' (एक पारंपरिक सामाजिक रीति) देने का अवसर आया, तब समाज के सामने उनकी गरीबी उपहास का कारण बन गई। लोग ताने कसने लगे कि निर्धन नरसी अपनी पुत्री की लाज कैसे रख पाएंगे। संत विजय कौशल जी ने उस दृश्य का ऐसा जीवंत चित्र खींचा कि श्रोता मानो उसी युग में पहुँच गए। उन्होंने भावपूर्ण स्वर में कहा कि जब संसार साथ छोड़ देता है, तब सच्चा भक्त अपने आराध्य के चरणों में सिर रख देता है। नरसी ने भी यही किया। उन्होंने पूरी निष्ठा से भगवान श्रीकृष्ण का स्मरण किया। नरसी की अटूट भक्ति से विवश होकर श्री कृष्ण स्वयं एक धनी सेठ के रूप में आए और अद्भुत मायरा भरा। भगवान कृष्ण के द्वारा साक्षात उपस्थित होकर



नगरवासियों के सामने नरसी की लाज रखने का पूरा प्रसंग सुनकर श्रोतागण भावविभोर हो गए।

इसके आगे कथा व्यास ने देवर्षि नारद एवं भगवान विष्णु की कथा का प्रसंग सुनाया। नारद की कठिन तपस्या से भयभीत होकर इंद्रदेव ने कामदेव को उनकी तपस्या भंग करने के लिए भेजा। कामदेव तमाम प्रयासों के बावजूद भी उनकी तपस्या नहीं भंग कर पाए और अंततः उन्होंने नारद से क्षमा मांगी। नारद को यह अहंकार उत्पन्न हो गया कि उन्होंने कामदेव को जीत लिया है एवं वे इस अहंकार का प्रदर्शन भगवान शिव के समक्ष करने लगे। इस पर भगवान शिव ने विष्णु से नारद का अहंकार तोड़ने का अनुरोध किया। भगवान विष्णु ने नारद के मार्ग में एक सुंदर नगर बसाया। वहां के राजा की सुंदर कन्या विश्वमोहिनी के स्वयंवर में जब नारद पहुंचे तो वे उसका सौंदर्य देखकर मोहित हो उठे एवं उन्होंने भगवान विष्णु का आह्वान किया। भगवान विष्णु ने उन्हें वानर का रूप दे दिया। स्वयंवर में अंततः विश्वमोहिनी ने भगवान विष्णु को वरमाला पहनाई। सरोवर में अपना मुख देखकर नारद ने क्रोधित होकर भगवान विष्णु को श्राप दिया कि जिस प्रकार मैंने नारी का वियोग सहन किया है, उसी तरह आपको भी पत्नी का वियोग सहना करना पड़ेगा। कालांतर में भगवान विष्णु ने प्रभु श्रीराम के रूप में पृथ्वी पर अवतार लिया और नारद के श्राप के कारण ही उन्हें माता सीता का वियोग सहना पड़ा। कथा के अंत में बाबा भोलेनाथ मेरी नैया तो उबारो.. भजन पर भक्त आह्लादित होकर नृत्य करने लगे। तीसरे दिन के मुख्य यजमान डॉ के. के. शुक्ला एवं मधुरानी शुक्ला थे। कथा का समापन प्रभु श्रीराम की आरती से हुआ। प्रसाद वितरण कमलेश त्रिवेदी एवं मधुलिका त्रिवेदी की तरफ से हुआ। इस अवसर पर मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती, महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद, अनंत स्वामी सर्वेश्वरानंद, अनंत स्वामी अभेदानन्द, स्वामी गंगेश्वरानंद, राजीव कृष्ण अग्रवाल, एबी सिंह, अशोक अग्रवाल, रुद्रपुर से विष्णु बंसल एवं राजेन्द्र गोयल, वेद प्रकाश गुप्ता, रामचंद्र सिंघल, डॉ अमीर सिंह यादव, प्रबंध समिति के सचिव प्रो अवनीश मिश्र, प्राचार्य प्रो आर के आजाद, उपप्राचार्य प्रो अनुराग अग्रवाल, हरीश चंद्र श्रीवास्तव, मेजर अनिल मालवीय, प्रो देवेंद्र सिंह, डॉ आदर्श पांडेय, डॉ रमेश चंद्रा, डॉ प्रतिभा सक्सेना, डॉ पवन गुप्ता, शिवओम शर्मा सहित भक्तों की भारी भीड़ उपस्थित रही।

# डीएम ने नगर पंचायत और थाने का किया निरीक्षण

**डीएम के सामने नगर वासियों ने रखी समस्याएं, समाधान की रखी मांग**

**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने निरीक्षण कार्यक्रम के तहत नगर पंचायत कटरा एवं कटरा थाने का निरीक्षण किया। डीएम के निरीक्षण से नगर पंचायत कार्यालय परिसर में हड़कंप की स्थिति रही। अधिकारी और कर्मचारी फाइलें संभालते नजर आए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नगर पंचायत कार्यालय में अभिलेखों की गहन जांच की। इसके साथ ही निर्माणाधीन पानी की टंकी, नए बन रहे नगर पंचायत भवन का स्थलीय निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता और प्रगति की जानकारी ली। साथ ही बाउंड्री बाल और गड्ढे में तब्दील



नगर पंचायत के जगह को सुदृढ़ करने, टंकी को सुन्दर रंग से पुताई कराने और खुदागंज रोड एम आर कोल्ड स्टोर के सामने धर्मशाला निर्माण के ईओ को निर्देश दिए और उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य समयबद्ध एवं मानक के अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत की विभिन्न खामियों को लेकर जिलाधिकारी से शिकायत की। नागरिकों ने सफाई व्यवस्था, विकास कार्यों की धीमी प्रगति और अन्य समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी और संबंधित विभागीय कर्मचारियों को कार्यप्रणाली में सुधार लाने तथा जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। जाति प्रमाण पत्र जारी करने में हो रही देरी का मुद्दा भी डीएम के समक्ष उठाया गया, जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने कटरा थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने बैरक, मेस, अपराध रजिस्टर एवं अन्य अभिलेखों की जांच कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पुलिस अधिकारियों को अभिलेखों का सुव्यवस्थित संधारण एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी जिला मुख्यालय के लिए रवाना हो गए। इस दौरान उनके साथ अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ तिलहर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। मौके पर ईओ शिवलाल राम, थाना प्रभारी अवधेश कुमार सिंह, नगर पंचायत कर्मी तथा पुलिस बल उपस्थित रहा।

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों का जोरदार प्रदर्शन




**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

**पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे, प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा**

वर्ष 2011 से पूर्व निर्धारित नियमावली एवं अर्हताओं के आधार पर नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता के विरोध में आज जनपद मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया गया। टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले सभी मान्यता प्राप्त शिक्षक संगठनों के आह्वान पर सैकड़ों शिक्षक दोपहर बाद खिरनीबाग रामलीला मैदान में एकत्रित हुए और सभा आयोजित कर आदेश को उत्पीड़नात्मक बताया। सभा के उपरांत लगभग 4:30 बजे शिक्षक पैदल मार्च करते हुए नारेबाजी के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा। सभा को संबोधित करते हुए टीएफआई की राष्ट्रीय संगठन मंत्री अर्चना तिवारी ने कहा कि प्रत्येक शिक्षक शासन द्वारा निर्धारित योग्यताओं को पूर्ण कर चयनित हुआ है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में टीईटी वर्ष 2011 से लागू हुआ, किंतु बाद में नियमावली में संशोधन कर सभी शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता लागू कर दी गई, जिसके कारण माननीय न्यायालय द्वारा टीईटी उत्तीर्ण करने का निर्णय आया। उन्होंने उक्त संशोधन को निरस्त करने की मांग की। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष दिनेश गंगवार ने कहा कि अधिकांश शिक्षक 50 वर्ष की आयु पार कर चुके हैं और सेवानिवृत्ति के निकट हैं, ऐसे में परीक्षा की अनिवार्यता अन्यायपूर्ण है। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री देवेश बाजपेई ने कहा कि किसी भी विभाग में कर्मचारियों पर नियुक्ति के समय लागू नियमावली ही प्रभावी होती है। वर्तमान नियमों के आधार पर पूर्व नियुक्त कर्मचारियों को परीक्षा के लिए बाध्य करना और असफल होने पर अनिवार्य सेवानिवृत्ति जैसा दंड देना न्यायसंगत नहीं है। फेडरेशन द्वारा प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि वर्ष 2009 में लागू एनसीटीई की अधिसूचना के बाद भी 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों का चयन तत्कालीन लागू नियमावली के अनुरूप हुआ था। ऐसे शिक्षक लगभग 30 वर्ष की सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्ति के निकट हैं, इसलिए इस चरण पर टीईटी अनिवार्यता लागू करना न्याय सिद्धांतों के विपरीत है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के बाद शिक्षकों में व्यापक असंतोष व्याप्त है। फेडरेशन ने मांग की कि पूर्व नियुक्त शिक्षकों के मामले में विशेष विचार करते हुए सेवा से पृथक करने की कार्रवाई पर रोक लगाई जाए और मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाए। धरना-प्रदर्शन में शिक्षक नेता रविंद्र पाल प्रजापति, डॉ. विनय गुप्ता, राजकुमार तिवारी, मंगरे लाल, विश्राम सिंह, अंकुर त्रिपाठी, यशपाल सिंह, नितिन मिश्रा, आदेश सिंह, विजय प्रताप सिंह, सरताज अली, नफीस खां, धनपाल सिंह, बृजेश कुमार वर्मा, राजकुमार सिंह, सुनील सिंह, आनंद बिहारी, अरविंद त्रिपाठी, प्रदुम्न सिंह, विश्वनाथ प्रताप सिंह, गौरव पाण्डेय, सीमा सिंह, सुषमा गुप्ता, शैली चौधरी, रुचि गुप्ता, गायत्री शुक्ला, रेखा रस्तोगी, नीतू अधिकारी, रेनू शुक्ला, रीना राजपूत, आंचल, मानिका, साधना सहित सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# प्रलोभन में न आयें, जागरूक मतदाता कहलाएं

**शिविर के प्रथम सत्र में मतदान करे पर एक रैली का आयोजन**

**शाहजहांपुर।** आर्य महिला डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के षष्ठम दिवस, को मतदाता जागरूकता अभियान एवं मेरा युवा भारत के रूप मनाया गया। शिविर के प्रथम सत्र में मतदान करे पर एक रैली का आयोजन किया गया। स्वयंसेविकाएं ने अपने अपने कार्य क्षेत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी ऋतु शर्मा, डा. रानू दुबे के निर्देशन में रैली लेकर अहमदपुर रेती एवं लोक विहार कॉलोनी में गई जिसका उद्देश्य था कि आस पास एवं राहगीरों को मतदान हेतु जागरूक करना। स्वयंसेविकाओं द्वारा रैली के माध्यम से ग्राम वासियों, राहगीरों को मतदान करने हेतु स्लोगन




जो प्रलोभन में ना आये, जागरूक मतदाता कहलाए। युवा हो तुम देश की शान जागो उठो करो मतदान जन जन की पुकार है वोट देना अधिकार है आदि बोलकर जागरूक किया गया। शिविर के द्वितीय सत्र में खेल की उपयोगिता एवं माई भारत युवा पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला क्रीड़ा अधिकारी एसपी बामनिया को एवं जिला युवा अधिकारी माय भारत मयंक भदौरिया को स्वयंसेविकाओं ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। आयोजित संगोष्ठी में एसपी बामनिया ने सभी छात्राओं को खेल एवं उसकी उपयोगिता पर अपने विचारों से सभी को प्रेरित किया , खेल क्यों जरूरी है कौन से खेल किस प्रकार से स्वास्थ के लिए हितकर है आदि महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इसी श्रृंखला में मयंक भदौरिया ने सरकार द्वारा मेरा युवा भारत पोर्टल के माध्यम से संचालित विभिन्न गतिविधियों जैसे ईएलपी, विभिन्न क्विज प्रतियोगिताएं, नेशनल यूथ डे, फिट इंडिया, विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग, विकसित भारत युवा संसद, खेलो इंडिया, प्रतिभा सेतु पोर्टल, माई भारत यूथ वालंटियर, आदि में कैसे युवा अपना योगदान दे सकता है आदि की विस्तृत जानकारी प्रदान की। माई भारत पोर्टल पर कैसे रजिस्ट्रेशन करें इसकी जानकारी प्रेषित की करते हुए एक क्विज आयोजित की गई जिसमें सभी स्वयंसेविकाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम अधिकारी डा. रानू दुबे, ऋतु शर्मा ने शिविर के अगले दिन की कार्य रूपरेखा एवं समापन की तैयार से सबको अवगत कराया। शिविर में शालिनी श्रीवास्तव, संध्या भारती, सुधा पांडेय, सुधीर का विशेष सहयोग रहा।

## आईटीआई में अप्रेंटिसशिप मेला 28 को

**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा के आईटीआई में 28 फरवरी अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन होगा। युवाओं को रोजगारपरक कौशल सीखने व व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से अप्रेंटिस मेले का आयोजन किया जा रहा है। आईटीआई के प्रधानाचार्य अरविंद कुमार ने बताया कि अप्रेंटिसशिप मेला शनिवार को प्रातः दस बजे से शाम साढ़े तीन बजे तक आयोजित किया जाएगा। मेले में सरकारी व गैर सरकारी कंपनियों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थी पोटर्ल पर अपना पंजीकरण कराकर मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। श्री कुमार ने बताया कि संस्थान पर भी एक निःशुल्क पंजीकरण कांउन्टर खोला गया है। प्रशिक्षार्थी समस्त शैक्षिक अभिलेखों व एक फोटो के साथ पंजीकरण करा सकते हैं।

# कर्मचारी आईडी कार्ड के साथ नियमित कार्यालय में उपस्थित रहेः सीडीओ

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

सीडीओ डा.अपराजिता द्वारा विकास खंड कटरा खुदागंज के परिसर में स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण में खंड कार्यालय में सभी कर्मचारी उपस्थित पाए। साथ ही जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित रजिस्टरों की जांच की तथा परिसर में स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए। सीडीओ ने निरीक्षण के दौरान कार्यालयों में संधारित संबंधित पत्रावलियों की जांच की एवं सभी कर्मचारियों को आईडी कार्ड के साथ नियमित रूप से समय से कार्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए। साथ ही आयुष्मान कार्ड, फार्मर



रजिस्ट्री एवं ई-केवाईसी से संबंधित कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश भी प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त परिसर में लगाए गए हरिशंकरी पौधों की समुचित देख-रेख सुनिश्चित करने तथा परिसर में बने निष्प्रयोज्य भवनों को ध्वस्त कराए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

# 45 जनपदों के किसानों को नवीन गन्ना किस्म का मिनी सीड किट वितरण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश में गन्ना उत्पादन एवं चीनी परता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर द्वारा प्रदेश के लगभग 45 जनपदों के किसानों को नवीन विकसित गन्ना किस्म को शा 19231 के मिनी सीड किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत 1,58,900 सिंगल बड किसानों को उपलब्ध कराए गए, जिससे आगामी गन्ना उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि की संभावना है।



परिषद के निदेशक वीके शुक्ला ने बताया कि यह नवीन गन्ना किस्म को शा 19231 वर्ष 2025 में गन्ना शोध परिषद संस्थान द्वारा विकसित की गई है। यह किस्म उच्च उत्पादन क्षमता एवं अधिक चीनी परता के लिए जानी जाती है, जोकि किसानों की आय बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने आगे बताया कि इस किस्म की पेड़ी क्षमता भी काफी अच्छी है, जिससे किसानों को अगले वर्षों में भी बेहतर उत्पादन प्राप्त हो सकेगा। इसके अतिरिक्त यह किस्म क्षेत्रीय परिस्थितियों के अनुकूल पाई गई है तथा रोगों के प्रति अपेक्षाकृत सहनशील है। परिषद द्वारा किए गए इस मिनी सीड किट वितरण का उद्देश्य किसानों तक उन्नत तकनीक एवं उन्नत किस्मों को शीघ्र पहुंचाना है, ताकि प्रदेश में गन्ना उत्पादन, उत्पादकता एवं गुणवत्ता में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित की जा सके। किसानों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे गन्ना खेती के लिए अत्यंत लाभकारी बताया।

## दुर्घटना में कार चालक सहित 5 लोग घायल

**सिधौली, शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज़।** सिधौली थाना क्षेत्र के गांव काजीपुर निवासी शाहनवाज पुत्र मोहम्मद बाली ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते 20 फरवरी 2026 को उसका भाई एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए अर्टिगा कार संख्या यूपी 27बाई 3717 से थाना क्षेत्र सिधौली के ग्राम सहजना से शादी लेकर शाहजहांपुर की तरफ जा रहा था। कि नायरा पेट्रोल पंप निकट पुवाया, शाहजहांपुर हाईवे पर पहुंचा ही था कि सामने से तेज गति से ब्रिजा कार चालक संख्या यूपी 27 ए बाई 8550 को चलाते हुए रॉन्ग साइड से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे अर्टिगा चालक सहित पांच बाराती गंभीर रूप से घायल हो गए। कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। राहगीरों की मदद से घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया पुलिस ने तहरीर के आधार पर बेजा कार संख्या यूपी 27ए बाई 8550 व अज्ञात नाम पता चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

# कृभको में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिला जज एवंअध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु कुमार शर्मा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में ठोस अवशिष्ट प्रबन्धन नीति 2016 के विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन मैसर्स कृभको फर्टिलाइजर्स पिपरौला में किया गया। शिविर की अध्यक्षता अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनीष कुमार सिंह द्वारा की गयी। सचिव ने ठोस अवशिष्ट प्रबन्धन नीति 2016 के बारे में जानकारी कहा कि पर्यावरण को दूषित नहीं करेगे तथा उसका नियमानुसार उपचार कर प्रबन्धन



करेगें। साथ ही साथ उपस्थित प्रतिभागीगण को घरेलू कचरा प्रबन्धन के सम्बन्ध में भी जागरूक किया गया। प्रदीप कुमार सिंह चीफ मैनेजर इलेक्ट्रिकल द्वारा सभी का स्वागत कर उक्त विषय की रूपरेखा की जानकारी दी गयी। पीसी कन्नौजिया पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड बरेली द्वारा सॉलिड वेस्ट, प्लास्टिक वेस्ट, बैट्री वेस्ट, ई-वेस्ट एवं अन्य वेस्ट के बारे में जानकारी दी गयी। आरके श्रीवास्तव ज्वाइंट जीएम ने कहा कि इंडस्ट्रियल एरिया में अधिक से अधिक पेड़ लगाये। वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स 2016 पर भी जानकारी प्रदान की गयी। शिविर संचालन मोहम्मद अफजल, वरिष्ठ लिपिक ने किया। वाइस प्रेसीडेंट विजय बांगर द्वारा आभार व्यक्त किया गया। शिविर में अंकुर तापत, नवीन गर्ग, कुलदीप बालियान, सौरभ अग्रवाल एवं कृभको फर्टिलाइजर्स के अन्य अधिकारी, कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

# अवकाश के दिनों में मदरसे खोलने पर होगी कड़ी कार्रवाई: डीएमओ

**तिलहर - शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

**कहा-सभी मदरसे केवल उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा घोषित अवकाश सारणी के अनुसार ही संचालित हों**

जनपद में संचालित मान्यता प्राप्त मदरसों द्वारा अवकाश घोषित होने के बावजूद शिक्षण कार्य जारी रखने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित कुमार सिंह ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि सभी मदरसे केवल उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा घोषित अवकाश सारणी के अनुसार ही संचालित किए जाएं। श्री सिंह ने जनपद के समस्त मदरसा प्रबंधकों एवं प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया है कि परिषद द्वारा निर्धारित अवकाश अवधि में मदरसे पूर्णतः बंद रखें। अवकाश के दिनों में मदरसा खुले पाए जाने की सूचना प्राप्त होती है या निरीक्षण में पुष्टि होती है, तो संबंधित प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि परिषद द्वारा जारी अवकाश कैलेंडर सभी मान्यता प्राप्त मदरसों पर बाध्यकारी है। इसका उल्लंघन शासनादेश की अवहेलना की श्रेणी में माना जाएगा। ऐसे मामलों में स्पष्टीकरण तलब करने के साथ-साथ मान्यता संबंधी कार्रवाई भी की जा सकती है।

श्री सिंह ने यह भी निर्देश दिए कि सभी मदरसे परिषद की समय-सारणी, एवं अवकाश सूची का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि नियमों की अनदेखी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा विभागीय स्तर पर सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# पीलीभीत जिप अध्यक्ष पर अवैध कब्जा, मारपीट और धमकी का आरोप, पीड़ित परिवार धरने पर

पीलीभीत। जिले के पूरनपुर क्षेत्र में एक राइस मिल के सौदे को लेकर विवाद तेज हो गया है। शिरड़ी राइस इंडस्ट्रीज के मालिक संजीव अग्रवाल ने जिला पंचायत अध्यक्ष दलजीत कौर, उनके पति गुरभाग सिंह और ससुर भजन सिंह पर मिल पर अवैध कब्जा करने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। न्याय न मिलने से नाराज संजीव अग्रवाल का परिवार अब मिल के बाहर धरना दे रहा है।सौदा 5 करोड़ में तय, लेकिन पूरी रकम नहीं मिली। संजीव अग्रवाल के अनुसार, उनकी राइस मिल का सौदा मूल रूप से 5 करोड़ रुपये में तय हुआ था। आरोप है कि स्टांप ड्यूटी बचाने के लिए कागजों में मात्र 4 करोड़ रुपये दर्शाकर इकरारनामा पंजीकृत कराया गया। निर्धारित समय सीमा बीत जाने के बावजूद खरीदार पक्ष ने पूरी रकम का भुगतान नहीं किया। पीड़ित पक्ष का दावा है कि बाद में सौदा बढ़ाकर 6 करोड़ रुपये तय हुआ, लेकिन बिना रजिस्ट्री कराए ही मिल के ताले तोड़ दिए गए, परिसर में बसें खड़ी कर दी गई और निजी सुरक्षा गार्ड तैनात कर दिए गए।गुरुवार को मारपीट और हथियारों से धमकी संजीव अग्रवाल ने बताया कि गुरुवार को वे अपनी पत्नी प्रीति अग्रवाल के साथ मिल पर मौजूद थे। तभी उत्तर प्रदेश सरकार लिखी इनोवा गाड़ी से आए कुछ लोगों ने उनके साथ अभद्रता की। आरोप है कि हमलावरों ने गाली-गलौज की, दंपती के साथ मारपीट की। महिला को बाल पकड़कर जमीन पर गिराने की कोशिश की गई। सुरक्षा गार्डों ने सर्विस पिस्टल और अन्य व्यक्ति ने राइफल दिखाकर जान से मारने की धमकी दी।परिवार ने की कार्रवाई की मांग, धरना जारी न्याय की उम्मीद टूटने पर संजीव अग्रवाल का परिवार मिल के बाहर धरना दे रहा है। पीड़ित पक्ष ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराई है और उचित कार्रवाई की मांग की है। यह मामला अब स्थानीय स्तर पर चर्चा का विषय बन गया है, जहां सौदे में कथित धोखाधड़ी और प्रभावशाली लोगों के रसूख का आरोप लगाया जा रहा है।

# तो आरोपियों के कब्जे से चोरी गया टॉवर तेल बरामद

**प्रधान पुत्र समेत तीन गिरफ्तार**

**तिलहर - शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

दो दिन पूर्व पिकअप से टॉवर में रिफलिंग किए के लिए रखे गए डीजल की चोरी किए जाने के मामले में पुलिस ने प्रधान पुत्र समेत तीन युवकों को गिरफ्तार कर उनकी निशान दही पर 90 लीटर डीजल बरामद किया है ।

वहीं चर्चा है कि उक्त तेली खी खरीद फरोख्त के बाद रुपयों के लेन देन को लेकर विवाद का मामला है ।

गौर तलब है कि कोतवाली क्षेत्र के गांव गुलामखेड़ा निवासी सुधा पत्नी




सर्वेश ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसके पति पिक कप गाडी संख्या यूपी 38 टी 0138 के चालक हैं। जो उक्त गाडी से टावर पर डीजल रिफलिंग का कार्य करते हैं। आरोप है कि 23-24 फरवरी की रात्रि उसके पति ने पिकअप गाडी घर के पास खड़ी कर दी थी। जिसमे दो सौ बीस लीटर डीजल रखा था। जिसको गांव के ही हिमांसू पुत्र मुनीश्वर दयाल व रचित पुत्र दृगपाल व मोहित पुत्र राकेश ने चोरी कर लिया। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कर तेल उक्त तीनों को गांव के समीप से गिरफ्तार कर उनकी निशान दही पर करीब 90 लीटर तेल बरामद करना दर्शाया है। जबकि पिकअप चालक सर्वेश की पत्नी सुधा ने चोरी गए तेल की मात्रा 220 लीटर दर्ज कराई। शेष तेल की पुलिस पड़ताल में जुटी है। आरोपियों को गिरफ्तार करने बाली टीम में कोतवाल जुगुल किशोर पाल, एसआई अनुज चौधरी, हेड कांस्टेबिल विजय प्रताप, कांस्टेबिल सन्नी तोमर , विनय कुमार व सुमित कुमार शामिल रहे।

## अदालती सूचना

**ता.पेशी 25-03-2026 सम्मन तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)**
**न्यायालय सिविल जज जू.डि. कोर्ट संख्या 18 शाहजहांपुर**
**मूलवाद संख्या 211 वर्ष 2025**
**श्रीमती अजीज फातिमा**
**बनाम**
**श्रीमती अनीस फातिमा**
**बनाम**

1- श्रीमती अनीस फातिमा पत्नी फैजान अली नि.मो. भोगा चुंगी कस्बा व पर. व तह. बीसलपुर पो. दिउरिया जिला पीलीभीत 2- श्रीमती परवीन फातिमा पत्नी इस्तेखार नि.ग्रा. दियुरिया जिला पीलीभीत 3- इस्लाम अली पुत्र ऐहतराम अली नि.मो. महमंद गढ़ी, पर. तह. सदर जिला शाहजहांपुर 4- श्रीमती यासमीन फातिमा पत्नी बबलू नि.मो. ककरा कलां पर. व तह. सदर जिला शाहजहांपुर 5- शबनम पुत्री ऐहतराम अली 6- अफसार अली पुत्र ऐहतराम अली 7- नाजरीन पुत्र ऐहतराम अली नि.गण मो. महमंद गढी, पर.व तह सदर जिला शाहजहांपुर प्रतिवादी

संख्या 1 से 7 तक हरगाह श्रीमती अजीज फातिमा वादिनी उपरोक्त ने आपके नाम एक नालिश वावत स्थाई निषेधाज्ञा के दायर की है, लिहाजा आपको को हुक्म होता है कि व तारीख 25 माह 03 सन 2026 ई. ववक्त 10 बजे दिन के असलीन या मारफत बकील जो मुकदमें की कार्यवाही से वाकिफ किया गया है। हाजिर हो और जबाबदेही दावा की करें। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें। जिन पर आप बताईद अपने जबाबदेही के इस्तदलाल करना चहाते हो। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर व रोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्खत व मोहर अदालत आज व तारीख 25 माह 02 सन 2026ई. को जारी किया गया।

**न्यायालय के आदेशानुसार मुंसरिम सिविल जज जू. डि. कोर्ट संख्या 18 शाहजहांपुर।**

## आतंक की परिभाषा तो बताओ

भारत आतंकवाद से छिला, जख्मी और असमय मौतों का देश है, लिहाजा आतंकवाद रोधी राष्ट्रीय नीति का स्वागत है। हम 1980 के दशक से बहुस्तरीय, बहुचेहरी आतंकवाद झेलते आए हैं। उसमें पाक परस्त इस्लामी, जेहादी आतंकवाद है और पूर्वोत्तर के उग्रवाद भी हैं। खालिस्तानी आतंकवाद का सफाया हो चुका है। उसके बचे-खुचे पाकिस्तान, कनाडा, अमरीका, जर्मनी आदि देशों में हैं और वे भारत-विरोधी प्रदर्शन करते रहते हैं। देश में नक्सली आतंकवाद ने भी असंख्य लाशें बिछाई हैं, लेकिन आज उसका अस्तित्व भी समाप्ति के कगार पर है। आतंकवाद ने 40-50 हजार जिंदगियां छीनी हैं। दूसरा आंकड़ा 70-80 हजार का है। जो भी हो, ये आंकड़े बेहद भयानक और खौफजदा हैं। यह हमारी सेना, अर्द्धसैन्य बलों और स्थानीय पुलिस की रणनीति का ही कमाल है कि आज भारत में इस्लामी अलगाववाद के अवशेष भी नहीं हैं। जो आतंकी हमले हाल ही में किए गए हैं, वे पाकिस्तानी आतंकियों ने किए हैं। अब जिन साजिशों के सुराग मिल रहे हैं और संदिग्ध आतंकियों की धरपकड़ की जा रही है, वे भी पाकिस्तान के लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मुहम्मद सरीखे आतंकी संगठनों के कथित 'जेहादी' हैं। आज पंजाब और पूर्वोत्तर में आतंकवाद नहीं है, कुछ स्थानीय जातीय हिंसक विवाद जरूर हैं, लेकिन आतंकवाद के हत्यारे खतरे जरूर मंडरा रहे हैं, लिहाजा प्रधानमंत्री मोदी प्रत्येक वैश्विक मंच पर आतंकवाद का जिक्र करते हैं और देशों के साथ समझौते करते हैं कि आतंकवाद एक साझा लड़ाई है। मानवता के लिए साझा खतरा है, आओ मिल कर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ें। बहरहाल इस संदर्भ में भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने देश की सर्वप्रथम आतंकवाद-रोधी राष्ट्रीय नीति की घोषणा की है।

नाम दिया गया है-'प्रहार।' अर्थात प्रिवेंशन, रिस्पांस एंड हेल्थिंग अप्रोच टू एंटी टेररिज्म। पहली बार डिजिटल खतरे को भी 'आतंकवाद' माना गया है। इन खतरों में भारत को निशाना बनाते हुए किए गए साइबर हमले, आपराधिक हैकिंग, डार्क वेब, क्रिप्टो वॉलेट आदि नई तकनीकों के जरिए किए जाने वाले आतंकी वित्तपोषण भी शामिल हैं। इनसे निपटने की रणनीति बनाई जा रही है। 'प्रहार' में साफ किया गया है कि भारत आतंकवाद को किसी विशेष संप्रदाय, जातीयता, राष्ट्रीयता अथवा सभ्यता से नहीं जोड़ता। इसका बुनियादी मकसद आतंकवाद के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति को अधिक प्रभावी ढंग से लागू करना है। दरअसल ये शब्द सरकार की तरफ से असंख्य बार बोले जा चुके हैं। खासतौर पर आतंकी हमले के बाद ऐसे वक्तव्य सामने आते रहे हैं। बुनियादी और मौजू सवाल, 'प्रहार' की घोषणा के बावजूद, यह है कि आतंकवाद की परिभाषा क्या है? संयुक्त राष्ट्र भी आज तक यह परिभाषा स्पष्ट नहीं कर सका है। यदि भारत सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ राष्ट्रीय नीति की घोषणा की है, तो आतंकवाद की परिभाषा भी स्पष्टतः बतानी चाहिए, क्योंकि देश को एक निश्चित 'सुरक्षा सिद्धांत' की जरूरत है। परिभाषा के अभाव में 'प्रहार' महज एक नीतिगत वक्तव्य से अधिक कुछ नहीं लगता। सवाल राष्ट्रीय नीति और उसकी स्वीकार्यता का है। देशवासी जानना चाहेंगे कि आतंकवाद का खतरा बाहर और भीतर से कितना है और सरकारी एजेंसियां किस तरह इन खतरों से निपट रही हैं?

# राजस्थान के डिस्टर्ब्ड एरिया बिल पर राजनीति



संजय सक्सेना

राजस्थान की राजनीति इन दिनों एक ऐसे प्रस्तावित कानून के इर्द-गिर्द घूम रही है, जिसने सत्ता, विपक्ष, समाज और प्रशासन सभी को आमने-सामने ला खड़ा किया है। राज्य सरकार द्वारा पेश किया गया डिस्टर्ब्ड एरिया बिल 2026 सिर्फ एक विधायी पहल नहीं माना जा रहा, बल्कि इसे सामाजिक ताने-बाने, संपत्ति के अधिकार और राज्य की कानून-व्यवस्था से जोड़कर देखा जा रहा है। सरकार का दावा है कि यह कानून सांप्रदायिक तनाव, जबरन पलायन और जनसंख्या असंतुलन जैसी समस्याओं से निपटने के लिए जरूरी है, जबकि विरोधियों को इसमें भय, दुरुपयोग और राजनीतिक मंशा की आशंका दिख रही है। राज्य में पिछले कुछ वर्षों से ऐसे इलाकों की चर्चा होती रही है, जहां सामुदायिक तनाव के बाद एक वर्ग के लोगों को अपने घर, दुकान या जमीन औने-पौने दामों पर बेचकर इलाका छोड़ना पड़ा। सरकार का कहना है कि दबाव, धमकी या सामाजिक असुरक्षा के माहौल में होने वाले ऐसे सौदे न सिर्फ पीड़ित परिवारों को कमजोर करते हैं, बल्कि पूरे क्षेत्र में असंतुलन पैदा कर देते हैं। प्रस्तावित कानून इसी प्रक्रिया पर लगाम कसने की बात करता है। इसके तहत राज्य सरकार को अधिकार होगा कि वह किसी भी इलाके को सीमित अवधि के लिए अशांत क्षेत्र घोषित कर सके और वहां संपत्ति के लेन-देन को सख्त नियमों से बांध सके।

सरकार की मंशा यह बताई जा रही है कि अशांत घोषित इलाके में कोई भी अचल संपत्ति बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के खरीदी या बेची नहीं जा सकेगी। यह अनुमति तभी मिलेगी जब यह साबित हो कि सौदा पूरी सहमति से, बाजार मूल्य पर और बिना किसी दबाव के हो रहा है। साथ ही किरायेदारों को बेदखली से सुरक्षा देने की भी बात कही गई है। सरकार का तर्क है कि इससे उन परिवारों को राहत मिलेगी, जो वर्षों से किसी इलाके में रहते आए हैं लेकिन अचानक बदले हालात के कारण खुद को असुरक्षित महसूस करने लगते हैं। बिल में जिस अवधारणा पर सबसे ज्यादा बहस हो रही है, वह है अनुचित जमावड़ा। कानून के मसौदे के अनुसार, यदि किसी क्षेत्र में किसी एक समुदाय का ऐसा संकेंद्रण होता है, जो दबाव, मजबूरी या गलत मंशा के कारण हुआ हो और जिससे सामाजिक सौहार्द या सार्वजनिक व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका हो, तो उस क्षेत्र को अशांत घोषित किया जा सकता है। सरकार का कहना है कि यह प्रावधान भविष्य की आशंकाओं को देखते हुए रखा गया है, ताकि हालात बिगड़ने से पहले ही हस्तक्षेप किया जा सके।



**राजस्थान के संदर्भ में सरकार कुछ खास इलाकों का उदाहरण देती है, जहां वर्षों से रहने वाले परिवारों के पलायन की बातें सामने आई हैं। जयपुर से कुछ दूरी पर स्थित कल्याणी मालपुरा और आसपास के इलाकों के किस्से अक्सर चर्चा में रहते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अचानक बदले सामाजिक समीकरणों के कारण डर का माहौल बना और कई परिवारों ने सुरक्षित भविष्य के लिए इलाका छोड़ना बेहतर समझा। सरकार इसी तरह की परिस्थितियों को रोकने के लिए कानून को जरूरी बता रही है। कानून के सख्त प्रावधान भी बहस का कारण हैं। यदि कोई व्यक्ति अशांत क्षेत्र में नियमों के खिलाफ संपत्ति का लेन-देन करता है, तो उसे तीन से पांच साल तक की जेल और भारी जुर्माने का सामना करना पड़ सकता है। सभी अपराधों को संज्ञेय और गैर-जमानती रखने का प्रस्ताव है। सरकार का कहना है कि बिना कड़ी सजा के ऐसे मामलों में रोक लगाना मुश्किल है, जबकि आलोचकों को डर है कि इससे आम नागरिकों को परेशान किया जा सकता है। कानून का एक संवेदनशील पहलू यह भी है कि इसके दायरे में पुराने सौदे भी आ सकते हैं। यदि किसी संपत्ति का हस्तांतरण अमान्य घोषित होता है, तो विक्रेता को खरीदार को तय समय के भीतर पूरी रकम लौटानी होगी। समर्थकों का कहना है कि यह प्रावधान उन लोगों को न्याय देगा, जो दबाव में आकर अपनी संपत्ति बेचने को मजबूर हुए। विरोधियों को आशंका है कि इससे वर्षों पुराने विवाद फिर से खुल सकते हैं। राजस्थान में यह बहस अब सिर्फ विधानसभा तक सीमित नहीं रही।**

राजस्थान की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी सरकार इसे एक एहतियाती कदम बता रही है। उसका तर्क है कि कई इलाकों में जनसंख्या के असंतुलन ने सांप्रदायिक तनाव को जन्म दिया है और मौजूदा कानून ऐसे मामलों से निपटने में नाकाफी साबित हुए हैं। कानून मंत्री जोगाराम पटेल पहले ही यह कह चुके हैं कि कुछ क्षेत्रों में हिंसा और दंगे की घटनाओं के बाद पुराने बाशिंदों को मजबूरी में अपनी संपत्ति बेचनी पड़ी। सरकार का मानना है कि यदि इस प्रवृत्ति को नहीं रोका गया, तो हालात और बिगड़ सकते हैं। विपक्षी कांग्रेस इस बिल को सत्ता का दुरुपयोग बताकर विरोध कर रही है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का कहना है कि यह कानून डर का माहौल पैदा करेगा और प्रशासन को मनमानी का हथियार दे देगा। उनका आरोप है कि सरकार विकास और रोजगार जैसे मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए ऐसे कानून ला रही है, जिनसे समाज में अविश्वास बढ़ेगा। विपक्ष का यह भी कहना है कि किसी इलाके को अशांत घोषित करने की प्रक्रिया पारदर्शी नहीं होगी और इसका इस्तेमाल राजनीतिक या सामुदायिक आधार पर किया जा सकता है।

राज्य सरकार इस आलोचना को खारिज करते हुए कहती है कि कानून में स्पष्ट समय-सीमा तय की गई है। किसी भी क्षेत्र को अधिकतम तीन साल या अधिसूचना में तय अवधि तक ही अशांत रखा जा सकेगा। इसके अलावा शिकायत मिलने पर एक विशेष जांच दल का गठन अनिवार्य होगा, जिसमें प्रशासन, पुलिस और स्थानीय निकाय के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। सरकार का दावा है कि इससे एकतरफा फैसलों की गुंजाइश कम होगी।इस तरह के कानूनों का इतिहास देखा जाए तो यह प्रयोग नया नहीं है। देश में सबसे पहले 1983 में पंजाब में अशांत क्षेत्र से जुड़ा कानून बना था, जब वहां उग्रवाद अपने चरम पर था। इसके बाद 1991 से गुजरात में भी ऐसा कानून लागू किया गया, जिसे समय-समय पर संशोधित किया गया। हाल के वर्षों में असम सरकार ने भी अलग-अलग समुदायों के बीच जमीन की खरीद-बिक्री को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए थे। हालांकि 2016 में केंद्र सरकार ने यह कहते हुए पंजाब को इस श्रेणी से बाहर कर दिया था कि वहां हालात सामान्य हो चुके हैं। उस समय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री किरण रिजिजू ने स्पष्ट किया था कि पंजाब अब अशांत क्षेत्र नहीं है और वहां सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम जैसी व्यवस्थाओं की जरूरत नहीं रही।

राजस्थान के संदर्भ में सरकार कुछ खास इलाकों का उदाहरण देती है, जहां वर्षों से रहने वाले परिवारों के पलायन की बातें सामने आई हैं। जयपुर से कुछ दूरी पर स्थित कल्याणी मालपुरा और आसपास के इलाकों के किस्से अक्सर चर्चा में रहते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अचानक बदले सामाजिक समीकरणों के कारण डर का माहौल बना और कई परिवारों ने सुरक्षित भविष्य के लिए इलाका छोड़ना बेहतर समझा। सरकार इसी तरह की परिस्थितियों को रोकने के लिए कानून को जरूरी बता रही है। कानून के सख्त प्रावधान भी बहस का कारण हैं। यदि कोई व्यक्ति अशांत क्षेत्र में नियमों के खिलाफ संपत्ति का लेन-देन करता है, तो उसे तीन से पांच साल तक की जेल और भारी जुर्माने का सामना करना पड़ सकता है। सभी अपराधों को संज्ञेय और गैर-जमानती रखने का प्रस्ताव है। सरकार का कहना है कि बिना कड़ी सजा के ऐसे मामलों में रोक लगाना मुश्किल है, जबकि आलोचकों को डर है कि इससे आम नागरिकों को परेशान किया जा सकता है।

कानून का एक संवेदनशील पहलू यह भी है कि इसके दायरे में पुराने सौदे भी आ सकते हैं। यदि किसी संपत्ति का हस्तांतरण अमान्य घोषित होता है, तो विक्रेता को खरीदार को तय समय के भीतर पूरी रकम लौटानी होगी। समर्थकों का कहना है कि यह प्रावधान उन लोगों को न्याय देगा, जो दबाव में आकर अपनी संपत्ति बेचने को मजबूर हुए। विरोधियों को आशंका है कि इससे वर्षों पुराने विवाद फिर से खुल सकते हैं। राजस्थान में यह बहस अब सिर्फ विधानसभा तक सीमित नहीं रही। वकील, सामाजिक कार्यकर्ता और प्रशासनिक विशेषज्ञ भी इसे अलग-अलग नजरिए से देख रहे हैं। कुछ का मानना है कि यदि समस्या गंभीर है और मौजूदा कानून नाकाम हो रहे हैं, तो सख्त कदम जरूरी हो सकते हैं। वहीं यह भी चेतावनी दी जा रही है कि किसी भी नए कानून का दुरुपयोग न हो, वरना उसका असर समाज में अविश्वास और टकराव के रूप में सामने आ सकता है। आने वाले दिनों में यह साफ होगा कि यह बिल कानून बनकर किस दिशा में जाता है और राजस्थान के सामाजिक परिदृश्य को किस तरह प्रभावित करता है।

*लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।*

विचार

# किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारेंगे केसीसी के नए प्रावधान



डॉ. इन्द्र दमन तिवारी

आर.वी. गुप्ता समिति की सिफारिशों के आधार पर 1998 में शुरू किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को आसान ऋण मुहैय्या कराना था, जिसमें बीज, उर्वरक और अन्य कृषि आवश्यकताओं को शामिल किया गया था। 2004 में इसे कृषि से जुड़ी अन्य गतिविधियों से जोड़ दिया गया। 2019 में इसमें संशोधन कर डेयरी, पशुपालन और मत्स्य पालन जैसे क्षेत्रों को भी शामिल किया गया, जिससे किसानों की गैर-फ़सल आय में वृद्धि हुई।

2020 में इसमें कुछ और सुधार किया गया जिससे किसानों की आय में बेहतरी आई, अब इस योजना में कुछ बदलाव किए जा रहे हैं और इस क्रम में ऋण चुकाने की अवधि को 6 साल तक बढ़ाने का प्रस्ताव है। वर्तमान में यह 12 महीनों में चुकाया जाता है, जो फसल की कटाई और विपणन पर निर्भर करता है। पुनर्भुगतान की अवधि को बढ़ाने से किसानों को बार-बार नया कार्ड बनवाने या बैंक के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, इससे किसान लंबे समय तक एक ही कार्ड का उपयोग कर सकते हैं। साथ ही, ऋण सीमा फसल चक्र के अनुसार तय की जाएगी, जिससे किसानों को आवश्यकतानुसार सही समय पर और उचित मात्रा में वित्तीय सहायता मिलेगी। भारतीय रिजर्व बैंक ने केसीसी योजना को और अधिक लचीला, व्यापक, उपयोगी और किसानों के हित में बनाने के लिए संशोधित दिशानिर्देश जारी किए हैं। इस प्रयास को मूर्त रूप देने के लिए 6 मार्च तक जनता से सुझाव मांगे गए है ताकि योजना को मजबूत किया जा सके और किसानों के लिए अधिक लाभप्रद बनाया जाए।



नई नियमावली कॉर्मशियल बैंक, स्माल फाइनेंस बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और ग्रामीण को-ऑपरेटिव बैंक जैसे संस्थानों पर लागू होगी। इसमें फसल को उसकी उम्र के आधार पर वर्गीकृत किया गया है, जैसे छोटी अवधि की फसल के लिए 12 महीने और लंबी अवधि की फसल के लिए 18 महीने का केसीसी ऋण मिलेगा। पहले फ़सल सीजन का समय बैंक के अनुसार अलग-अलग था और ऋण की अवधि भी कम थी। साथ ही, पहले तकनीक से संबंधित खर्च को ऋण में शामिल नहीं किया जाता था, लेकिन नए नियमों के तहत इन्हें भी ऋण की पात्रता में शामिल किया जाएगा, नए बदलावों से लंबी अवधि के ऋण का दबाव कम होगा और जरूरत के हिसाब से क्रेडिट सीमाओं का प्रयोग कर किसान पैसे की कमी से बच सकते हैं। तकनीक के बढ़ते प्रयोग से किसान अपनी आय के नए स्रोत भी बना सकते हैं। अब केवल फसल उत्पादन ही नहीं, बल्कि पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन के लिए भी कार्यशील पूंजी प्रदान की जा रही है, जिससे किसानों की आय के स्रोत बढ़े हैं। केसीसी के जरिए आसान ऋण से किसान आधुनिक कृषि उपकरण, सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई और उन्नत बीज खरीद रहे हैं, जिससे उत्पादन और आय दोनों में वृद्धि की हुई है।

अब 1.6 लाख रुपए तक का ऋण बिना संपार्श्विक के प्राप्त किया जा सकता है, जिसमें रुपये 50,000 का बीमा भी शामिल है। इससे ऋण लेना आसान हो गया है और किसानों को सामाजिक सुरक्षा मिल रही है, यह योजना सिर्फ ज़मीन के मालिक किसानों के लिए ही नहीं, बल्कि छोटे और सीमांत किसानों, बटाई पर खेती करने वालों, किराए पर खेती करने वाले, किसान समूह और स्वयं सहायता समूह जैसे कई अन्य व किसानों के लिए भी लाभदायक है। केसीसी का उद्देश्य है किसानों को समय पर पर्याप्त ऋण उपलब्ध कराना ताकि उनकी कृषि और संबंधित गतिविधियां निरंतर प्रगति कर सकें, इससे वे साहूकारों के जाल से बच सकते हैं, सस्ती दर पर वित्तपोषण से उनकी आय में वृद्धि होती है और बैंकिंग प्रणाली से जुड़ने से वे सीधे सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। एटीएम या रुपे कार्ड के माध्यम से वे ऑनलाइन बाजार से दुनिया के किसी भी कोने से आवश्यक वस्तुएं सस्ते दामों में मंगवा सकते हैं और दैनिक जीवन के के जोखिमों को कम कर सकते हैं, ऐसी स्थिति में कह सकते हैं कि सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक समय-समय पर केसीसी योजना में नए प्रावधान जोड़ रहे हैं, जिससे किसानों का आर्थिक सशक्तीकरण, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, और वित्तीय समावेशन मजबूत हो रहे हैं। उम्मीद है कि नए प्रस्तावों के लागू होने के बाद किसानों में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी।

**(अधिवक्ता, उच्च न्यायालय, लखनऊ खंडपीठ)**

साहित्य

## जिगर के टुकड़े-नीला ड्रम...?



**संजय एम तराणेकर**

परिवार की खुशियां छिनी बदनाम 'नीला ड्रम',
शुरू हुआ सिलसिला मुस्कान ने फैलाया भ्रम।
कितनी 'हिम्मत' युवा कर लेते रिश्तों में हैं जंग,
'जान' की कीमत न समझते दुनिया होती दंग।

ये बहुतेरे देख रहे हैं हम सामंजस्य का अभाव,
गुस्सैल होता जा रहा हैं युवा पीढ़ी का स्वभाव।
जिगर के टुकड़े कर रहे 'पिता' के टुकड़े-टुकड़े,
मानवेन्द्र-अक्षत का प्रताप रिश्ते बिखरे-बिखरे।

संतानों पर करियर बनाने का न बनाओ दबाव,
विवादों को ना जन्म दो-हिंसक व्यवहार तनाव।
हे परिजनों गुस्सा पहचानों बच्चों के हाव-भाव,
हो निर्मित स्वच्छ वातावरण व संवाद के प्रभाव।
(संदर्भ-बेटे ने की पिता हत्या ड्रम में छिपाया शव)





## राशिफल

**मेष:-** भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकारात्मक विचार ला सकती हैं।

**वृषभ:-** परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। अच्छी योजनाओ द्वारा महत्वपूर्ण कार्य को समयानुकूल पूर्ण करेंगे।

**मिथुन:-** भावनाओं पर नियंत्रण रख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा।

**कर्क:-** महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें।

**सिंह:-** किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी।

**कन्या:-** नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा।

**तुला:-** कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। शासन-सत्ता की दिशा में केंद्रित लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**वृश्चिक:-** किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है।

**धनु:-** रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। कुछ प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

**मकर:-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

**कुंभ:-** पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे।

**मीन:-** बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता लाएगा। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

# प्रबुद्ध समागम : सामाजिक चेतना, सांस्कृतिक संवाद व राष्ट्रीय दायित्व का संगम



राज त्रिपाठी

28 फ़रवरी, शनिवार को लखनऊ के प्रतिष्ठित स्थल इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित प्रबुद्ध समागम केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि विचारों, मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों के मंथन का एक महत्वपूर्ण अवसर था। इस कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष, ब्राह्मण शिरोमणि पंडित राजेंद्र नाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में किया गया। ऐसे समय में जब समाज अनेक प्रकार की वैचारिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक चुनौतियों से गुजर रहा है, यह समागम एक सकारात्मक पहल के रूप में सामने आया है।

**प्रबुद्ध वर्ग की भूमिका और समय की मांग:-** प्रबुद्ध शब्द अपने आप में गहन अर्थ रखता है। यह केवल शिक्षा या पद से जुड़ा नहीं है, बल्कि विवेक, संवेदनशीलता और समाज के प्रति उत्तरदायित्व से संबंधित है। किसी भी राष्ट्र के विकास में प्रबुद्ध वर्ग की भूमिका मार्गदर्शक की होती है। यह वर्ग न केवल समाज की दिशा तय करता है, बल्कि मूल्यों की रक्षा और नई पीढ़ी को संस्कारित करने में भी अग्रणी भूमिका निभाता है। आज जब सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक पहचान और राष्ट्रीय एकता जैसे मुद्दे चर्चा के केंद्र में हैं, तब ऐसे समागमों की आवश्यकता और भी बढ़ जाती है। लखनऊ की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि में आयोजित यह कार्यक्रम इस बात का प्रतीक है कि विचार-विमर्श और संवाद के माध्यम से ही समाज को सही दिशा दी जा सकती है।

**ब्राह्मण समाज और बौद्धिक परंपरा:-** भारतीय सभ्यता में ब्राह्मण समाज को सदैव ज्ञान, संस्कृति और नैतिक मूल्यों का संरक्षक माना गया है। वेद, उपनिषद, पुराण और शास्त्रों की परंपरा इसी वर्ग के माध्यम से पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ी। किंतु वर्तमान समय में केवल परंपरा का गौरव गान पर्याप्त नहीं है; आवश्यक है कि उस परंपरा को आधुनिक संदर्भों में सार्थक बनाया जाए। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा द्वारा आयोजित यह प्रबुद्ध समागम इसी दिशा में एक प्रयोस के रूप में देखा जा सकता है। यह मंच केवल जातीय पहचान तक सीमित न रहकर, व्यापक सामाजिक सरोकारों पर विमर्श का माध्यम बने—यही इसकी वास्तविक सफलता होगी। समाज के प्रत्येक वर्ग के साथ संवाद स्थापित कर समरसता और सहयोग की भावना को प्रबल करना समय की आवश्यकता है।

**सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता:-** आज के भारत में विविधता हमारी शक्ति है। भाषा, धर्म, संस्कृति और परंपराओं की विविधता के बावजूद एक भारत, श्रेष्ठ भारत की संकल्पना तभी साकार हो सकती है जब सभी वर्ग मिलकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानें। ऐसे में किसी भी सामाजिक संगठन की जिम्मेदारी है कि वह विभाजन की नहीं, बल्कि एकता की भावना को बढ़ावा दे। प्रबुद्ध समागम जैसे आयोजनों में यदि शिक्षा, रोजगार, युवाओं के मार्गदर्शन, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों पर गंभीर चर्चा हो, तो यह आयोजन समाज के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकता है। केवल सम्मान समारोह या औपचारिक भाषणों तक सीमित रहने के बजाय, ठोस कार्ययोजना और सामाजिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जानी चाहिए।

**युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा:-** आज का युवा वर्ग वैश्विक परिवेश में पला-बढ़ा है। उसके सामने करियर, प्रतिस्पर्धा और तकनीकी विकास की अनेक चुनौतियाँ हैं। ऐसे में उसे अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना और साथ ही आधुनिकता के साथ संतुलन बनाना एक कठिन कार्य है। प्रबुद्ध वर्ग का दायित्व है कि वह युवाओं को सकारात्मक दिशा दे, उन्हें नैतिक मूल्यों और राष्ट्रभक्ति की भावना से प्रेरित करे। यदि इस समागम में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की गई हो और उन्हें मंच प्रदान किया गया हो, तो यह एक सराहनीय पहल है। भविष्य उन्हीं का है, और समाज की बागडोर भी अंततः उन्हीं के हाथों में जाएगी। अतः उन्हें केवल श्रोता नहीं, बल्कि सहभागी और नेतृत्वकर्ता के रूप में तैयार करना आवश्यक है।

**महिलाओं की भागीदारी और सामाजिक परिवर्तन:-** किसी भी समाज की प्रगति महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के बिना संभव नहीं है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और नेतृत्व के क्षेत्र में महिलाओं को अवसर देना और उन्हें सशक्त बनाना हर संगठन की प्राथमिकता होनी चाहिए। प्रबुद्ध समागम जैसे मंच यदि महिला नेतृत्व और उनकी उपलब्धियों को सम्मानित करते हैं, तो यह सामाजिक संतुलन और समावेशिता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।

**संगठनात्मक जिम्मेदारी और भविष्य की राह:-** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा जैसे संगठनों के सामने आज सबसे बड़ी चुनौती है—परंपरा और आधुनिकता के बीच संतुलन स्थापित करना। समाज को केवल अतीत के गौरव की याद दिलाना पर्याप्त नहीं है; वर्तमान समस्याओं के समाधान और भविष्य की स्पष्ट दृष्टि प्रस्तुत करना भी आवश्यक है। यह समागम तभी सार्थक माना जाएगा जब इसके परिणामस्वरूप शिक्षा सहायता कार्यक्रम, छात्रवृत्ति योजनाएँ, स्वास्थ्य शिविर, सामाजिक सेवा अभियान और राष्ट्रहित में ठोस पहल शुरू हों। समाज को जोड़ने और सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में निरंतर प्रयास ही किसी भी संगठन की असली पहचान बनाते हैं। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित यह प्रबुद्ध समागम एक अवसर है—विचारों को कर्म में बदलने का, संवाद को संकल्प में रूपांतरित करने का और समाज को नई दिशा देने का। पंडित राजेंद्र नाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में यह आयोजन यदि सामाजिक चेतना, नैतिक मूल्यों और राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने का माध्यम बनता है, तो निश्चित ही इसका प्रभाव दूरगामी होगा। आज आवश्यकता है कि प्रबुद्ध वर्ग आगे आए, संकीर्णताओं से ऊपर उठे और समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चले। जब विचारशील लोग एक मंच पर आकर राष्ट्रहित में संकल्प लेते हैं, तो परिवर्तन की धारा अवश्य प्रवाहित होती है। प्रबुद्ध समागम उसी परिवर्तन की संभावनाओं का एक सशक्त संकेत है—जहाँ ज्ञान, संस्कृति और सामाजिक जिम्मेदारी एक साथ मिलकर राष्ट्र निर्माण की दिशा में कदम बढ़ाते हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### बारात से लौट रही कार अनियंत्रित होकर तालाब में गिरी, एक की मौत

**हरदोई।** मझिला थाना छेत्र के ग्राम सलेमपुर में बुधवार की देर रात एक वैवाहिक कार्यक्रम से लौट रही एक कार अनियंत्रित होकर तालाब में जा गिरी जिससे कार सवार एक युवक की मृत्यु हो गयी। चालक सहित अन्य लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकलवाया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर घायलों को इलाज के लिए भेजवाया। प्राप्त विवरण में लोनार थाना के ग्राम बरवन निवासी आनंद पुत्र उदय प्रताप मझिला थाना के ग्राम ररी में एक वैवाहिक कार्यक्रम में गए थे। बुधवार की रात करीब ग्यारह बजे वहां से लौटते समय मझिला थाना के ग्राम सलेमपुर में उनकी कार अनियंत्रित होकर एक तालाब में गिर गयी। मझिला थाना प्रभारी सतेंद्र कुमार ने बताया कि कार सवार आनंद की मृत्यु हो गयी जिनके शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाही पूर्ण कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। बाकी कार चालक और अन्य बाराती मामूली रूप से घायल हुए थे जिन्हे इलाज के लिए सीएचसी टोडरपूर भेजा गया।

### मां ज्वाला देवी का ज्योति आगमन हुआ जागरण का होगा आयोजन



**बेनीगंज/हरदोई।** जनपद हरदोई के संडीला क्षेत्र के ग्राम गंगऊ जरहा ज्वाला देवी मंदिर प्रांगण में विगत बीस वर्षो से चली आ रही श्रीमद्भागवत महा पुराण एवं दिव्य भव्य मा भगवती ज्वाला देवी का ज्योति आगमन व जागरण। कथा सप्तम दिवस में नैमिष से पधारे भागवत व्यास आचार्य अमित मयंक मिश्रजी के द्वारा सुनाई जा रही कथा में भक्त मॉल का के भक्तो के पावन चरित्र, नाम देव महाराज, सूरदास, कबीर दास, गुलाब अली, रसखान जैसे भक्तों पवन चरित्र का रसपान कराया जिसमे उपस्थित भक्त समूह रसिक जन आनंदित हुए इसी क्रम में आचार्यजी द्वारा सदमा चरित्र विषेश रूप से, महाभारत युद्ध पर प्रकाश डाला उद्धवजी भगवान का का संवाद भगवान का सारथी दारुक को धर्म सन्देश भगवान के द्वारा प्रभास क्षेत्र में यज्ञ करना यदुकुल का उद्धार भगवान श्री कृष्ण का धरा धाम का त्याग स्वधाम गमन अर्जुन को बची गोपियों को इंद्र परस्थ भेजना मार्ग में स्वयं कोयल भील बनकर उनका हरण करना अर्जुन का अभिमान का नष्ट होना, पांडवों द्वारा परीक्षित को हस्तिनापुर का राजा बनाना स्वयं सन्यासी भेष में स्वर्गारोहण आदि नवयोगेश्वर संवाद दत्तात्रेय के चौबीस गुरु की कथा आदि परीक्षित मोक्ष राज ऋषि परीक्षित के पुत्र जनमेजय द्वारा सर्प यज्ञ करना आदि की कथा सुनाई गई। यजमान द्वारा भागवत जी की आरती हुई जय जय कार की ध्वनि के साथ कथा का विश्राम, हवन पूर्णाहुति के साथ भागवत जी का समापन हुआ। शुक्रवार को माता रानी का जागरण का सभी क्षेत्र वासी व निमंत्रित गण मान्य जन आनंद उठाएंगे।

### कैरियर पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित, छात्र-छात्राओं की प्रतिभा की सभी ने की प्रशंसा



**शाहाबाद, हरदोई।** कैरियर पब्लिक स्कूल में गुरुवार को कक्षा 9 के छात्र-छात्राओं द्वारा एक विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर बच्चों ने एक से एक बेहतरीन उपकरण तैयार किये। विज्ञान प्रदर्शनी के चीफ गेस्ट डॉक्टर शारिक परवेज खां, डाक्टर मनीष शर्मा, प्रोफेसर इमरान खान, चौधरी उमेश गुप्ता, सभासद प्रतिनिधि जुनैद अली खान ने प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा तैयार किए गए माडलों का अवलोकन किया और उनसे जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर होम सिक्योरिटी अलार्म, प्रदूषण के प्रकार, वाटर साइकिल, चंद्रयान-3 उत्सर्जन तंत्र आदि विभिन्न प्रकार के माडल बच्चों द्वारा बनाए गए। प्रदर्शनी अवलोकन के बाद परिणाम घोषित किए गए। जिसमें होम सिक्योरिटी अलार्म बनाने वाले सिद्ध प्रताप सिंह और कर्मवीर सिंह को प्रथम, प्रदूषण के प्रकार बनाने वाली भूमिका, अंश शुक्ला, सगम को द्वितीय, वाटर साइकिल बनाने वाले हसन, साहिल और काशान को तृतीय विजेता घोषित किया गया। इस मौके पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेताओं को शील्ड देकर एवं गोल्ड मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। तथा प्रदर्शनी में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को सभासद प्रतिनिधि जुनैद अली खान की ओर से सभी को गोल्ड मेडल देने की घोषणा की गई। इस अवसर पर अतिथि चौधरी उमेश गुप्ता ने कहा प्रदर्शनी प्रतियोगिता में जिन बच्चों ने भाग लिया है वह सभी बच्चे बधाई के पात्र हैं क्योंकि उन्होंने मेहनत और लगन के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रबंधक डॉक्टर सलीम सिद्दीकी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रधानाचार्यपरवीन खान, उप प्रधानाचार्य शिवानी त्रिवेदी, प्रियंका गुप्ता, रितेश, अदीब आदि मौजूद रहे।

### खांसी का इलाज कराने गई महिला की इंजेक्शन लगाते हुई मौत



**हमीरपुर भरुआ सुमेरपुर।** विदोखर पुरई के प्रधान सुंदरलाल प्रजापति ने बताया कि गांव निवासी बरदानी कुशवाहा की पत्नी सावित्री अपने पुत्र राजू कुशवाहा के साथ मौदहा के डॉक्टर इकराम अली के यहां बुधवार को खांसी का उपचार कराने गई थी। डॉक्टर के गलत इंजेक्शन लगा देने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। राजू ने डॉक्टर इकराम अली द्वारा गलत इलाज कराने का मुकदमा दर्ज कराया गया है। मृतका के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतका अपने पीछे पति, पुत्रों, बहुओं को रोता बिलखता छोड़ गई है। घटना की सूचना पाकर पूर्व प्रधान मानसिंह भदौरिया, पूर्व प्रधान चंद्रप्रकाश यादव, पूर्व प्रधान रणविजय सिंह, उदयभान यादव आदि ने मृतका के घर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया है।

### पार्टी कार्यालय में नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों का जिलाध्यक्ष ने किया स्वागत




**उरई (जालौन)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश एवं क्षेत्रीय नेतृत्व द्वारा नवनियुक्त मण्डल अध्यक्षों एवं जिला प्रतिनिधि का भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने भाजपा कार्यालय उरई पर माला पहनाकर स्वागत किया। उरई नगर प्रथम में शीतल सेंगर व उरई द्वितीय में राजेंद्र शर्मा एवं कोंच ग्रामीण में सोनू पटेल को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किए गए सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर नए कार्यकाल की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि मुझे आशा है कि आप सभी संगठन की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे साथ ही 2027 के विधानसभा चुनाव में पुनः जिले की विधानसभाओं में पार्टी प्रत्याशियों को विजयीश्री का वरण कराने में अपना योगदान देंगे। इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा जिला महामंत्री रविंद प्रताप सिंह, अग्निवेश चतुर्वेदी, विवेक कुशवाहा, पुष्पेंद्र सेंगर, नीरज दुबे, आकाश गहोई, भगवती शरण एवं भाजपा कार्यकारी उपस्थित रहे।

### प्राइवेट अस्पताल में उपचार के दौरान महिला की हुई मौत




**जालौन (उरई)।** प्राइवेट अस्पताल में इलाज के दौरान महिला की मौत के मामले में परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। तोपखाना निवासी मोहम्मद सईद ने बताया कि उनके भाई वजीर की पत्नी शबाना (25) की डिलीवरी हुई थी। झांसी में चेकअप कराने के बाद वह घर आ गई थी। बुधवार की रात अचानक शबाना ने बताया कि उसे घबराहट हो रही है। जिसके बाद परिजन उसे दिखाने के लिए कोंच रोड स्थित एक प्राइवेट चिकित्सालय में दिखाने के लिए ले गए। उन्होंने आरोप लगाया कि वहां मौजूद डॉक्टर ने बिना किसी जांच या चेकअप के मरीज को बोतल लगा दी और कुछ इंजेक्शन लगा दिए। जिसके चलते कुछ देर पर शबाना की हालत बिगड़ने लगी और उसकी मृत्यु हो गई। इसकी जानकारी उसने तुरंत यूपी 112 को दी। तब तक संबंधित डॉक्टर वहां से जा चुके थे। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर आ गई थी। परिजनों सईद, वसीर आदि ने पुलिस से अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया। पुलिस ने सबाना को सीएचसी पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि परिजनों की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# बच्चों को सरकारी योजनाओं का दिया लाभ जाये: डीएम

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**




गुरुवार को स्वामी विवेकानन्द सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता मे जिला टास्क फोर्स एवं बाल श्रम उन्मूलन जनपद समिति की बैठक आहूत की गयी। जिलाधिकारी ने सहायक श्रमायुक्त को निर्देश दिये कि जनपद के ईट भट्ठा, होटल, रेस्टोरेन्ट, फैक्ट्री आदि स्थलों पर छापेमारी कर बाल श्रमिकों को बाल श्रम से मुक्त करायें। उन्होंने कहा कि बच्चों को चिन्हित कर उनको सरकार द्वारा चलायी जा रही सभी योजनाओं का लाभ दिया जाये। उन बच्चों को बाल सेवा योजना से जोड़ा जाये, बालिकाओं का कस्तूरबा विद्यालय मे प्रवेश दिलाया जाये। बच्चों के परिवार को चिन्हित कर राशन कार्ड, उज्जवला योजना का लाभ दिलाया जाये। उन्होंने कहा कि 14 से 18 वर्ष के बच्चे है उन्हें खतरनाक कार्यो के प्रति दूर रखने हेतु अभियान चलाकर उनके अभिभाविकों को जागरूक करें बच्चों को शिक्षित बनाये और बाल श्रम न करायें। बैठक में समिति के सदस्यों ने बाल श्रम रोकने हेतु अपने विचार व्यक्त किये। बैठक में सहायक श्रमायुक्त सत्यवीर सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए अशोक कुमार मौर्य, जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार निगम, समिति के सदस्य शत्रुघ्न द्विवेदी, आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा बूथ अध्यक्ष की बेवा को मंत्री ने दिया 2 लाख का चेक



**शाहाबाद/हरदोई।** क्षेत्रीय जनता के लिए सदैब सजग प्रहरी के रूप में कार्य करनी बाली प्रदेश सरकार मे उच्च शिक्षा राज्य मंत्री मंत्री रजनी तिबारी द्वारा गुरुवार को भाजपा नगर शाहाबाद के बूथ अध्यक्ष निवासी मोहल्ला खलील स्वर्गीय शैलेंन्द्र पाण्डेय उर्फ गौरी की म्रत्यु के उपरान्त उनकी बेवा पुष्पा देबी को मुख्यमंत्री बिबेकाधीन कोष से 2 लाख रूपए की आर्थिक सहायता मुहैया कराई गई। बताते चले कि गौरी की मृत्यु के बाद से उनका परिबार आर्थिक तंगी से गुजर रहा था जिसको संज्ञान लेते हुए मंत्री के अनुरोध पर मुख्य मंत्री राहत कोष से पीडित परिवार को 2 लाख रूपए की चेक दी गई। इस मौके पर एसडीएम अंकित तिवारी,भाजपा नगर अध्यक्ष पिंटू पाण्डेय, क्रेन ग्रोबर्स चेयर मैन रंजीत सिंह, रामलाल, विपिन आन्नद गुप्ता आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## युवक को तमंचे के साथ ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

**शाहाबाद हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली छेत्र के ग्राम बेगमपुरवा में 24/25 की रात ग्रामीणों ने एक युवक को तमंचे के साथ पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पकड़े गए युवक का साथी मौका पाकर भागने में सफल रहा। पुलिस ने गिरफ्तार युवक और उसके फरार साथी पर शस्त्र अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार युवक को जेल भेज दिया है। बेगमपुरवा निवासी गुरुदेव रैदास पुत्र विश्राम के अनुसार 24/25 फरवरी की रात वह अपने घर पर था। तभी उसके परिचित शाहजहांपुर जनपद के सेहरामऊ थाना के ग्राम डीगूर पुर निवासी दीपांकर पुत्र बद्रीप्रसाद अपने साथ कोतवाली शाहाबाद के ग्राम हुसैनापुर निवासी आशुतोष प्रजापति पुत्र गुरुवचन के साथ उसके दरवाजे नशे में आये और आपस में विवाद करने लगे। गांव निवासी संतोष पुत्र छूँनुलाल ने राजेश, श्यामू, और राहुल के साथ उन दोनों को घेर लिया आशुतोष अँधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। ग्रामीणों ने दीपांकर के पास से एक तमंचा और एक कारतूस बरामद किया। ग्रामीणों ने उसे शाहाबाद पुलिस के सुपुर्द किया है। शाहाबाद कोतवाली प्रभारी अरविन्द कुमार राय ने बताया तमंचे सहित लाये गए युवक और उसके फरार साथी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। पुलिस वैधानिक कार्यवाही कर रही है।

# धारदार हथियार से छात्रा को घायल करने वाला युवक पुलिस मुठभेड़ में हुआ घायल

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

लोनार थाना छेत्र के बावन में इंटर का पेपर देकर वापस लौट रही छात्रा को धारदार हथियार से हमला कर घायल करने वाले युवक को पुलिस ने मुठभेड़ में घायल कर गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त विवरण में 25 फरवरी को थाना लोनार पर एक युवक द्वारा स्कूली छात्रा को धारदार हथियार से घायल करने के मामले में पुलिस द्वारा मौके पर पहुँचकर जांच की गयी तो ज्ञात हुआ थाना लोनार क्षेत्रान्तर्गत कस्बा बावन के पास एक छात्रा जो 12वीं कक्षा का पेपर देकर वापस घर आ रही थी। जहां रास्ते में पकंज पुत्र रामरूप निवासी ग्राम असलापुर द्वारा शादी करने के लिये छात्रा से कहा गया। छात्रा द्वारा मना करने पर पंकज द्वारा धारदार हथियार से सिर पर वार कर छात्रा को घायल कर दिया गया। घायल छात्रा को उपचार हेतु सीएचसी बावन भेजा गया। इस संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गयी। पुलिस



अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा घटना में संलिप्त अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम गठित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। 25फरवरी की रात्रि को थाना लोनार के प्रभारी राकेश यादव और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त मारपीट की घटना में संलिप्त/वांछित पकंज पुत्र रामरूप को गिरफ्तार किया गया। 26 फरवरी की रात्रि को पुलिस पकंज की निशादेही पर मारपीट की घटना से सम्बन्धित बांका की बरामदगी के बाद उसको अपने साथ लेकर थाना लोनार वापस आ रही थी। तभी पंकज उपरोक्त द्वारा ग्राम जगदीशपुर बावन रोड़ के पास अचानक आरक्षी रोहित कुमार की सरकारी इंसास राइफल को छीनकर भागने का प्रयास किया गया। मौके पर मौजूद पुलिस टीम द्वारा त्वरित आवश्यक कार्यवाही करते हुए घेराबंदी की गयी। खुद को घिरा देख पंकज उपरोक्त द्वारा जाने से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायर किया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायर किया गया जिसमें पंकज दाएं पैर में गोली लगने से घायल हो गया। इस दौरान आरक्षी रोहित कुमार को भी चोटे आयी है। स्थानीय पुलिस द्वारा घायल पंकज को उपचार हेतु चिकित्सालय भेजा गया है। पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार पंकज से पूछताछ करने ज्ञात हुआ कि पंकज व छात्रा पूर्व में एक ही स्कूल में पढते थे। पंकज उपरोक्त उक्त छात्रा को मन ही मन पसंद करता था। जो छात्रा से शादी भी करना चाहता था। छात्रा द्वारा मना करने पर पंकज उपरोक्त द्वारा क्षुब्ध होकर उक्त घटना कारित की गयी।

### मारपीट के आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई।** थाना क्षेत्र के मोहल्ला खेड़ा बीबीजई निबासी उस्मान पुत्र शफीक के अनुसार 24 फ़रवरी की दोपहर 3 बजे बच्चों की कहासुनी में जब वह साजीम, अजीम पुत्रगण कसीम और नईम के घर शिकायत लेकर गया तो आरोपियों ने उसे गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। थाना क्षेत्र के मोहल्ला मौलागंज निवासी याक़ूब पुत्र इशहाक के अनुसार उसके भाई आफाक ने अपनी पत्नी अमीना के नाम उसकी जगह का सर्वे करवा कर प्रधानमंत्री आवास मंजूर करवा लिया और उस पर वह निर्माण करवा रहा है। जबकि उस भूमि में उसका भी हिस्सा है। 14 फरवरी को उसने निर्माण कार्य रुकवाया तो आरोपी भाई ने गाली-गलौज करते हुए डंडे से मारपीट कर उसे घायल कर दिया और जान से मार डालने की धमकी दी। मारपीट की घटनाओं में पीड़ितों की लिखित तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

# अवैध हॉट मिक्स प्लांट के खिलाफ व्यापारियों का विरोध तेज, जहरीले धुएं से एक किमी क्षेत्र प्रभावित

**पाली, हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत पाली की सीमा में बिना वैध अनुमति संचालित हो रहे हॉट मिक्स प्लांट के खिलाफ स्थानीय लोगों और व्यापारियों का विरोध अब खुलकर सामने आने लगा है। प्लांट से निकल रहे तारकोल युक्त जहरीले धुएं से आसपास के करीब एक किलोमीटर क्षेत्र में रहने और कारोबार करने वाले लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है।

स्थानीय निवासी मोहित कुमार ने उपजिलाधिकारी एवं कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर नगर पंचायत के वार्ड भगवंतपुर में आबादी के बीच अवैध रूप से हॉट मिक्स प्लांट संचालित किये जाने



की शिकायत की थी पर कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि यह प्लांट नगर पंचायत, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राजस्व विभाग और अग्निशमन विभाग सहित संबंधित विभागों की अनुमति और अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) के बिना चल रहा है। प्लांट की चिमनी से लगातार निकल रहा काला जहरीला धुआं पूरे क्षेत्र में फैल रहा है, जिससे उन्हें सांस लेने में परेशानी, आंखों में जलन और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा आसपास के पेड़-पौधों पर भी प्रदूषण का असर दिखाई दे रहा है, जिससे पर्यावरण संतुलन बिगड़ने की आशंका जताई जा रही है।

मामले को लेकर आसपास के दुकानदार एकत्रित हुए और हॉट मिक्स प्लांट के खिलाफ विरोध जताया। व्यापारियों ने कहा कि प्लांट से निकलने वाले धुएं के कारण उन्हें दुकान पर बैठना मुश्किल हो रहा है और सांस संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल प्लांट को बंद कराने की मांग की। उनका कहना है कि आबादी के बीच इस तरह का प्लांट संचालित होना नियमों का खुला उल्लंघन है और प्रशासन को तत्काल इसे सील कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए।

### डीसीएम की टक्कर से कार में सवार चार युवक लहुलुहान

**जालौन (उरई)।** देर रात कोंच रोड पर डीसीएम व कार में आमने सामने टक्कर होने से कार सवार चार युवक घायल हो गए। घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया। जहां से उन्हें उच्च संस्थान रेफ़र कर दिया गया। बुधवार की देर रात करीब एक बजे एक कार कोंच की ओर जा रही थी और कोंच की ओर से एक डीसीएम मटर लादकर जालौन की ओर आ रही थी। कोंच रोड पर देवरी और उदोतपुरा के बीच दोनों वाहन आमने सामने आ गए और उनके बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिकरीराजा निवासी कार सवार सुमित, सौरभ, सुनील व वीरू गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके से निकल रहे लोगों ने हादसे की सूचना यूपी 112 को दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस से सभी घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें उच्च संस्थान रेफ़र कर दिया। वहीं पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर कोतवाली में खड़ा कराया है।

## सड़क हादसे में तीन महिलाओं की हुई दर्दनाक मौत

▸ विवाहिक कार्यक्रम से लौट रहीं महिलाओं को पिकअप ने रौंदा

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

शहर कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार पिकअप वाहन के रोंदने से तीन महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गई है, जबकि एक गंभीर रूप से घायल महिला को उपचार हेतु हायर सेकेंडरी रेफर किया गया है। सूचना पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भरकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जाता है यह घटना शहर कोतवाली हाईवे स्थित आरटीओ कार्यालय के पास रात्रि की है जहां शहर के भाटीपुरा महल की रहने वाली श्याम रानी अपनी पड़ोसी तुलसा, गीता और



भगवती के साथ कानपुर हाईवे स्थित एक मैरिज हॉल में आयोजित विवाह कार्यक्रम में पूड़ी बनाकर वापस पैदल अपने घर जा रही थी, जैसे ही सभी महिलाएं हाइवे स्थित आरटीओ कार्यालय के पास पहुंची पीछे से आ रहा तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर महिलाओं को रोदता हुआ मौके से फरार हो गया। इस हादसे में श्याम रानी महिला की मौके पर मौत हो गई। लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस 108 की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने श्याम रानी को देखते ही मृत घोषित कर दिया जबकि गीता की उपचार दौरान मौत हो गई ।हालत नाजुक होने पर तुलसा व भगवती प्रजापति को झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया जहां भगवती ने भी रास्ते में दम तोड़ दिया। जबकि चौथी महिला तुलसा जिंदगी और मौत से जूझ रही है सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों मृतक महिलाओं के शवों को पंचनावा भरकर पोस्टमार्टम के बाद अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। एक साथ तीन महिलाओं की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। सदर विधायक राकेश गोस्वामी ने इस घटना पर दुख जताया है और मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधाते हुए जो भी संभव होगा मदद का भरोसा दिया है।

## अवैध खनन परिवहन के खिलाफ प्रशासनिक टीम की बड़ी कार्रवाई, 16 ट्रक किए सीज

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** खनिज, राजस्व, परिवहन एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने एसडीएम के नेतृत्व में छापामार कार्यवाही करते हुए कांटा, पर्ची और परिवहन के अवैध दस्तावेज सहित रजिस्टर भी सीज कर दिए हैं। प्रशासन द्वारा की गई इस कार्यवाही से अवैध खनन में लिप्त खनन कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। यह मामला कबरई थानाक्षेत्र की ग्रेनाइट पत्थर मंडी का है। जहाँ क्रेशर मंडी में रोजाना हजारों ट्रक गिट्टी का परिवहन होता है जिसके लिए रायल्टी सहित परिवहन के दस्तावेज वाहनों चालको को मुहैया कराए जाते हैं। लगातार क्षेत्र में अवैध खनन परिवहन की शिकायतों का संज्ञान लेकर जिलाधिकारी गजल भारद्वाज के निर्देश पर गठित खनिज, राजस्व, परिवहन



विभाग, सहित पुलिस की सँयुक्त टीम द्वारा एसडीएम सदर शिव ध्यान पाण्डेय के नेतृत्व में शक्तिमान एवं एस-एस ग्रेनाइट में छापामारी की कार्यवाही की गई। इसी दौरान अवैध खनन परिवहन में लिप्त 16 ट्रकों को सीज कर अवैध खनन परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया गया। एसडीएम शिवध्यान पाण्डेय ने बताया कि प्रवर्तन दल द्वारा चेकिंग की जाती है और इसी चेकिंग के दौरान कुछ गाड़ियों के कागजात पूरे नही पाए गए जिनके खिलाफ कार्यवाही की गई है।

**सूचना**

मैंने नगर पालिका फर्रुखाबाद से पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र बनवाया था, जिसमें उसका नाम प्रनिका अग्रलाल दर्ज हो गया है, जो कि गलत है। पुत्री का सही नाम पावनी अग्रवाल (PAVNI AGARWAL) है, जो सही है। जिसे मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज करने की कृपा करें। **तरुन अग्रवाल पुत्र स्व0 संजीव अग्रवाल निवासी मकान नंबर 3/27 रकाबगंज कला, फर्रुखाबाद।**

**सूचना**

मैंने नगर पालिका से पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र 27/09/2025 में बनवाया था, जिसमें उसका नाम सारा दर्ज हो गया है, जो कि गलत है, जबकि पुत्री का वास्तविक नाम वर्णिका है, जो सही है। जिसे मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज करने की कृपा करें।
**अंकित यादव पुत्र शैलेन्द्र यादव निवासी सभापुर पो0 सराय प्रयाग, कन्नौज, जनपद-कन्नौज।**

## कलेक्ट्रेट में डीएम की जनसुनवाई में आयीं 94 शिकायतें, अधिकांश निस्तारित

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लगभग 94 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम, खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, बीडीओ व



अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

# जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक डीएम की अध्यक्षता में की गयी आयोजित

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जनपद के नोडल अधिकारी संदीप मालवीय, जिला प्रभारी मेवा लाल, जिलाजनगणना अधिकारी राकेश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी/डिप्टी कलेक्टर, समस्त तहसीलदार, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित जनगणना-2027 के अंतर्गत प्रथम



चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (House Listing & House Census) के सफल, समयबद्ध एवं त्रुटिरहित संचालन हेतु की जा रही तैयारियों की समीक्षा की गई। अवगत कराया गया कि यह प्रथम चरण दिनांक 22 मई 2026 से 20 जून 2026 तक संचालित किया जाएगा। इस चरण के अंतर्गत नागरिकों को स्व-गणना की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिसकी अवधि 07 मई 2026 से 21 मई 2026 तक निर्धारित की गई है। जनगणना-2027 का द्वितीय चरण-जनसंख्या की गणना दिनांक 09 फरवरी 2027 से 28 फरवरी 2027 तक संपन्न कराया जाएगा। बैठक में गणना क्षेत्रों के प्राथमिक सीमांकन, क्षेत्रवार कार्ययोजना, गणनाकर्मियों के चरणबद्ध प्रशिक्षण तथा निगरानी व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई जनगणना कार्य के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु तहसील एवं नगर निकाय स्तर पर सतत निगरानी व्यवस्था तथा आवश्यकतानुसार नियंत्रण कक्ष की स्थापना किए जाने के निर्देश दिए गए।

**आवश्यक सूचना**

मेरे बैनामा की मूल प्रति कहीं गुम हो गयी है। जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 27-4-2005 को रजिस्टार ऑफिस मोहम्मदी में पंजीकृत हुई थी। उक्त बैनामा की जिल्द संख्या 2310 व पृष्ठ संख्या 135/178 पर क्रमांक 4307 पर रजिस्ट्रीकृत है। काफी तलाश करने पर बैनामा की मूल प्रति का कहीं पता नहीं चला। जिस किसी को भी मिले वह हमें तत्काल सूचित करे।

अमित कुमार गुप्ता व आलोक कुमार गुप्ता पुत्र स्वर्गीय रामकुमार गुप्ता निवासी मोहल्ला बाजार गंज कस्बा मोहम्मदी। आनंद कुमार गुप्ता एडवोकेट तहसील मोहम्मदी जिला लखीमपुर खीरी मो.नं.- 8528805835।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार



# जिला कारागार का डीएम व एसपी ने संयुक्त रूप से किया औचक निरीक्षण

▸ सुरक्षा व्यवस्था एवं सीसीटीवी निगरानी को लेकर दिए निर्देश



**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** गुरुवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने संयुक्त रूप से जिला कारागार, बाराबंकी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारी द्वय ने सर्वप्रथम कारागार के मुख्य द्वार पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा तैनात सुरक्षा कर्मियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात कारागार के भीतरी परिसर का भ्रमण कर हाई सिक्योरिटी बैरिक, साफ-सफाई, अनुशासन एवं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने कारागार के कंट्रोल रूम पहुँचकर वहाँ से संचालित सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था का गहनता से अवलोकन किया और निर्देश दिए कि कारागार की सतत एवं प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी सीसीटीवी कैमरे हर समय चालू एवं क्रियाशील रहें तथा किसी भी प्रकार की तकनीकी खराबी को तत्काल दूर किया जाए। निरीक्षण के दौरान महिला बैरक, पुरुष बैरक, गौशाला एवं कारागार अस्पताल का भी निरीक्षण किया। बैरकों में बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं, प्रकाश, शौचालय, स्वच्छता, भोजन एवं पेयजल आदि व्यवस्थाओं का परीक्षण किया गया। अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता एवं साफ-सफाई की स्थिति का भी जायजा लिया गया। अधिकारियों ने जेल प्रशासन को निर्देश दिए कि बंदियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं सुविधाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि कारागार में अनुशासन, स्वच्छता एवं सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएँ नियमित रूप से संचालित की जाएँ। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याएँ भी सुनीं और उनके समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर जेल अधीक्षक, जेलर सहित कारागार के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विधायक ने किया इंटरलॉकिंग मार्ग का लोकार्पण



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** ग्रामीणों की सुविधाओं के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।सरकार गांवों के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है।भाजपा सरकार विकास के लिए संकल्पित है और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु कार्य निरंतर जारी हैं। उक्त विचार मुख्य अतिथि विधायक दिनेश रावत ने विकासखंड त्रिवेदीगंज अंतर्गत अकबरपुर गांव में 4: 50 लाख रुपए की लागत से निर्मित 100 मीटर इंटरलॉकिंग के लोकार्पण अवसर पर व्यक्त किया। पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने कहा कि हैदरगढ़ विधानसभा का विकास प्रगति की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि वे विधानसभा क्षेत्र में जनहित सुविधाओं के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता प्रहलाद शरण जायसवाल पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सिंह ग्राम प्रधान बलवीर मौर्य सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## वात्सल्य संस्था ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** ग्राम पंचायत रामसहाय में गुरुवार को वात्सल्य सक्षम परियोजना के तहत एक निःशुल्क स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम प्रधान दयाशंकर शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और उन्होंने दीप प्रज्वलित कर मेले का उद्घाटन किया।यह स्वास्थ्य मेला सीएचसी सिरौलीगौसपुर आईसीडी एस के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया था।मेले में ग्रामीणों को हीमोग्लोबिन ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर जैसी निःशुल्क जांचों की सुविधा मिली। इसके अतिरिक्त, सैकड़ों लोगों को मुफ्त इलाज और आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई।स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों को एनीमिया, मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी सामान्य बीमारियों के प्रति जागरूक किया।

## सड़क हादसे में पंचायत सचिव हुए घायल



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** बदोसराय कस्बे मे गुरुवार को एक सड़क हादसे मे ग्राम पंचायत सचिव वीरेंद्र तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए।उन्हे तत्काल संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर में भर्ती कराया गया जहां उनका उपचार जारी है।जानकारी के अनुसार पंचायत सचिव वीरेंद्र तिवारी कस्बा बदोसराय में पैदल सड़क पार कर अपनी गाड़ी के पास जा रहे थे।इसी दौरान एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार युवक ने उन्हे जोरदार टक्कर मार दी।

इस हादसे मे वीरेंद्र तिवारी के बाएं हाथ मे हड्डी टूट गई और शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटे आई।

# मंडलायुक्त ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों का किया निरीक्षण

▸ पत्रावलियों के डिजिटलीकरण से प्रशासनिक कार्यों में गति आएगी व पारदर्शिता बढ़ेगी : मंडलायुक्त



**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** मंडलायुक्त, लखनऊ मण्डल, लखनऊ विजय विश्वास पंत ने आज कलेक्ट्रेट में संयुक्त कार्यालय के विभिन्न पटलों का निरीक्षण कर कार्यालय की कार्यप्रणाली,अभिलेख संरक्षण,जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति एवं शिकायत निस्तारण की समीक्षा की। मंडलायुक्त ने सर्व प्रथम संयुक्त कार्यालय में राजस्व सहायक (प्रथम), न्याय सहायक (द्वितीय), शिकायत प्रकोष्ठ, न्याय सहायक (द्वितीय), लेखाकार, डी0एल0आर0सी0, स्थापना, आंग्ल अभिलेखागार, डिस्पैच पटल का निरीक्षण कर पटल से सम्बन्धित कार्यो की गहन समीक्षा की गई व अभिलेखों के रख-रखाव को देखा गया। इसके पश्चात अभिलेखागार का निरीक्षण किया गया। मंडलायुक्त ने कार्यरत कार्मिकों की सेवा पुस्तिका का अवलोकन किया, जिसमें सभी कार्मिकों की सर्विस बुक अपडेट पायी गई। इसके पश्चात मंडलायुक्त ने सेवा निवृत्त व स्थानान्तरित कार्मिकों की पत्रावलियों का भी अवलोकन किया। मंडलायुक्त ने पटलों के निरीक्षण में संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिये कि अभिलेखों एवं पत्रावलियों का रख-रखाव ठीक प्रकार करें और आवश्यक शासनादेशों को गाइट फाइल में रखें। शस्त्र अनुभाग के निरीक्षण में मंडलायुक्त ने कहा कि शस्त्र वरासत संबंधी सभी पत्रावलियों की जांच करायें और शस्त्र नवीनीकरण की प्रक्रिया समय पर निर्धारित करायें। उन्होंने कहा कि सभी पत्रावलियों का डिजिटलीकरण कराये और डिजिटलीकरण से न केवल प्रशासनिक कार्यों में गति आएगी, बल्कि पारदर्शिता भी बढ़ेगी। उन्होने सेवानिवृत्त कार्मिकों के देयों के भुगतान की स्थिति की जानकारी ली तथा निर्देश दिये कि सेवानिवृत्ति देयों अथवा एसीपी से संबंधित कोई भी प्रकरण लंबित न रखें। लंबित प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने व पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल यादव, सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल कुमार शर्मा सहित सम्बन्धित अधिकारी व कलेक्ट्रेट कार्मिक उपस्थित रहें।

# केजीबीवी की छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण के लिए बीएसए ने किया रवाना



**बाराबंकी।** जनपद के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की छात्राओं का शैक्षिक भ्रमण गुरुवार को उत्साह और उमंग के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक एवं स्वदेश मिल्क प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक पीयूष उपाध्याय ने बस को हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति से कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। शैक्षिक भ्रमण के प्रथम चरण में 231 छात्राएं रवाना हुई। जनपद के 15 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की लगभग 1900 छात्राएं एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं विभिन्न निर्धारित तिथियों पर इस शैक्षिक यात्रा में सहभागिता करेंगी। शासनादेश के अनुरूप छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक बस में दो महिला पुलिस कर्मियों तथा चिकित्सकीय टीम की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शैक्षिक भ्रमण से विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होता है। इससे उन्हें ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक जानकारियों का प्रत्यक्ष अनुभव मिलता है, जो उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होता है। स्वदेश मिल्क प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक पीयूष उपाध्याय ने कहा कि कक्षा के बाहर सीखने का अनुभव छात्राओं के आत्मविश्वास को बढ़ाता है और उनमें नई जिज्ञासाओं का संचार करता है। उन्होंने आभार जताते हुए कहा कि शैक्षिक भ्रमण पर जा रही करीब 4 सौ बालिकाओं को स्कूल ड्रेस प्रदान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। स्वदेश मिल्क प्राइवेट लिमिटेड द्वारा यह केवल ड्रेस वितरण नहीं, बल्कि उनके सपनों को संबल देने और आत्मविश्वास जगाने का एक विनम्र प्रयास है।

## खबरें एक नजर में

### स्कूल बस की टक्कर से बाइक सवार की दर्दनाक मौत



**डलमऊ समृद्धि न्यूज़।** मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपनी दुकान जा रहे युवक को स्कूल बस ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया आनन फानन में युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां पर उपस्थित चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के घोसियाना निवासी मोहम्मद अकील उम्र लगभग 36 वर्ष पुत्र मोहम्मद जमील डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के घुरवारा में कपड़े की दुकान करता था गुरुवार को वह सुबह अपने घर से मोटरसाइकिल पर सवार होकर दुकान जा रहा था जैसे ही वह कोतवाली क्षेत्र के जोहवा नटकी गांव के पास पहुंचा तभी अनियंत्रित स्कूल बस ने उसे जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया आनन फानन में वहां मौजूद लोगों ने उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ पहुंचाया जहां पर उपस्थित चिकित्सकों ने घायल को मृत घोषित कर दिया सूचना पर पहुंची डलमऊ पुलिस ने बस एवं मोटरसाइकिल को कब्जे में ले लिया और शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया घटना की सूचना घर पहुंची तो परिजनों में हाहाकार मच गया रमजान के महीने में घर का चिराग बुझ जाने से पारिवारिक जन सदमे में है घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### साइकिल सवार दंपत्ति को अज्ञात कार ने मारी जोरदार टक्कर, एक चोटिल



**बछरावां समृद्धि न्यूज़।** लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर खैरहनी गांव के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने पीछे से साइकिल सवार बुजुर्ग दंपति को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह दोनों सड़क मार्ग पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल साइकिल सवार दंपति शीतलादीन पुत्र रामरतन उम्र 50 वर्ष अपनी पत्नी निर्मला देवी उम्र 60 वर्ष निवासीगण ग्राम कन्नावा थाना बछरावा, जो की साइकिल पर सवार होकर कुंदनगंज जा रहे थे, जैसे ही वह उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित खैरहनी गांव के पास प्राथमिक स्कूल के निकट पहुंचे, तभी लखनऊ से रायबरेली की ओर जा रही एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह दोनों सड़क मार्ग पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं टक्कर मारने के बाद कार सवार अपना वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। लेकिन मौके पर मौजूद ग्रामीणों के द्वारा यह जानकारी दी गई कि उन्होंने उस कार का नंबर नोट कर लिया है। और ग्रामीणों ने तत्काल घटना की सूचना एंबुलेंस को दी, सूचना पाकर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने दोनों घायलो को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया। जहां मौजूद चिकित्सक के द्वारा दोनों का प्राथमिक उपचार करने के पश्चात पत्नी निर्मला की हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित हुए डॉ. शरद

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**



जनपद के टीकरमाफी निवासी दैनिक समाचारपत्र सहारा जीवन के प्रधान सम्पादक संतोष कुमार श्रीवास्तव के अनुज चर्चित कवि एवम् साहित्यकार डॉ.शरद श्रीवास्तव के काशी हिंदी विद्यापीठ द्वारा डॉक्टरेट (विद्या-वाचस्पति) की मानद उपाधि एवम् विश्व हिंदी शोध संवर्धन अकादमी वाराणसी द्वारा जयशंकर प्रसाद सम्मान से सम्मानित होने पर अमेठी परिक्षेत्र में खुशी की लहर है। ध्यातव्य है कि डॉ.शरद यू.पी.कॉलेज वाराणसी में सपत्नीक कार्यरत हैं। विगत तीन दशकों से अंग्रेजी विषय के अध्ययन-अध्यापन के साथ ही एक लम्बे समय से अपने गीतों, मुक्तकों, कविताओं, अंग्रेजी साहित्य की कविताओं के काव्यानुवादों एवम् साहित्यिक कार्यक्रमों के संयोजन एवम् विशिष्ट संचालन शैली के माध्यम से साहित्य को अभूतपूर्व सामर्थ्य प्रदान कर रहे हैं। इसके पूर्व में भी डॉ.शरद अनेकों साहित्यिक सम्मानों से सम्मानित हुए हैं। संपूर्ण क्षेत्रवासी इनकी विशिष्ट उपलब्धियों पर गर्व की अनुभूति करते हुए सतत् शुभकामनाएं दे रहे हैं।

## प्रभारी मंत्री ने विकास कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** प्रदेश के खाद एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग राज्यमंत्री एवं जनपद प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान विकासखंड सिंहपुर क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने ग्राम पंचायत के सभी मजरों में नल कनेक्शन की स्थिति तथा निर्धारित समयानुसार जलापूर्ति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान एक बुजुर्ग ग्रामीण द्वारा राशन कार्ड न बनने की जानकारी देने पर मंत्री ने संबंधित पूर्ति निरीक्षक को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने सीएचसी सिंहपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं संबंधित चिकित्सकों को निर्देशित किया कि मरीजों को बेहतर एवं सुचारु स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। प्रभारी मंत्री ने कंपोजिट विद्यालय एवं बीआरसी सिंहपुर का निरीक्षण करते हुए बच्चों से शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। खारा स्थित गो आश्रय स्थल का निरीक्षण करते हुए मंत्री ने गोवंशों के लिए हरे चारे, भूसे, पेयजल एवं पशु आहार की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने स्वयं गोवंशों को गुड़ व केला खिलाया और व्यवस्थाएं संतोषजनक पाए जाने पर अधिकारियों की प्रशंसा की। इसके पश्चात उन्होंने बायोगैस प्लांट एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का निरीक्षण किया। डीपीआरओ द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत खारा का समस्त कचरा प्रोसेस कर जैविक खाद तैयार की जाती है तथा गौशाला से प्राप्त गोबर व गोमूत्र से बायोगैस के माध्यम से ऊर्जा उत्पादन किया जाता है, जिससे आटा चक्की व अन्य उपकरण संचालित किए जाते हैं।

## तमंचा व कारतूस के साथ वांछित गिरफ्तार

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्रा के नेतृत्व में बृहस्पतिवार को थाना अमेठी पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त संदीप मिश्रा उर्फ संदीपन पुत्र स्व. उदयराज मिश्रा निवासी ग्राम पूरे गौरी मिश्रा का पुरवा थाना अमेठी को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा, एक जिंदा व दो खोखा कारतूस, 315 बोर बरामद हुआ है। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि कल हमने इसी तमंचे से फायर कर दिया था। बरामदगी के आधार पर उक्त अभियोग में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी कर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## आर.आर.पी.जी. कॉलेज में वृहद रोजगार मेले का हुआ सफल आयोजन



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिले के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमेठी में जिला सेवायोजन कार्यालय के सौजन्य से रोजगार मिशन योजना के अंतर्गत एक दिवसीय बृहद रोजगार मेले का भव्य आयोजन किया गया। मेले में देशभर की 50 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग किया तथा लगभग 5000 से अधिक रिक्त पदों के लिए साक्षात्कार आयोजित किए गए। मेले में 1210 से अधिक अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 952 से अधिक युवाओं का विभिन्न कंपनियों में चयन किया गया। चयनित युवाओं के चेहरे पर प्रसन्नता और आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से दिखाई दिया, जो जनपद के लिए गौरव का विषय है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. संजय सिंह एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. अमीता सिंह ने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। मुख्य अतिथि डॉ. संजय सिंह व विशिष्ट अतिथि डॉ. अमीता सिंह ने सभी प्रतिभागी कंपनियों एवं आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए चयनित युवाओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं अन्य अतिथियों का बुके, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओमप्रकाश त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, आयोजकों, कंपनियों के प्रतिनिधियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में आई.टी.आई. के प्रधानाचार्य अजय सिंह का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। जिला सेवायोजन कार्यालय के सुरेंद्र पांडेय एवं मृत्युंजय तिवारी का आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. रमेश सिंह द्वारा किया गया। यह बृहद रोजगार मेला अमेठी जनपद के युवाओं के लिए रोजगार सृजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक कदम सिद्ध हुआ।

## एनडीपीएस एक्ट के तहत एक युवक गिरफ्तार

19 ग्राम हीरोइन पकड़ी

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व 'नशा मुक्त अमेठी अभियान' के अन्तर्गत बृहस्पतिवार को क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त गुफरान पुत्र स्व. फहीम निवासी सुफियाना कस्बा रुदौली थाना रुदौली जनपद अयोध्या को गिरफ्तार किया गया है। कब्जे से 19 ग्राम हेरोईन बरामद हुई है। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## शादी का झांसा देकर तीन साल तक दुष्कर्म, अब किया इंकार




**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद निवासिनी एक युवती ने युवक पर शादी का झांसा देकर तीन साल तक दुष्कर्म करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने पीड़िता से प्रेम संबंध बनाकर विवाह का भरोसा दिलाया था और इसी विश्वास का फायदा उठाते हुए लगातार पीड़िता का शारीरिक शोषण करता रहा। जब युवती ने शादी के लिए दबाव बनाया तो युवक ने साफ तौर पर इंकार कर दिया। पीड़िता के अनुसार वह अपने ननिहाल नसीराबाद आती-जाती थी, जहां उसकी आरोपी युवक से मुलाकात हुई और दोनों के बीच प्रेम संबंध स्थापित हो गए। युवती का आरोप है कि शादी की बात करने पर युवक ने उसे अपने घर बुलाया, जहां परिजनों के साथ मिलकर उसके और उसके परिवार के साथ मारपीट की गई। उक्त मामले में पीड़िता युवती ने बताया कि कोतवाली गौरीगंज में शिकायती पत्र दिया है तथा साथ ही पुलिस अधीक्षक से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता का कहना है कि उसे लगातार धमकियां भी मिल रही हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# डीएम और एसपी की अध्यक्षता में आगामी त्यौहार को देखते हुए की गई बैठक, दिए कड़े निर्देश




**समृद्धि न्यूज, सीतापुर।** जनपद में आगामी त्यौहारों को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में पीस कमेटी एवं कानून व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि त्यौहार हमारी साझा सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं, अतः सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए यह सुनिश्चित करें कि कहीं भी कानून व्यवस्था की स्थिति प्रभावित न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद के संवेदनशील एवं अति संवेदनशील स्थलों की पहचान कर वहां मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती की जाए तथा नियमित गश्त बढ़ाई जाए। भीड़भाड़ वाले बाजारों, प्रमुख चौराहों, धार्मिक स्थलों एवं जुलूस मार्गों पर विशेष निगरानी रखी जाए। जिलाधिकारी ने नगर निकायों को निर्देशित किया कि त्यौहारों से पूर्व साफ-सफाई अभियान चलाया जाए, कूड़ा उठान नियमित हो, नालियों की सफाई कराई जाए तथा पेयजल की व्यवस्था सुचारू रखी जाए। विद्युत विभाग को निर्देश दिए गए कि निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें तथा ढीले तारों एवं ट्रांसफार्मरों की जांच कर आवश्यक मरम्मत समय से कर लें। स्वास्थ्य विभाग को एम्बुलेंस एवं चिकित्सकीय टीमों को अलर्ट मोड में रखने तथा प्राथमिक उपचार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने बैठक में बताया कि जनपद में त्योहारों के दृष्टिगत विशेष सुरक्षा योजना लागू की जा रही है। इसके अंतर्गत महत्वपूर्ण स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनाती की जाएगी। जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं आपत्तिजनक पोस्टों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है तथा अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

## डीएम के सख्त आदेश, मगर विभागीय स्तर पर 'नोटिस' तक सीमित कार्रवाई, डीपीआरओ की कार्यशैली पर सवाल

**सीतापुर।** सीतापुर में भ्रष्टाचार के मामलों को लेकर जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर लगातार सख्त रुख अपनाए हुए हैं। ग्राम पंचायतों में वित्तीय अनियमितताओं पर अधिभार वसूली और जवाबदेही तय करने के लिए व्यापक स्तर पर नोटिस जारी कराए गए। लेकिन सूत्रों का आरोप है कि जमीनी स्तर पर विभागीय अधिकारी–विशेषकर जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ)–कार्रवाई को आगे बढ़ाने के बजाय नोटिस जारी कर 'खानापूर्ति' तक सीमित रखे हुए हैं।

**600 से अधिक प्रधानों को अधिभार वसूली नोटिस**- जिला लेखा परीक्षा अधिकारी / सहायक निदेशक, अधिभार वसूली नोटिस जारी किए गए।

## ब्लॉक मिश्रिख कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया



**सीतापुर।** जनपद में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकास खंड मिश्रिख कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में संधारित विभिन्न अभिलेखों, पंजिकाओं एवं पत्रावलियों का विस्तृत परीक्षण किया गया, जिसमें अभिलेखों के संधारण एवं अद्यतनकरण में कुछ कमियां पाई गई। निरीक्षण के समय एडीओ पंचायत को निर्देशित किया गया कि वे अपने दायित्वों के प्रति गंभीरता बरतें, मास्टर पंजिका को निर्धारित प्रारूप में व्यवस्थित रूप से तैयार करें तथा उसका नियमित अद्यतनकरण सुनिश्चित करें। पाई गई कमियों को दृष्टिगत रखते हुए खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए गए कि समस्त अभिलेखों एवं पत्रावलियों का समयबद्ध अद्यतनकरण कराया जाए तथा उनके सुव्यवस्थित रख-रखाव की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि भविष्य में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए और शासन द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान कार्यालयीय कार्यप्रणाली, कर्मचारियों की उपस्थिति, विभिन्न योजनाओं की प्रगति तथा लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए, जिससे पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का समय पर लाभ प्राप्त हो सके।

# घिलोई के कम्पोजिट विद्यालय में लाखों की चोरी





**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय घिलोई में एक बार फिर चोरी की बड़ी घटना सामने आई है, जिससे विद्यालय प्रशासन और ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। प्रेमपुर चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इस गांव में चोरी की कई वारदातें हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस की निष्क्रियता के चलते चोरों के हौसले बुलंद हैं। जिसको लेकर ग्रामीणों में भय और दहशत व्याप्त है।

कंपोजिट विद्यालय घिलोई की प्रधानाध्यापिका मंजू गुप्ता ने बताया कि बीती रात चोरों ने विद्यालय के कार्यालय और रसोई का ताला तोड़कर लाखों रुपये का सामान पार कर दिया।

चोरी हुए सामान में दो कंप्यूटर सेट, स्मार्ट टीवी, माइक मशीन, कंप्यूटर, कैमरा, पेन ड्राइव, दो बैटरी, इन्वर्टर, चार माइक, वाई-फाई स्पीकर, तीन गैस सिलेंडर, एक भगौना, दो भट्ठी सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री शामिल है। चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत करीब दो से ढाई लाख रुपये बताई जा रही है। प्रधानाध्यापिका के अनुसार विद्यालय में इससे पहले भी दो बार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, जिनकी शिकायत प्रेमपुर चौकी पुलिस को दी गई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लगातार हो रही घटनाओं के बावजूद पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि समय रहते पुलिस सक्रिय होती, तो दोबारा चोरी की घटना नहीं होती। विद्यालय प्रशासन ने बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने की बात कहते हुए पुलिस प्रशासन से जल्द जांच कर आरोपियों की गिरफ्तारी और विद्यालय की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

### शिकायत करने गए शिक्षकों पर ही बनाया दबाव

छिबरामऊ। कंपोजिट विद्यालय घिलोई के शिक्षक जब कई अन्य शिक्षक नेताओं के साथ कोतवाली शिकायत करने पहुंचे, तो वहां मौजूद कोतवाल विष्णुकांत तिवारी ने उन पर ही दबाव बनाना शुरू कर दिया। जिससे शिक्षकों में रोष फैल गया। प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अनूप मिश्रा व पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रशांत कुमार दुबे ने बताया कि कोतवाल विष्णुकांत तिवारी का कार्य व्यवहार बेहतर नहीं है। बजाय शिक्षकों की शिकायत सुनने के उन्होंने उन्हीं को दोषी ठहराना शुरू कर दिया। कोतवाल ने कहा कि तुम लोग शक के दायरे में हो। तुम लोगों को भी कोतवाली बुलाकर पूछताछ की जाएगी। कोतवाल ने उनकी तहरीर ले तो ली, लेकिन न तो उसकी रिसीविंग दी और न ही मामले की रिपोर्ट दर्ज की। उधर, इस संबंध में कोतवाल विष्णुकांत तिवारी ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। उन्होंने ऐसा कोई दबाव नहीं बनाया, सिर्फ यह कहा कि शिक्षकों से भी पूछताछ की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुराने कंप्यूटर सिस्टम रखे रहे, जबकि नए चोरी हो गए।

## रैली निकाल यातायात नियमों को लेकर किया जागरूक, एनएसएस के विशेष शिविर का आयोजन



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के नेहरू महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का क्षेत्र के ग्राम कमालपुर में विशेष शिविर का आयोजन चल रहा है। इस दौरान कालेज के छात्र-छात्राओं ने गांव में रैली निकालकर लोगों को यातायात नियमों को लेकर जागरूक किया। ग्राम कमालपुर के पंचायत भवन में चल रहे एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन लक्ष्य गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। स्वयं सेवकों ने सूर्य नमस्कार, धनुरासन व पदमासन का अभ्यास किया। बौद्धिक सत्र में आचार्य राघवेंद्रप्रताप सिंह ने सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर कहा कि सड़क पर चलते हुए हमें यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए। इससे हम स्वयं और दूसरों के जीवन को सुरक्षित रख सकते हैं। अंतिम चरण में एनएसएस के वालेंटियस ने गांव में यातायात जागरूकता रैली निकाली। ग्रामीणों को यातायात के नियमों की जानकारी दी। इसके बाद उच्च प्राथमिक विद्यालय का भ्रमण किया इस दौरान प्राचार्य डॉ.जयवीर सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.आशीष कुमार गुप्ता, डॉ.रविप्रताप सिंह चौहान, मो.साबिर, अमित शुक्ला, आशीर्वाद दुबे, गौरव मिश्रा, राजेश कुमार, शांतनु शुक्ला, किरन, सतीशचंद्र व चंद्रमणि आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया गया दादा-दादी दिवस




**▸ वीरेंद्र पब्लिक स्कूल में हुआ भव्य आयोजन**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के देवबरमपुर स्थित वीरेंद्र पब्लिक स्कूल में दादा-दादी दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर प्री-प्राइमरी, एलकेजी एवं यूकेजी कक्षाओं के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसके बाद बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधानों में आकर्षक नृत्य, देशभक्ति गीत और पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए। दादी अम्मा दादी अम्मा मान जाओ जैसे गीतों पर बच्चों की मासूम अदाओं और आत्मविश्वास ने उपस्थित दादा-दादी को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दादा-दादी के लिए आयोजित मजेदार खेल प्रतियोगिताएं रहीं, जैसे गेंद भागकर लाना, पेयर गिलास से पिरामिड बनाना और जोड़ी में एक्शन-कोन उठाना। वरिष्ठजनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे पूरा परिसर हंसी-खुशी और तालियों से गूंज उठा। विजेताओं को स्मृति चिन्ह और उपहार दिए गए। प्रबंधक विमलेश दुबे ने कहा कि दादा-दादी परिवार की अमूल्य धरोहर हैं, जिनके अनुभव और आशीर्वाद से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। प्रधानाचार्य ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय के नैतिक-सांस्कृतिक मूल्यों पर जोर दिया। अंत में बच्चों ने स्वयं बनाए ग्रीटिंग कार्ड भेंट किए, जिसने कई आंखें नम कर दी।

## पंचशील का पालन करने से लोगों में बढ़ता प्रेम और सौहार्द



**छिबरामऊ, कन्नौज।** बुद्ध कथा के आठवें दिन कथा वाचक ने भगवान बुद्ध के बताए शीलों का पालन करने एवं मध्यम मार्ग अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पंचशील का पालन करने से लोगों में प्रेम और सौहार्द बढ़ता है। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ कवि पर्यावरण प्रहरी हरगोविंद शाक्य को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

**▸ पर्यावरण प्रहरी कवि हरगोविंद शाक्य को किया गया सम्मानित**

बुद्ध कथा में कथा वाचक ने तथागत गौतम बुद्ध के बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। पर्यावरण प्रहरी वरिष्ठ कवि हरगोविंद शाक्य हरि ने कहा कि भगवान बुद्ध के द्वारा शांति, करूणा, प्रेम और मैत्री से ही विश्व को युद्ध की विभीषिका से बचाया जा सकता है। सम्यक दृष्टि और सम्यक ज्ञान न होने से हम अपने रास्ते से भटक जाते हैं। उन्होंने भगवान बुद्ध की वंदना प्रस्तुत की। बौद्ध कमेटी के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर पंचशील पटिका उढ़ाकर और प्रतीक चिन्ह भेंटकर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम में नेत्रपाल शाक्य, पन्नालाल, नीरज, आशीष, राजेश, रामलखन, शिशुपाल, फूल सिंह, मुलायम, अनूप आदि मौजूद रहे।

# फहीमजमा और संदीप वरिष्ठ प्रशासनिक सदस्य मनोनीत



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

बार एसोसिएशन के वरिष्ठ प्रशासनिक पद के रिक्त चल रहे दो पदों पर एल्डर्स कमेटी और निर्वाचन समिति ने फहीम जमा खां व संदीप चौहान को मनोनीत किया। कार्यक्रम के दौरान नवमनोनीत दोनों पदाधिकारियों के साथ ही नवनिर्वाचित कमेटी के पदाधिकारी और निवर्तमान पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। बार एसोसिएशन के वार्षिक निर्वाचन के दौरान वरिष्ठ प्रशासनिक सदस्य पद पर दो पर्चे निरस्त होने के कारण दो पद रिक्त हो गए थे। गुरूवार को एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष रमाकांत दीक्षित ने समिति के अन्य सदस्यों व निर्वाचन समिति के पदाधिकारियों की मौजूदगी में वरिष्ठ अधिवक्ता फहीम जमा खां व संदीप चौहान को वरिष्ठ प्रशासनिक सदस्य पद पर मनोनीत किया। इस दौरान मौजूद अधिवक्ताओं ने मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराते हुए उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया।

फहीमजमा खां एडवोकेट ने एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष रमाकांत दीक्षित, धरमवीर सिंह, निर्वाचन समिति के सदस्य रामचंद्र यादव, राकेश कुमार दुबे, सैय्यद मो.आमिर रिजवी, दफेदार को शाल उढ़ाकर व नवनिर्वाचित अध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास्तव, महासचिव पंकज मिश्रा व अन्य कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों तथा अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह राठौर व महासचिव ललितप्रताप सिंह को माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इस मौके पर संजीव श्रीवास्तव, संजीव दुबे, राजीव हजेला, प्रणव सक्सेना, रूपेश दुबे, अमित राजपूत, स्नेहलता गुप्ता, वेदमती, अंजू पटेल, ललित दुबे समेत काफी अधिवक्ता मौजूद रहे।

# फौजी ने पत्नी और उसके परिजनों के खिलाफ लिखाई रिपोर्ट

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

कसावा क्षेत्र के मेदेपुर गांव के रहने वाले फौजी ने अपनी पत्नी और अन्य ससुरालीजनों पर उसकी हत्या का षडयंत्र रचने के साथ पत्नी पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कसावा चौकी क्षेत्र के मेदेपुर गांव निवासी मनीष कुमार फौजी ने कानपुर देहात के बारा अकबरपुर गांव निवासी पत्नी शिखा कुशवाहा, उमेश कुशवाहा, सुमन कुशवाहा, पंकज कुशवाहा व पवन कुशवाहा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है कि फेसबुक के माध्यम से फ्राड करके शिखा कुशवाहा ने 14 फरवरी 2024 को उससे शादी कर ली। इस फ्राड में उसके परिजन भी सभी शामिल रहे। उसकी पत्नी शिखा कुशवाहा अब उसके साथ गालीगलौज करती है। बार-बार घर से बाहर जाती है। उसके साथ नहीं रहना चाहती। कई बार समझौता हुआ, वह उसे हमेशा अपमानित करती रहती है। 19 जुलाई को करीब 11 बजे वह एक बार फिर उसके घर से भाग गई। अब वह और उसके परिजन उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। वह काफी डरा और सहमा हुआ है। उसका कहना है कि आयेदिन होने वाली घटनाओं से वह बुरी तरह भयभीत है।

उसकी पत्नी के बाहर लोगों से अवैध संबंध हैं। वह उसे किसी तरह मरवाना चाहती है। फौजी की तहरीर पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मामले की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# उद्योग सशक्तिकरण सरकार की प्राथमिकता : रजनी तिवारी




**▸ विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में 'स्मार्ट सिटी' बना रंजीत अव्वल**

**▸ हसेरन की टीम ने जीती क्विज**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में आयोजित व्यापारियों एवं उद्यमियों के संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी राज मंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि देश की विकास यात्रा में व्यापार जगत की भूमिका अहम है। सरकार उद्योग एवं व्यापार को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और उद्यमियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। संवाद के दौरान व्यापारियों ने 45 वर्ष पुराने औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार, सुगंध और स्वाद विकास केंद्र,फाइनेंस फ्लावर एंड डेवलपमेंट (एफएफडीसी) में प्रशिक्षण के साथ शोध कार्यों को बढ़ावा देने, इत्र पार्क की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने तथा इत्र इकाइयों के लिए गैस आपूर्ति को व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य बनाने की मांग उठाई। सरायमीरा बस स्टॉप के आसपास अतिक्रमण हटाने और बिजली बिल राहत योजना में सभी उपभोक्ताओं को शामिल कर ब्याज में अतिरिक्त छूट देने की मांग भी प्रमुखता से रखी गई। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनपद स्तर पर संभव समस्याओं का शीघ्र निस्तारण किया जाए, जबकि शासन स्तर के प्रस्ताव आगे प्रेषित हों। उन्होंने सामाजिक सहभागिता का आह्वान करते हुए विद्यालयों में बेंच, टेबल व पेयजल जैसी सुविधाओं में उद्यमियों से सहयोग का आग्रह किया।

इसी दिन राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी मंत्री की अध्यक्षता में हुआ। विभिन्न विकासखंडों से चयनित विद्यार्थियों ने नवाचारपूर्ण मॉडल प्रस्तुत किए। कम्पोजिट विद्यालय फतेहपुर जसोदा के कक्षा 8 के छात्र रंजीत ने 'स्मार्ट सिटी' मॉडल से प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रिया वर्मा (बेहरिन) द्वितीय, प्रांशू (चचियापुर) तृतीय, अंशुल वर्मा (रामखेड़ा) चतुर्थ और देव (निजामपुर द्वितीय) पंचम रहे। विजेताओं को टैबलेट, प्रमाण-पत्र व विज्ञान किट प्रदान की गई। क्विज प्रतियोगिता में हसेरन विकासखंड की टीम विजेता रही। मंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच और नवाचार क्षमता विकसित करना नई शिक्षा नीति का मूल उद्देश्य है। कार्यक्रम में कैलाश राजपूत, आशुतोष मोहन अग्निहोत्री सहित जनपद स्तरीय अधिकारी, शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# खग्रास चंद्रग्रहण के कारण होलिका दहन 2 मार्च को : आचार्य पं अभय त्रिपाठी

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

इस बार होली पर्व पूर्णिमा पर लग रहे चंद्र ग्रहण के साये मनाया जाएगा। ज्योतिषीय गणना और शास्त्रीय मतों के अनुसार 2 मार्च को प्रदोष काल में होलिका दहन होगा। आचार्य पंडित अभय त्रिपाठी का कहना है कि प्रदोष काल में पूर्णिमा और संपूर्ण रात्रि में भद्रा की व्याप्ति है दूसरे दिन पूर्णिमा सूर्यास्त से पूर्व समाप्त हो रही है किंतु पूर्णिमा की व्याप्ति साढ़े तीन प्रहर से अधिक है और प्रतिपदा तिथि वृद्धि गामी है इसलिए शास्त्र वचन के अनुसार होलिका दहन पूर्णिमा के दिन 3 मार्च को होना चाहिए था परंतु 3 मार्च के दिन ग्रस्तोदित चंद्र ग्रहण है और ग्रहण काल तथा प्रदोष से पूर्व ही पूर्णिमा समाप्त हो रही है ऐसी स्थिति में धर्मसिंधु के अनुसार होलिका दहन पूर्व दिन 2 मार्च को प्रदोष काल में करना शास्त्र सम्मत होगा। इस दिन भद्रा शाम 5:56 से मध्य रात्रि के बाद रात्रि के बाद 3 मार्च को सुवह 5:29 तक रहेगी भद्रा के संबंध में शास्त्रों में लिखा गया है यदि भद्रा निशीथकाल मध्य रात्रि के बाद तक रहे तो फिर भद्रा में ही प्रदोष के समय भद्रा का मुख छोड़कर होलिका का दहन करें। इस वर्ष प्रदोष में भद्रा का मुख नहीं रहेगा इससे प्रदोष बेला (सूर्यास्त से 2 घंटे 24 मिनट) में ही होलिका का दहन करना शास्त्रोक्त है। जबकि 3 और 4 मार्च को धुलंडी पर रंगोत्सव मनाया जाएगा। उधर अलग-अलग राज्यों में घोषित अवकाश की भिन्न तिथियों ने आमजन के बीच असमंजस की स्थिति भी बना दी है।

## खबरें एक नजर में

### इबादत व बरकत का महीना है रमज़ान...



**समधन, समृद्धि न्यूज़।** रमज़ान एक ऐसा महीना है जिसमें हर दिन और हर वक्त इबादत खूब की जाती है। पूरी साल के सभी महीनों में से यह बहुत ही बरकत और रहमत का महीना है। जब बन्दा रोज़े की हालत में होता है उस समय उसका पूरा समय इबादत में ही हों जाता है क्योंकि रोज़ा आंख की भी हिफाजत करता है। झूठ बोलने से भी बचाता है। अल्लाह ताला ने इस महीने में नेकियों का सबाब सत्तर गुनाह ज्यादा रखा है। यह बातें गुरुवार को रोजेदार युवा समाजसेवी सैय्यद उसैव अहमद ने रोज़ा इफ्तार के दौरान अपने आवास पर कहीं उन्होंने कहा कि रोज़ा आपसी भाईचारा बढ़ाता है रोज़ा गुनाहों का ढाल है। इस महीने में गरीब मजलूमों बेसहारा लोगों की ज्यादा से ज्यादा मदद करने की जरूरत होती है। इसी महीने में कुराने करीम नाजिल हुआ था इसीलिए इस महीने में तरावीह की नमाज़ में कुरान को पढ़ा और सुना जाता है। रोज़े रखने के साथ-साथ खूब इबादत की जाएं और अल्लाह से खूब दुआएं मागें।

### रंजिशन गाली-गलौज का विरोध करने पर पीटा, मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** रंजिशन दबंगों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के नगला खेमरैगाई निवासली पीड़ित ने पुलिस को दिये गये प्रार्थना पत्र में पीड़ित ने कहा है कि उसकी गांव के जैनुल पुत्र बाबू खां आदि लोगों से रंजिश चली आ रही है। दिनांक 24.2.2026 को समय सुबह 9:15 बजे जैनुल, अयनुल पुत्रगण बाबू खां, कासिम पुत्र वकील अहमद, आरिफ आसिफ, नाजिम पुत्रगण वकील अहमद निवासीगण नगला खेमरैगाई आये व मां बहन की गन्दी-2 गालियां देने लगे। पीड़ित ने जब गालियां देने का विरोध किया व घर को चला गया, तो उपरोक्त पीछे से सभी लोग घर के अन्दर चले गये व पीड़ित के ऊपर जैनुल ने फावडा से हमला कर दिया। जो पीड़ित के सिर में लगा। जिससे पीड़ित जमीन पर गिर गया। पीड़ित का भाई इकलाख पीड़ित को बचाने के लिये आया व उसने जैनुल के हाथ से फावड़ा छीन लिया। इस पर जैनुल ने व उसके भाइयों ने हाथ में लिये लाठी-डण्डों से बुरी तरीके से मारापीटा। इकलाख के भी काफी चोटं आयीं। शोरगुल की आवाज सुनकर मोहल्ले के कई लोग आ गये। लोगों को आता देख उक्त सभी लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### प्रधानों को दिया गया दो दिवसीय डिजिटल प्रशिक्षण

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** खंड विकास परिषद में पंचायती राज विभाग की तरफ से प्रधानों को दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ कियागया। एडियो पंचायत शैलेंद्र त्रिपाठी ने दीप जलाकर डिजिटल प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रशिक्षण देने आए श्रद्धा तिवारी तथा प्रतिभा कटियार ने ग्राम प्रधानों को डिजिटल प्रशिक्षण के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी। जिसमें गांव में कंप्यूटर का उपयोग कैसे हो, जैसे पानी की टंकी आर आरसी का पैसा और रिकॉर्ड कंप्यूटर में कैसे रखा जाता है। आगरा ई ग्राम स्वराज जैसे पोर्टल पर कब शुरू हुआ, कितना पैसा लगा, यह सब कंप्यूटर में कैसे सेव की जाती है। वहीं श्रद्धा तिवारी ने बताया की कंप्यूटर से पैसों का भुगतान भी किया जा सकता है तथा ज्यादा से ज्यादा डाटा भी से किया जाता है और अपने ऊपर अधिकारियों को तुरंत इनफॉरमेशन भी दी जा सकती है तथा यह भी बताया कि इसमें पीडीएफ भी बनाई जा सकती है। पावर पॉइंट भी बनाया जा सकता है और यह गूगल क्रोम फायर बॉक्स एक्सपोरल इंटरनेट के द्वारा चलता है। वहीं इसका मुख्य उद्देश्य तकनीकी सशक्तिकरण की ओर कदम बताया साथ इसमें राशन कार्ड बैंक का काम सरकारी सुविधाओं का लाभ सहित तमाम काम कंप्यूटर के जरिए से किया जा सकते हैं। मुख्य बात यह रही कि इसमें महिला ग्राम प्रधानों की गिनती ना के बराबर रही। इस मौके पर ग्राम पंचायत प्रधान तथा प्रधान प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# रमजान और होली से पहले बढ़ी यातायात समस्या

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

रमजान और होली के पर्व से पहले बाजारों में बढ़ी भीड़ का असर अब यातायात व्यवस्था पर साफ दिखाई देने लगा है। शहर के प्रमुख चौराहों, तिराहों और तिर्वा रोड पर प्रतिदिन घंटों जाम की स्थिति बनी रहती है। त्योहारों की खरीदारी, रोजमर्रा की आवाजाही और अस्थायी ठेलों के कारण सड़कों पर वाहनों का दबाव लगातार बढ़ रहा है, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार सुबह कार्यालय समय और शाम को इफ्तार व होली की खरीदारी के दौरान जाम की समस्या और गंभीर हो जाती है। कई बार तो पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। दोपहिया और चारपहिया वाहन फंसे रहते हैं, जिससे एंबुलेंस और स्कूल वाहनों को निकलने में भी दिक्कत आती है। जाम के कारण लोग समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। जाम की प्रमुख वजह सड़कों के किनारे लगे अस्थायी ठेले, दुकानों के आगे अव्यवस्थित पार्किंग और संकरी सड़कें बताई जा रही हैं। त्योहारों के कारण फुटपाथों पर अतिक्रमण बढ़ गया है, जिससे सड़क की चौड़ाई और कम हो जाती है। कई स्थानों पर यातायात नियमों की अनदेखी भी जाम को और बढ़ा देती है। व्यापारियों का कहना है कि जाम से ग्राहकों को दुकान तक पहुंचने में कठिनाई होती है, जिससे बिक्री पर भी असर पड़ रहा है। वहीं राहगीरों और वाहन चालकों का कहना है कि रोजाना जाम में फंसने से मानसिक तनाव बढ़ रहा है और ईंधन की भी बर्बादी हो रही है। स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को सबसे अधिक दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि त्योहारों के मद्देनजर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। प्रमुख चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती, अवैध अतिक्रमण हटाने और अस्थायी पार्किंग की व्यवस्था करने की आवश्यकता जताई जा रही है। साथ ही, ठेलों के लिए अलग स्थान निर्धारित करने की मांग भी उठ रही है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो त्योहारों के दौरान जाम की समस्या और विकराल रूप ले सकती है। आमजन का कहना है कि प्रशासन और जनता के सहयोग से ही इस समस्या का स्थायी समाधान संभव है, ताकि रमजान और होली का पर्व शांति और सुगमता के साथ मनाया जा सके।

### 65 लाख रुपये की ठगी कर चुके शातिर को पुलिस ने दबोचा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनता से लाखों की ठगी करने वाले शातिर जागेश्वर पुत्र वेदराम निवासी ग्राम पुत्तू सिंह का गुडेरा थाना अमृतपुर को पुलिस ने दबोच लिया। अभियुक्त द्वारा अपने मोबाइलों से जस्ट डायल एप पर फर्जी आईडी बनाकर उस आईडी पर प्राप्त होने वाली लोगों की इन्क्वायरी पर व्हाटसएप और फोन कॉल के जरिये लोगों के साथ ट्रांसपोर्ट मुहैया कराने के नाम पर व्हाटसएप नंबरों चैट करके बुकिंग का एडवांस देने के नाम पर धोखाधड़ी कर तथा लोगों को विश्वास में लेने के लिए अन्य कम्पनी/फर्म तिरुपति लॉजिस्टिक्स प्रा0लि0 के नाम से बने जीएसटी, आरसी व ऑनलाइन फर्जी बैंक ट्रांजेक्शन रसीद बनाकर व अन्य फर्जी प्रप्त्र लोगों को भेजकर उनके साथ साइबर ठगी करता है। जिसके विरुद्ध देश के अलग-अलग राज्यों के जनपदों में साइबर ठगी से संबंधित लगभग 100 से अधिक शिकायतें दर्ज हैं। जिसके दौरान अभियुक्त ने अपने साथियों के साथ मिलकर लोगों से फर्जी ट्रांसपोर्ट सुविधा देने के नाम पर अब तक करीब 65 लाख रुपया तक की साइबर ठगी कर चुका है।

# गरीबों को मुफ्त न्याय दिलाने की होगी व्यवस्था: रजत अरूण



पदाधिकारियों को शपथ दिलाते जज अंकित तिवारी

**तिर्वा कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

तहसील सभागार में हुए न्यू बार एसोसिएशन के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान ग्राम न्यायालय के न्यायाधीश अंकित तिवारी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष रजत अरूण व उनके सभी पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर उन्होने कहा कि अधिवक्ताओं का दायित्व है कि वह वादकारियों को न्याय दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष रजत अरूण, उपाध्यक्ष सरताज वारसी, सलमान खान, महामंत्री अमित कुमार, कोषाध्यक्ष कौशल किशोर, सह कोषाध्यक्ष ऊषा श्रीवास्तव, सह सचिव रामू राठौर, मीडिया प्रभारी अंकित गुप्ता व ऑडीटर जय सिंह यादव ने ईश्वर व संविधान के नाम पर शपथ ली। इस मौके पर अध्यक्ष ने ऐलान करते हुए कहा कि तहसील में बार व वेंच के मध्य सामजस्य बना रहेगा। उनके कार्यकाल में बेवजह हड़ताल नहीं होगी। गरीब वादकारियों की मदद की जाएगी। सभी अधिवक्ताओं का सम्मान सुरक्षित रहेगा। तहसील में उनकी कार्यकारिणी भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का प्रयास करेगी। शपथ ग्रहण समोराह में मौजूद एसडीएम राजेश कुमार, तहसीलदार अवनीश कुमार, नायब तहसीलदार अमित कुमार पाठक व सतीश कनौजिया, उपजिलाधिकारी न्यायिक रेशमा सहाय, पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रो.रामबक्श सिंह वर्मा, वार एसोसिएशन के संरक्षक राजेश श्रीवास्तव, न्यू बार एसोसिएशन के संरक्षक नीरज त्रिपाठी, पूर्व अध्यक्ष सतीश कनौजिया, निर्वतमान अध्यक्ष संजीव तिवारी, पूर्व अध्यक्ष हरवेन्द्र सिंह यादव उर्फ दीपू व पूर्व अध्यक्ष संजय शुक्ला ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। निर्वाचित अध्यक्ष ने आए सभी अतिथि को माला पहनाकर व शॉल उढ़ाकर उन्हे सम्मानित किया।

# छूटे उपभोक्ताओं को भी मिले ओटीएस योजना का लाभ: राज शर्मा

**▸ प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी को सौंपा ज्ञापन, ऊर्जा मंत्री अरविंद शर्मा के नाम रखीं मांगें**



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष राज शर्मा ने एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) से वंचित उपभोक्ताओं को राहत देने की मांग उठाई है। उन्होंने प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी को ज्ञापन सौंपते हुए ऊर्जा मंत्री अरविंद शर्मा के नाम अपनी मांगें प्रेषित कीं।

जिला अध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित वर्तमान ओटीएस योजना का लाभ सभी बिजली उपभोक्ताओं को नहीं मिल पा रहा है। विशेष रूप से वे उपभोक्ता, जिन्होंने पिछले वर्ष योजना में पंजीकरण कर कुछ किश्तों का भुगतान किया था, लेकिन बाद में नियमित भुगतान नहीं कर सके, उन्हें इस बार योजना से बाहर रखा गया है। संगठन ने मांग की है कि ऐसे उपभोक्ताओं को 1 मार्च से ब्याज में शत-प्रतिशत छूट देते हुए छह माह की आसान किश्तों में बकाया जमा करने का अवसर दिया जाए। इससे बिजली विभाग को बकाया राजस्व प्राप्त होगा और उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।

इसके साथ ही व्यापार मंडल ने जीएसटी में पंजीकृत व्यापारियों के लिए आईडी कार्ड जारी करने, आयुष्मान कार्ड की तर्ज पर स्वास्थ्य सुरक्षा कार्ड बनाने, गंभीर बीमारियों को कवर करने तथा दुर्घटना बीमा क्लेम की राशि दोगुनी करने की मांग भी रखी। किसानों की तरह पंजीकृत व्यापारियों को भी बिजली यूनिट में छूट देने का सुझाव दिया गया।

प्रभारी मंत्री ने मांगों को जनहित से जुड़ा बताते हुए ऊर्जा मंत्री के समक्ष रखने का आश्वासन दिया। इस दौरान जिला अध्यक्ष व उनकी टीम ने प्रभारी मंत्री का अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान किया। ज्ञापन देने वालों में आनंद तिवारी, संजीव पांडे, रवि शुक्ला, संजीव पटेल सहित अन्य व्यापारी नेता मौजूद रहे।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम साक्षी यज्ञसेनी (Sakshi Yagyaseni) था। अब मैने अपना नाम बदलकर आस्था यज्ञसेनी (Astha Yagyaseni) रख लिया है। अब मुझे इसी नये नाम से जाना व पहचाना जाए तथा समस्त अभिलेखों में नया नाम दर्ज हो।

**प्रार्थनी**
**आस्था यज्ञसेनी पुत्री विजय कुमार यज्ञसेनी निवासी छाया कुआँ, गुदडी थाना कोतवाली नगर शहर व जिला-बहराइच।**

# बुजुर्ग दंपति की घर में घुसकर हत्या से क्षेत्र में सनसनी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

बुजुर्ग दंपति की घर में घुसकर हत्या कर दी गई। घटना से क्षेत्र में दहशत व्याप्त हो गयी। घटना की जानकारी उस वक्त हुई, जब दूधिया घर में दूध देने गया। उसने घटना की जानकारी मोहल्ले के लोगों को दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। घटना की सूचना आलाधिकारियों को दी गयी। जिस पर पुलिस अधीक्षक व जिलाधिकारी मौके पर पहुंचे। एसपी ने घटना के खुलासे के लिए टीम गठित कर दी है। पुलिस लूट के इरादे से की गई हत्या के एंगल पर जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र नगर के मोहल्ला कूँचा गंगा दरवाजा

**▸ वृद्ध का बेड पर तथा पत्नी का आंगन में पड़ा मिला शव**

निवासी पुरुषोत्तम कौशल उम्र 70 वर्षीय व उनकी पत्नी पुष्पा कौशल उम्र 65 वर्ष अकेले रहते थे। पुरुषोत्तम लगभग बीते 8 सालों से लकवाग्रस्त हो गये थे। जिस कारण वह बेड पर लेटे रहते थे। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि गुरुवार सुबह पुष्पा कौशल अपने घर के बाहर झाड़ू लगा रही थीं। इसके बाद क्या हुआ, किसी को जानकारी नहीं है। दोपहर करीब 2:00 बजे दूधिया बृजेश जो उनके घर दूध देने आता है, आया और अंदर का दृश्य देखकर वह घबरा गया और बाहर आकर मोहल्ले के लोगों को


जांच पड़ताल करती पुलिस


घटनास्थल पर मौजूद लोग

घटना की जानकारी दी। मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे, तो देखा कि पुरुषोत्तम बेड पर मृत पड़े थे तथा उनकी पत्नी पुष्पा कौशल आंगन में मृत अवस्था में पड़ी थीं। उनके गले में तार से फंदा कसा था। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना पर क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी, प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी, अपराध इस्पेक्टर सुरजीत सिंह यादव, कस्बा चौकी इन्चार्ज सोमवीर, एसओजी प्रभारी सचिन चौधरी व डॉक स्क्वाड टीम आदि पहुंची और जांच पड़ताल की। घटना की सूचना आलाधिकारियों को दी गयी। जिस पर पुलिस अधीक्षक आरती सिंह व जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी मौके पर पहुंचे। जांच पड़ताल करने के बाद पुलिस अधीक्षक ने घटना के खुलासे के लिए एक टीम गठित की है। उन्होंने कहा कि घटना का जल्द खुलासा किया जायेगा। उन्होंने माना कि दंपति की हत्या की गयी है। फिलहाल पुलिस ने कई बिन्दुओं पर जांच शुरु कर दी है। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरा।

**मृतकों के कोई संतान न होने से बच्ची को लिया था गोद**

आसपास के लोगों ने बताया कि मृतक दंपति के कोई संतान नहीं थी। उन्होंने एक बच्ची को गोद लिया था। जिसकी लगभग 8 माह पूर्व विवाह जनपद एटा के थाना क्षेत्र अलीगंज के गांव अकबरपुर में किया था। बेटी और दामाद दिल्ली में रहते हैं। जब पुरुषोत्तम स्वस्थ थे, तो वह खरबूजा और तरबूज के बीज की खरीद और बिक्री करते थे, लेकिन इसके बाद उन्हें लकवा मार गया तब से वह बेड पर ही पड़े रहते थे।

**लूट के इरादे से तो नहीं की गयी हत्या ?**

घटना के बाद जहां मृतक बेड पर लेटा था, वहां स्थित अलमारी खुली पड़ी है। उसमें रखा सारा सामान अस्त व्यस्त फैला हुआ है। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि कहीं लूटपाट के इरादे से तो हत्या नहीं की गयी है। शुरुआती जांच में लूट के बाद दंपती की हत्या किए जाने की बात सामने आ रही है। पुलिस अभी तक इस मामले में कुछ भी बताने से बच रहा है। फिलहाल पुलिस इस एंगल से भी जांच पड़ताल कर रही है। घटना को लेकर इलाके में सनसनी है।

## दबंगों ने पति-पत्नी को लाठी-डन्डों से पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** तहसील क्षेत्र के गाँव कटिया निवासी शाहिर खान उम 46 वर्षीय पुत्र सादिक खाँ ने बताया की उसकी कम्पिल रेलवे स्टेशन के पास चाट पकौड़ी की दुकान थी। जिसको उसने गाँव के सलीम को आठ लाख में बेच दी थी। इसी खुन्नस में अफरोज, अन्नू पत्नी खुशनुमा ने एक राय होकर सादिक के साथ मारपीट करने लगे। पति को पिटता देख बीच बचाव के लिए आई उसकी पत्नी सन्नो को भी उक्त लोगों ने मारापीटा। पुलिस ने पति सदिक, पत्नी सन्नो का मेडिकल परीक्षण करवाया।

## सट्टा पर्चो सहित युवक को पुलिस ने दबोचा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने मुख़बिर की सूचना पर राजू बाथम पुत्र रोशनलाल निवासी राजेपुर टप्पा मंडल थाना जहानगंज हाल निवासी ग्राम शेखपुर थाना कमालगंज को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 3 पर्चा सट्टा बरामद हुईं। पुलिस ने उसका चालान कर दिया।

# ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**


जांच पड़ताल करती पुलिस व मौजूद लोग

रेलवे ट्रैक पार करते समय बुजुर्ग की कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गयी। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। शमशाबाद रेलवे स्टेशन के पोल संख्या 154/16 और 154/17 के बीच गुरुवार सुबह करीब 7 बजे एक बुजुर्ग लखनऊ से मथुरा जा रही कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। कुछ देर बाद पास से गुजर रहे ग्रामीणों ने बुजुर्ग का शव ट्रैक पर पड़ा देखा। तब गांव में सनसनी फैल गई। तुरंत ही मामले की जानकारी परिजनों और पुलिस को दी गई। सूचना पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान मंझना थाना नवाबगंज निवासी राम मुरारी 75 वर्ष के रुप में हुई। बताते हैं कि मृतक राम मुरारी रेलवे लाइन के दूसरे पार बने घर से लौट रहे थे। ट्रैक पर पहुंचते ही शमशाबाद स्टेशन से आ रही कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गये और उनकी मौत हो गयी। मृतक के पुत्र बंटू ने बताया कि उनके पिता को कम सुनाई देता था। हालांकि जिस समय ट्रेन गुजर रही थी उस दौरान हॉर्न भी बजाया गया था, लेकिन उन्होंने ध्यान नहीं दिया। दुर्घटना की सूचना नवाबगंज थाना पुलिस को दी गई। जीआरपी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और शव का पंचनामा भरवाया। जीआरपी इंस्पेक्टर वसीम अहमद ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## ई-रिक्शा चालक के खाते से 70 हजार रुपये उड़ाये

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गदनपुर देवराजपुर निवासी ई–रिक्शा चालक फैज साइबर ठगी का शिकार हो गए हैं। उसके बैंक खाते से 24 घंटे के भीतर 70 हजार रुपये निकाल लिए गए। पीड़ित ने कहा कि उसने न तो किसी को ओटीपी बताया और न ही कोई संदिग्ध कॉल रिसीव की, इसके बावजूद भी उसके खाते से पैसे निकल गये। पीड़ित फैज ने बताया कि 24 फरवरी को उनके मोबाइल पर एक साथ कई अनजान कॉल, मैसेज और व्हाट्सएप संदेश आने लगे। उन्होंने इनमें से किसी भी कॉल को नहीं उठाया।


जानकारी देता पीड़ित फैज

कुछ देर बाद उनके खाते से रुपये कटने के मैसेज आने शुरू हो गए। परेशान फैज ने उसी रात एक कैफे पर जाकर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की। उन्होंने बैंक के कस्टमर केयर नंबर पर भी कॉल किया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। इसके बाद उन्होंने अपना मोबाइल एयरप्लेन मोड पर डाल दिया। अगले दिन 25 फरवरी को फैज ने अपना फोन फॉर्मेट कराया और दोबारा सिम डाली। इसके बावजूद उनके खाते से रुपये कटने के संदेश आते रहे। इस तरह कुल 70 हजार रुपये 24 घंटे के भीतर निकाल लिए गए। अब फैज न्याय के लिए बैंक, थाने और साइबर सेल के चक्कर लगा रहा है। कमालगंज थाना अध्यक्ष अवध नारायण पांडे ने बताया कि इस संबंध में तहरीर प्राप्त हुई है। यह साइबर क्राइम से जुड़ा मामला है जिसकी जांच की जा रही है।

## गाली-गलौज एवं मारपीट करने का मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** दरवाजे पर आकर गाली–गलौज एवं मारपीट करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। पीड़िता नन्हीं पत्नी स्व. राजेंद्र निवासी ग्राम महमदगंज थाना कमालगंज की रहने वाली हूँ। दिनांक 05.11.2025 शाम 6 बजे पुराने विवाद की रंजिश में पड़ोसी विनोद, प्रमोद पुत्रगण अमरपाल व शैलेंद्र अनुज पुत्रगण अमरपाल उक्त लोगों ने मेरे पुत्र मेघनाथ के साथ दरवाजे पर गाली–गलौज व मारपीट की। बीच बचाव करने गई मेरी पुत्रवधू रामसुखी पत्नी संजीव के साथ उक्त ने लात–घूसों से मारापीटा। रामसुखी के पेट में लातें मारीं। रामसुखी 7 माह की गर्भवती है। मारपीट मे मेरे पुत्र मेघनाथ व रामसुखी के शरीर में चोटे आई हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# विद्युत कर्मचारी को पीटा, जेई ने पुलिस को दी तहरीर

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

विद्युत कर्मचारी के साथ मारपीट करने के संबंध में अवर अभियंता कैलाशचंद्र पाठक ने थानाध्यक्ष को तहरीर दी है।

दी गयी तहरीर में कहा गया कि दिनांक 25 फरवरी को सुबह 10:00 बजे विद्युत उपकेंद्र गैसिंगपुर के अंतर्गत ग्राम रतनपुर थाना जहानगंज में विद्युत बिल राहत योजना के अंतर्गत विद्युत कैंप का आयोजन किया गया था। जिसमें मेरे साथ विद्युत उपकेंद्र गैसिंगपुर पर तैनात सभी संविदा कर्मी मौजूद थे। विद्युत बिल राहत योजना के अंतर्गत विद्युत बकाया धनराशि को जमा कराया जा रहा था,तभी संयोजन संख्या-7119875000 मीटर नंबर 2418186 पर 32500 पाया गया। यह संयोजन निहाल पुत्र मदनपाल का था। उनसे जमा करने के लिए अनुरोध किया, तो राजेश पुत्र शिवपाल तथा उसके साथ चार-पांच लोग आए और हरिकिशन पुत्र रामचंद्र संविदा कर्मी को मीटर उखाड़कर सर पर मरने लगे। जिससे संविदाकर्मी को काफी चोट आई। मेरे व संविदा कर्मी द्वारा उसे बचाया गया। बचाने में संविदा कर्मी असलम पुत्र अहमद बख्श का मोबाइल भी क्षतिग्रस्त हो गया। तुरंत 112 डायल कर सूचना दी गई। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

## धूमधाम से मनाया महाराज शनिदेव का छठवां वार्षिकोत्सव



**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** गुरुवार को कमालगंज नगर में बड़े हनुमान मंदिर के पास भगवान शनि देव का छठवां वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस मौके पर भगवान शनि देव का हवन पूजन पाठ कर सबके कल्याण की कामना की गयी। भक्तों ने शनि देव के जयकारे लगाये। पुजारी जगदीश मिश्रा ने बताया जन कल्याण की कामना से हवन पूजन किया गया। हवन पूजन के बाद भगवान शनिदेव के विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर भंडारे में प्रसाद पाने वाले भक्तों का ताँता लगा रहा। इस मौके पर नगर के अरुण गुप्ता उर्फ टेसू लाला, श्याम सहयोगी, जगदीश मिश्रा, आशु शुक्ला, प्रभाशंकर औदिच्य, राहुल गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, राजू शर्मा सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

# इटावा-बरेली हाईवे पर ट्रैक्टरों की भिड़ंत, एक की मौत, एक गंभीर

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**


मृतक का फाइल फोटो


मृतक के परिजन

इटावा-बरेली हाईवे पर देर रात दो ट्रैक्टरों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में एक ट्रैक्टर सवार युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल से हायर सेंटर रेफर किया गया है।

मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम हरकमपुर निवासी 28 वर्षीय धीरेंद्र कुमार उर्फ धीरू पुत्र अवधेश सिंहए अपने साथियों 23 वर्षीय दीपक पुत्र रामवीर सिंह तथा सुखेंद्र पुत्र प्रेम सिंह के साथ ट्रैक्टर पर आलू लादकर फर्रुखाबाद स्थित एसआर कोल्ड स्टोरेज जा रहा था। जब उनका ट्रैक्टर इटावा-बरेली हाईवे (एनएच-730सी) पर पिपरगांव चौराहे से लगभग 100 मीटर आगे पहुंचा, तभी सामने से आ रहे दूसरे ट्रैक्टर ने तेज रफ्तार व लापरवाही से टक्कर मार दी। इस हादसे में धीरेंद्र कुमार और दीपक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को निजी वाहन से डॉ0 राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक एन हुड्डा ने धीरेंद्र कुमार को मृत घोषित कर दिया। शव को मोर्चरी में रखवाया गया। मृतक के बड़े भाई धर्मेंद्र कुमार की सूचना पर उप निरीक्षक आशु यादव ने पंचनामा भरते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल दीपक की हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। मृतक धीरेंद्र कुमार आठ भाई-बहनों में सबसे छोटा था। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मचा है। मृतक की मां मुन्नी देवी, पत्नी वंदना, 4 वर्षीय पुत्री कशिश और 2 वर्षीय पुत्र वंश का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हो गया है। मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# अनियंत्रित स्कार्पियो कार बिजली के पोलों से टकरायी, पलटी

**▸ कार स्वामी व चालक घायल, शीशा तोड़कर निकाला गया बाहर**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

बारात से लौट स्कार्पियो कार एचटी लाइन के पोलों से टकरा गयी। इस घटना में एक पोल टूट गया और कार पलट गयी। उक्त घटना में कार में सवार चालक समेत दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। चालक को शीशा तोड़कर बमुश्किल बाहर निकाला गया। चालक को निकालने के बाद कार में करंट प्रभावित हो गया। चालक को सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज निवासी जिला पंचायत सदस्य यशवीर आर्य की बारात छिबरामऊ गयी थी। जिसमें शामिल होने के लिए नवाबगंज निवासी गौरव दुबे पुत्र नरेशचंद्र दुबे स्कार्पियो गाड़ी से गये थे। गाड़ी को चालक चला रहा था। बारात में शामिल होने के बाद वह रात्रि करीब 11:40 बजे वापस लौट रहे थे, तभी स्कार्पियो कार सिरौली चौकी से 2 किलोमीटर मोहम्मदाबाद रोड पर सड़क के किनारे खड़े 11000 के पोलों से जा टकरायी। कार टकराने के बाद एक बिजली का पोल टूट गया और कार पलट गयी। जिससे कार में सवार मालिक गौरव दुबे पुत्र नरेश चंद्र दुबे निवासी नवाबगंज व चालक घायल हो गये। रात्रि में बारात से वापस से वापस लौट रहे अन्य कार सवारों ने जब घटना देखी, तो वह मौके पर रुक गये। आनन-फानन में शीशा तोड़कर गौरव दुबे व चालक को बाहर निकाला गया। बताते हैं कि जैसे ही चालक को निकाला गया, वैसे ही कार में 11000 लाइन का करंट प्रभावित हो गया। घटना की सूचना 112 पर पुलिस को दी गयी। फोन कर लाइन को बंद कराया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद भिजवाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे लोहिया अस्पताल रेफर किया गया।

## रिफ्लेक्टर पोल से टकराकर बाइक सवार घायल


मौके पर मौजूद पुलिस

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** रिफ्लेक्टर पोल से टकराकर स्कूटी सवार घायल हो गया। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को सीएचसी भिजवाया। हालत गंभीर होने पर वहां से लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र नवाबगंज के ग्राम मंझना निवासी वीरेन्द्र सिंह गंगवार (58) फर्रुखाबाद किसी काम से जा रहे थे। गाँव सिरमौरा बांगर के आगे पुलिया के पास लगे रिफ्लेक्टर पोल से स्कूटी जा टकराई। जिसमें वीरेन्द्र सिंह गंगवार गंभीर रूप से घायल हो गए। रास्ते पड़ा देख ग्रामीणों ने पूछताछ की और 108 एम्बुलेंस को फोन कर घटना की जानकारी दी। इसके बाद उनके परिजनों को सूचना दी गयी। जिस पर उनके परिवार सत्यवीर गंगवार नवाबगंज सामुदायिक केन्द्र पहुँचे। वीरेन्द्र की हालत गंभीर होने के कारण डाक्टरों ने लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# पीस कमेटी की हुई बैठक, होली पर शांति बनाए रखने की अपील


बैठक लेते थानाध्यक्ष

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना अमृतपुर परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना क्षेत्र के सैकड़ों संभ्रांत नागरिकों ने भाग लिया।

नवनियुक्त थाना अध्यक्ष रक्षा सिंह ने उपस्थित लोगों से होली का त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि होली रंगों और खुशियों का पर्व है। ऐसे में सभी लोग अपनी आपसी दुर्भावनाओं और मतभेदों को होलिका दहन के साथ समाप्त कर दें। थाना अध्यक्ष ने अराजक तत्वों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि त्योहार के दौरान यदि कोई भी व्यक्ति शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास करता हुआ पाया गया तो उसके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन क्षेत्र में सतर्क है और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गौरतलब है कि थाना अध्यक्ष रक्षा सिंह पूर्व में भी अमृतपुर थाने पर तैनात रह चुकी हैं जिससे उन्हें क्षेत्र की भौगोलिक एवं सामाजिक परिस्थितियों की अच्छी जानकारी है। बैठक में प्रधान फखरपुर शिवदत्त तिवारी, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष विनोद प्रकाश द्विवेदी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि प्रिंस चौहान, प्रधान ब्रह्म दत्त शुक्ला, प्रधान अभय सिंह, पूर्व प्रधान चीनू सिंह, प्रधान रिंकू सिंह, प्रधान राजकुमार सिंह, प्रधान अतर सिंह, अधिवक्ता अनुराग सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज अवस्थी, प्रदीप अवस्थी, दरोगा कल्लू सिंह, दरोगा रवि सोलंकी, दरोगा राघवेंद्र सिंह भदौरिया सहित क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे। बैठक में सभी ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और शांतिपूर्ण होली मनाने का संकल्प लिया।

## दारापुर में कथित ऑडियो वायरल, प्रधान प्रतिनिधि पर लगे आरोप

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना राजेपुर की एक ग्राम पंचायत में इन दिनों एक कथित ऑडियो वायरल होने के कारण चर्चा में है। सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे इस ऑडियो को ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि से जोड़ा जा रहा है। हालांकि इस ऑडियो की आधिकारिक पुष्टि अब तक नहीं हो सकी है। वायरल ऑडियो में कथित रूप से एक महिला और प्रधान प्रतिनिधि के बीच अश्लील बातचीत सुनाई देने का दावा किया जा रहा है। चर्चा में 500 के लेनदेन की भी बात कही जा रही है। सोशल मीडिया पर इसे लेकर तरह–तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। ग्रामीणों के बीच इस प्रकरण को लेकर चर्चा तेज है। कुछ लोगों ने इसे जनप्रतिनिधि से जुड़े पद की गरिमा के विरुद्ध बताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि ऑडियो की सत्यता प्रमाणित होती है तो यह सार्वजनिक जीवन में नैतिक मूल्यों पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। महिला और प्रतिनिधि के बीच अश्लील बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के कुछ घंटे बाद महिला ने भी एक अपना वीडियो जारी किया है। जिसमें वह बिना किसी का नाम लिये यह कहते सुना जा रहा है कि मेरी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर मुझे ब्लेकमेल किया जा रहा है। इस ब्लेकमेलिंग से अब मैं तंग आ गयी हूँ। अब मैं कार्यवाही चाहती हूँ। जिससे मुझे न्याय मिल सके, लेकिन अभी तक पुलिस या किसी भी उच्च अधिकारी से लिखित शिकायत नहीं की गयी है। हमारा समाचार पत्र ऐसे ऑडियो और वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

## दबंगों ने पति-पत्नी को लाठी-डन्डों से पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** तहसील क्षेत्र के गाँव कटिया निवासी शाहिर खान उम 46 वर्षीय पुत्र सादिक खाँ ने बताया की उसकी कम्पिल रेलवे स्टेशन के पास चाट पकौड़ी की दुकान थी। जिसको उसने गाँव के सलीम को आठ लाख में बेच दी थी। इसी खुन्नस में अफरोज, अन्नू पत्नी खुशनुमा ने एक राय होकर सादिक के साथ मारपीट करने लगे। पति को पिटता देख बीच बचाव के लिए आई उसकी पत्नी सन्नो को भी उक्त लोगों ने मारापीटा। पुलिस ने पति सदिक, पत्नी सन्नो का मेडिकल परीक्षण करवाया।

# गैंगेस्टर जुबैर के साथी सुखवीर पर कार्रवाई, 1.75 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


कुर्की कार्यवाही के दौरान मौजूद पुलिस


अचल सम्पत्ति को जब्त करती पुलिस

पुलिस व प्रशासन की गैंगेस्टरों के खिलाफ कार्यवाही जारी है। पहले जुबैर की करीब 26 करोड़ की सम्पत्ति कुर्क करने के बाद अब उसके साथी सुखवीर की सम्पत्ति को पुलिस ने कुर्क किया है।

गुरुवार को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में सुखवीर की 1.75 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति कुर्क कर ली गई। तहसीलदार विक्रम सिंह चाहर, सीओ राजेश द्विवेदी, प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी, एसओ मेरापुर राजीव पांडे और राजस्व टीम भारी पुलिस बल के साथ सुखवीर के गांव पहुंची। पूरे इलाके में ढोल-नगाड़ों के साथ मुनादी कराई गई, ताकि आम जनता को प्रशासन की सख्त कार्रवाई का संदेश मिल सके। पुलिस ने सुखवीर के घर की दीवार पर संबंधित मुकदमे का विवरण लिखवाया और उसके बाद घर को सील कर दिया। टीम ने अलीगंज रोड स्थित उसकी कृषि भूमि पर भी निषेध बोर्ड लगाया। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के आदेश पर की गई इस कार्रवाई में सुखवीर द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गई संपत्तियों को जब्त किया गया। इनमें कायमगंज-अलीगंज रोड पर स्थित लगभग 65 लाख रुपये का दो मंजिला मकान और गांव रुटौल में स्थित लगभग 45 लाख रुपये की उपजाऊ भूमि शामिल है। इसके अतिरिक्त सुखवीर के नाम पर पंजीकृत 8 वाहन भी कुर्क किए गए। जिनमें 7 ट्रक और 1 मोटरसाइकिल शामिल हैं। जिनकी कुल कीमत 63.41 लाख रुपये है। सुखवीर और उसकी पत्नी ममता के विभिन्न खातों में जमा 2.03 लाख रुपये की राशि भी फ्रीज कर दी गई है।

**आठ वाहन भी किये गये कुर्क**

पुलिस जांच के अनुसार जुबैर खान के संगठित गिरोह में कुल 8 मुख्य सदस्य थे। इनमें से जुबैर और मोबीन ने आत्मसमर्पण कर दिया है, जबकि सुखवीर पहले से ही जेल में है। गिरोह के अन्य सदस्य पुष्पेंद्र, आदेश, तारीख उर्फ तालिब और पवन पर फिलहाल कोर्ट से गिरफ्तारी पर रोक के आदेश पर हैं, जबकि रामनरेश अभी भी फरार है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अपराध के जरिए अवैध कमाई करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
MINISTRY OF MINORITY AFFAIRS
(Government of India)
Skill India
Central Electronics Limited
A Mini Ratna Enterprise
A Govt. of India Enterprise
Under DSIR, Ministry of Science & Technology.

EMPOWERING MINORITIES THROUGH SKILL DEVELOPMENT

ENROLL NOW under Pradhan Mantri Virasat Ka Samvardhan (PM VIKAS) Scheme

SHORT TERM COURSES OFFERED

MULTI SKILL TECHNICIAN
Consumar Durables
Training Hours : 1260 Hours
Eligibility: 8th

AI - TECHNOCRAFT
Training Hours : 600 Hours
Eligibility: Graduate



Sponsored free Skill Development Training Program under PM-VIKAS Scheme for all Minority Communities (Muslim, Christians, Boudh, Sikh, Parsi and Jain, economically weak candidates, 15% non-minority candidates)

Male and Female
Age: 18 to 35

- Stipend with Certification to trainees.
- Placement support in relevant field.

Documet Required
Passport Size Photo Aadhar Card
All Marksheet
Bank Passbook
(DBT Account) Income
CertificateCaste certificate
Experience Certificate (Optional)

Central Electronics Limited
A Mini Ratna Enterprise
A Govt. of India Enterprise
Under DSIR, Ministry of Science & Technology.

Centre Address
CEL Farrukhabad, Plot No. 9/13 Kamalganj, Farrukhabad
Uttar Pradesh-209724

Contact details
+91-8077660879

# प्रभारी मंत्री ने समीक्षा बैठक कर लाभार्थियों को सौंपे प्रमाण पत्र

- पर्यटन स्थलों का गाइड मैप किया गया जारी
- इटावा बरेली हाइवे की जाँच दोबारा कमेटी बनाकर करने के दिये निर्देश
- स्किल इंडिया कॉम्पटीशन में पुरुस्कार जीतने वाले छात्रों को किया गया सम्मानित



परिचय-बैठक लेते प्रभारी मंत्री मौजूद डीएम व जनप्रतिनिधि



छात्र को सम्मानित करते मंत्री व डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति विभाग/ प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह की अध्यक्षता में क्लेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। मंत्री ने कृषि विभाग के सौजन्य से श्यामचरण भूलनपुर चिरपुरा कामलगंज व प्रदीपकुमार जिठौली राजेपुर को को 10 लाख की कीमत के कस्टम हायरिंग सेंटर की चाबी, जिस पर 04 लाख की सब्सिडी मिलती है प्रदान की। मंत्री ने मत्स्य विभाग के लाभार्थी को मोपोड की चाबी प्रदान की। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सौजन्य से 05 लाभार्थियों को ट्राई साइकिल दी गई।

प्रभारी मंत्री ने पर्यटन विभाग द्वारा बनाया गया फर्रुखाबाद के पर्यटन स्थलों का गाइड मैप जारी किया। समूह सदस्यों द्वारा मंत्री को हर्बल गुलाल भेंट किया। मंत्री ने स्किल इंडिया कॉम्पटीशन 2025 में पुरुस्कार जीतने बाले आई0टी0आई फर्रुखाबाद के छात्रों को 02 स्वर्ण व 01 रजत प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 02 लाभार्थियों को आवास की चाबी प्रदान की गई। उ0प्र0राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के 226 स्वयं सहायता समूहों की प्रतिनिधि रेनू व रूपा को 05.65 लाख का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया। बाबा साहब अम्बेडकर रोजगार प्रोत्साहन योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के 05 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किये गए। सोलर पंप के लिये चयनित 03 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किये। वृद्धावस्था पेंशन के 05 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र दिये गए। इसके बाद मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य के 02 बच्चों को प्रमाणपत्र वितरण किया गया। मंत्री ने पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की शादी अनुदान योजना के 05 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किये गये।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतरगत पांच लाभर्थियों को चेक वितरित कियें। मंत्री ने कृषि विभाग के 05 लाभार्थियों को मूंग बीज मिनी किट प्रदान की गई। मंत्री ने विगत समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की। मंत्री ने सी0एम0डैशबोर्ड में खराब प्रदर्शन करने बाले विभागों की समीक्षा की व प्रदर्शन सुधारने के निर्देश दिये। मंत्री ने मुख्य विकास अधिकारी को पंचायती राज विभाग के 15 वित्त आयोग में बी रैंक आने पर खुद पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिये। विधायक कायमगंज डॉ0 सुरभि ने कन्या सुमंगला योजना का प्रचार प्रसार न होने की शिकायत की।

मंत्री ने ग्राम पंचायत स्तर तक प्रचार प्रसार करने के लिये निर्देशित किया। इटावा बरेली हाइवे की जाँच दोबारा कमेटी बनाकर कराने के लिये मंत्री निर्देशित किया। कार्यदाई संस्थाओं को सभी कार्य टाइमलाइन के अनुसार पूरे करने के लिये निर्देशित किया। मंत्री ने बताया गया कि पर्यटन विभाग नींव करौरी सर्किट बनाने जा रहा है जो लखनऊ व दिल्ली से जुड़ेगा। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत, विधायक अमृतपुर, विधायक सदर, विधायक भोजपुर, विधायक कायमगंज, सदस्य विधान परिषद, जिला अध्यक्ष भाजपा, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी व समस्त जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## आलू मण्डी में सफेद व सुपर छट्टा आलू की बढ़ी मांग, भाव भी उछाला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** होली का त्यौहार देखते हुए सातनपुर आलू मण्डी में सफेद आलू व हालैंड आलू की मांग बढ़ गयी है। होली त्यौहार पर सेऊ, पापड़, कचरी आदि में आलू का प्रयोग होता है। जिस कारण महिलायें घरों में पापड़ आदि सामग्री बनाती है। आलू के भाव में गावं से लेकर मण्डी तक सुर्खी आ गयी है। बाहर के व्यापारी भी आलू मण्डी पहुंचकर सफेद छट्टा आलू व हालैंड आलू खरीद रहे है। जिसकी बाजार में मांग जोरों पर है। गुरुवार को सातनपुर मण्डी में निबल आलू 201 रुपये से 301 रुपये कुंतल बिका। वहीं गड्ड आलू 401 रुपये 471 रुपये कुंतल की बिक्री हुई। सुपर साउड क्वालिटी का आलू 471 से 521 रुपये कुंतल में बिका। 3797 आलू 501 रुपये से 601 रुपये कुंतल बिका। आलू के भाव में पिछले कई दिनों से उछाल है। जहां कोल्ड स्टोरेजों में आलू जमा हो रहा है, वहीं मण्डी एवं मुख्य बाजार में भी आलू की मांग बढ़ी है। सुपर सफेद आलू 701 रुपये से 851 रुपये कुंतल की बिकवाली हुई। लगभग 150 मोटर की आमद हुई।मण्डी में सुबह आलू की बिक्री जोरों पर थी। दोपहर होते-होते आलू की बिक्री फीकी रही।

# अवैध/ओवरलोड छह वाहनों को नोटिस जारी

- 1,82,050 रुपये का लगाया जुर्माना



जांच करते अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अवैध/ओवरलोड परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु मोहम्मदाबाद से मैसेनी के बीच एआरटीओ प्रवर्तन एवं खनन अधिकारी ने संयुक्त छापेमारी की।

छापेमारी के दौरान कुल 29 वाहनों की जाँच की गई। जिसमें से तीन वाहनों (एक ट्रैक्टर ट्राली एवं दो डम्पर) को अवैध/ओवरलोड परिवहन करते पाए जाने पर पर ऑनलाइन नोटिस जारी किया गया है। उक्त कार्यवाही से खनन विभाग को रुपये 25000, 49750 एवं 28420 कुल रुपये 1,03,170 प्राप्त होगा। वहीं अवैध खनन/परिवहन/ओवरलोड परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु थाना शमसाबाद एवं थाना अमृतपुर एवं राजेपुर में 24 फरवरी 2026 को छापेमारी के दौरान कुल 16 वाहनों की जाँच की गई। जिसमें से तीन वाहनों (दो ट्रैक्टर ट्राली एवं एक डम्पर) को अवैध/ओवरलोड परिवहन करते पाए जाने पर पर ऑनलाइन नोटिस जारी किया गया है। कार्यवाही से खनन विभाग को रुपये 25000, 25000 एवं 28880 कुल रुपये 78,880 प्राप्त होगा।

# मिशन शक्ति के तहत नारी शक्ति को किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत जनपद में जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। मिशन शक्ति 5.0 अभियान बेटियों और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें सुरक्षा प्रदान करने के लिए चलाया जा रहा है।

इस अभियान के तहत एंटी रोमियो स्क्वायड ने सार्वजनिक स्थलों पर सतर्कता बढ़ाई और संदिग्ध गतिविधियों पर नज़र रखी। महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत कोतवाली फतेहगढ़ में एंटी रोमियों टीम/महिला सुरक्षा विशेष दल ने मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत बालिकाओं/ महिलाओं को जागरूक किया। थाना कादरीगेट क्षेत्र में एंटी रोमियों टीम/महिला सुरक्षा विशेष दल ने बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया।



महिलाओं को जागरुक करती पुलिस



बालिकाओं को जागरुक करती महिला पुलिस

थाना कमालगंज क्षेत्रान्तर्गत, महिला थाना क्षेत्रांतर्गत एंटी रोमियों टीम/महिला सुरक्षा विशेष दल ने बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया। वहीं थाना शमशाबाद व थाना राजेपुर क्षेत्रान्तर्गत बालिकाओं/ महिलाओं को जागरूक किया गया। साथ ही पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर महिलाओं, बालिकाओं व छात्राओं को पंफलेट देकर जागरूक किया। कार्यक्रम में महिला बीट अधिकारियों एवं मिशन शक्ति टीमों ने ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं, बालिकाओं व छात्राओं से संवाद कर महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं, आत्मरक्षा के उपायों और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी और महिलाओं से कहा कि वे निडर होकर अपनी बात रखें और अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाएं तथा महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, चिकित्सा सहायता 108, बाल सहायता नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा साइबर क्राइम पोर्टल की जानकारी देकर इन सेवाओं के उपयोग के लिए प्रेरित किया।

# आईआईटी कानपुर में पंचायत कार्मिकों को मिला नेतृत्व विकास का विशेष प्रशिक्षण



प्रशिक्षण में मौजूद सहायक विकास अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आईआईटी कानपुर में आयोजित पाँच दिवसीय नेतृत्व विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद के पंचायत कार्मिकों ने सहभागिता कर जिले का गौरव बढ़ाया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पंचायत स्तर पर कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की निर्णय लेने की क्षमता, नेतृत्व कौशल और प्रशासनिक दक्षता को सुदृढ़ करना तथा ग्रामीण विकास में तकनीक के प्रभावी उपयोग को बढ़ावा देना रहा। जिससे ग्राम पंचायतों का समावेशी एवं सतत विकास सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम में विकास खंड बढ़पुर से सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) ओमशिव पाण्डेय एवं ग्राम पंचायत सचिव अमन ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण के दौरान पंचायत संचालन, टीम प्रबंधन, नवाचार आधारित विकास योजनाएँ एवं डिजिटल टूल्स के व्यावहारिक उपयोग पर विशेषज्ञों द्वारा गहन मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रशिक्षण सत्रों में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) ओमशिव पाण्डेय ने ग्राम पंचायत स्तर पर प्रयुक्त विभिन्न एप्लीकेशनों तथा उनसे उत्पन्न होने वाली व्यावहारिक समस्याओं को विस्तार से प्रस्तुत किया और उनके प्रभावी निराकरण हेतु आवश्यक उपायों पर विशेषज्ञों का ध्यान आकृष्ट कराया। इस सहभागिता को प्रशिक्षणार्थियों एवं विशेषज्ञों द्वारा सराहा गया। यह प्रशिक्षण पंचायत व्यवस्था को और अधिक सक्षम, पारदर्शी एवं तकनीक-सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ है। जिसका लाभ आगामी समय में ग्रामीण विकास कार्यों में स्पष्ट रूप से देखने को मिलेगा।

## भारतीय शिक्षा समिति की बैठक में छात्र-छात्राओं का किया मार्ग दर्शन



दीप प्रज्वलित करते अतिथिगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेनापति में भारतीय शिक्षा समिति कानपुर प्रांत के संगठन मंत्री रजनीश पाठक, कानपुर प्रांत की सेवा शिक्षा प्रमुख के दायित्व निर्वहन कर रहे शिव सिंह ने शिक्षा पर जोर दिया। भारतीय शिक्षा समिति कानपुर प्रांत के संभाग निरीक्षक अजय दुबे एवं जन शिक्षा समिति कानपुर प्रांत के संभाग निरीक्षक विजय शंकर ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुर्षाचन कर बैठक प्रारंभ की। संस्कार केंद्रों के प्रमुख ने बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में शिक्षा के गुणवत्ता विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, संस्कार आधारित शिक्षा प्रणाली तथा आगामी शैक्षिक योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। संगठन मंत्री रजनीश पाठक ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन का माध्यम नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का सशक्त आधार है। उन्होंने शिक्षकों से अपेक्षा की विद्यार्थियों के अनुशासन नैतिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करें। कार्यक्रम में कानपुर प्रान्त के सेवा शिक्षा प्रमुख दायित्व निर्वहन कर रहे शिव सिंह, संभाग निरीक्षक अजय दुबे, विजय शंकर, जन शिक्षा समिति के प्रान्त प्रमुख कानपुर एवं जिले भर से आए समस्त संस्कार प्रमुख, विद्यालय के आचार्य आदि उपस्थित रहे। बैठक का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में धरना प्रदर्शन कर शिक्षकों ने किया पैदल मार्च



धरने पर बैठे शिक्षकगण

- प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार को टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अवनीश चौहान ने की। संचालन मंत्री राजकिशोर शुक्ला एवं राकेश यादव ने संयुक्त रूप से किया। वक्ताओं ने काले कानून के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। शिक्षकों ने नारेबाजी करते हुए बीएसए कार्यालय से जिला अधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला। जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि टीईटी अनिवार्यता को समाप्त किया जाये। यह जबरदस्ती शिक्षकों पर सरकार द्वारा थोपा गया काला कानून है। जिसको किसी हाल में शिक्षक बर्दाश्त नहीं करेंगे। पिछले एक सप्ताह से शिक्षकों का विरोध प्रदर्शन जारी था। जिसके तहत गुरुवार को बड़ी संख्या में शिक्षकों ने पहुंचकर बीएसए कार्यालय पर आयोजित धरने में भाग लिया। पैदल मार्च कर नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।

इस मौके पर अभिनेश मिश्रा, डॉ. वीरेंद्र त्रिवेदी, जिलाध्यक्ष अवनीश चौहान, जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ला, अलका कौशल, सीता यादव, मुन्नालाल यादव, अनीस खां, अमित मिश्रा, डॉ. देवेंद्र यादव, राजेश कुमार यादव, श्याम सिंह, जितेंद्र यादव, निर्देश गंगवार, अश्विनी चतुर्वेदी, सुशील माथुर, डॉ. उपेंद्र गंगवार, अमित कुमार, इसरार अहमद, शाहिद गौरी खान, शकील अहमद, मुफीद, आमिर, उजैर, अरविन्द यादव, केपी सिंह, राघवेन्द्र, देवेश, अनुराग, राहुल गंगवार, पवन गुप्ता, श्याम जी शुक्ल, मनोज वर्मा, ओम सिंह, गजेंद्र सिंह, अनुराग पांडेय, विजय कनौजिया, विनोद पाठक, राजीव, विपिन सिंह, सत्यभामा राठौर, अर्चना शुक्ला, अनुपम मिश्रा, फारिया, समरा, अर्चना, अंजू, सुनीता, लीना, आरती, प्रीती, ममता सहित शिक्षक शामिल हुए।

# विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट के तहत भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



प्रमाण पत्र के साथ विजेता मौजूद शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गुरूवार को डीएन पीजी कॉलेज फतेहगढ़ में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना एवं माय भारत के तत्वाधान में आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. राम नरेश सिंह, जिला नोडल अधिकारी डॉ. आलोक बिहारी शुक्ल, जिला युवा अधिकारी शिखर रस्तोगी एवं महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मो0 अमीन की निर्देशन में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य व विशिष्ट अतिथि अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार व बीवीडीसी की प्राचार्या डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी रही। निर्णायक मण्डल में सुरेन्द्र पाण्डेय, प्राचार्य डॉ. रमन प्रकाश, प्राचार्या डॉ. कल्पना सिंह, प्राचार्या डॉ. शशिकिरण सिंह, डॉ. पारूल मिश्रा रही। अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य डॉ. मुकेश सिंह राठौर, डॉ.श्याम मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम में एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। भाषण प्रतियोगिता का विषय (आपातकाल के 50 वर्ष) भारतीय लोकतन्त्र के लिये शिक्षा रहा। प्रतिभागियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। छात्राओं ने वन्दना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अथितियों का माल्यार्पण व शाल ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। आये हुए अतिथियों ने आपातकाल के विषय में विस्तृत जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. आरएन सिंह ने आभार व्यक्त किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर संयुक्त रूप से विशाल एवं करन सिंह, द्वितीय स्थान शुनी पाठक एवं तृतीय स्थान पर दिवस राजपूत रहे। संचालन वाणिज्य विभाग के प्रवक्ता विनय कुमार बाथम ने किया। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. विनीता वर्मा, डॉ. आलोक कुमार सिंह, डॉ. अजहर जुनैद आलम, डॉ. अशोक कुमार शर्मा, डॉ. पंचम कुमार, डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, सरस पाठक, वीरभान सिंह, अनामिका मिश्रा एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में रामभान सिंह सेंगर, योगेन्द कुमार सिंह, रणबीर सिंह, हर्षित दीक्षित, कुलदीपक यादव, प्रशान्त कुमार, ओमप्रकाश सिंह, श्याम सुन्दर, देवेन्द्र शर्मा, विकारा गौतम, श्रुति शरण, योगेन्द्र, विधायक पुत्र संदीप शाक्य आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने फार्मर रेजिस्ट्री का लक्ष्य शत-प्रतिशत पूर्ण करने हेतु की समीक्षा



बैठक लेते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में फार्मर रेजिस्ट्री का लक्ष्य शत-प्रतिशत पूर्ण करने हेतु न्याय पंचायत स्तर पर नामित नोडल अधिकारियों की कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक की गई। डीएम ने निर्देशित किया कि समस्त नोडल अधिकारी अपने न्याय पंचायत के समस्त ग्रामों में लगाए गए कर्मियों के द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों की शत प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनवाना सुनिश्चित करें, इसके लिए प्रत्येक कार्मिक को लक्ष्य निर्धारित करते हुए उसके सापेक्ष प्रतिदिन की प्रगति की समीक्षा करें। यह भी निर्देशित किया गया की ग्राम पंचायत में उपलब्ध कराई गई विभिन्न प्रकार की सूचियां के सापेक्ष ऐसे किसानों की सूची जिनकी फार्मर रजिस्ट्री आईडी विभिन्न कारणों से नहीं बन पा रही है तैयार करके संबंधित ग्राम पंचायत सचिव तथा ग्राम प्रधान से प्रमाणित कर करके खंड विकास अधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराएंगे। निर्देशित किया गया कि अभियान चलाकर फार्मर रजिस्ट्री का कार्य एक सप्ताह में पूर्ण करें।

डीएम ने निदेशित किया कि आदेश में नाम, नाम मिसमैच तथा मृतक लाभार्थियों की सूची संबंधित लेखपाल को सीधे तथा खंड विकास अधिकारियों के माध्यम से संबंधित तहसील को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिससे समस्या का निस्तारण करके फार्मर रजिस्ट्री बनाई जा सके। लेखपाल की लॉगिन पर उपलब्ध फार्मर रजिस्ट्री आईडी का लम्बित डाटा का सत्यापन करने हेतु भी निर्देशित किया गया।

# रमजान में अल्लाह गुनाहों को माफ करता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रमजानुल मुबारक महीने का पहला असरा चल रहा है। इसमें अल्लाह अपने बंदों के गुनाहों को माफ कर देता है। लिहाजा हमें चाहिये कि हम इस असरे में अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मागें और मुस्तकबिल में गुनाह न करने




का अहद करें। **सपा नेता इजहार खान** का कहना है कि अल्लाह अपनी रहमत से हमारे गुनाह माफ करेगा। रमजानुल मुबारक के मुकद्दस महीने में हमें ज्यादा से ज्यादा नेकी और इबादत करनी चाहिये, क्योंकि इस माह में अल्लाह रब्बुल इज्जत हर नेक काम का शबाब 70 गुना देता है। गरीबों में फितरा, जकात, सदका, सौरात वगैरह उसके मुस्तहिक लोगों में ज्यादा से ज्यादा तकसीम करें। जिससे आने बाली ईद की खुशियों में गरीबों के बच्चे भी दूसरों के साथ बराबर से शरीक हो सकें। गरीब भी ईद की खुशियां मना सकें।



इजहार खान



डा0 मो0 आमीन



फराज शेख

अल्लाह इस महीने में हमें बेहतर जिंदगी गुजारने के लिए और हमारी इस्लाह के लिए हमारे प्यारे नवी पर कुरान नाजिल फरमाया है।

**डा0 मोहम्मद आमीन** का कहना अल्लाह फरमाता है और भलाई के रास्ते में माल जो तुम लोग खर्च करते हो तुम्हारे अपने लिए अच्छा है। आखिर तुम इसलिए खर्च करते हो अल्लाह की प्रसन्नता मिल जाये। जो भी कुछ भलाई के रास्ते में खर्च करोगे उसका बदला तुम्हें दिया जायेगा।

**फराज शेख** ने कहा कि आदमी को खैरात दान करते वक्त हदे से ज्यादा नहीं गुजरना चाहिये और अल्लाहताला नहीं चाहता कि तुम अपने बाल बच्चों के पेट काटकर सब कुछ दान में दे डालो। जीवन बिताने के लिए जितनी जरुरत इंसान को होती है उतना माल अपनी जात और बाल बच्चों की परिवरिश पर खर्च किया जाये। फिर इसमें जो भी बचे उसे अल्लाह पर खर्च करना चाहिए।

कुरान में अल्लाह फरमाता है कि लोग पूछते हैं। कि हम अल्लाह की राह में क्या खर्च करें, जो कुछ तुम्हारी जरूरत से ज्यादा हो इस तरह अल्लाह तुम्हारे लाल साफ आदेश देता है। रमजान में लोग रोजे रखे और गुनाह से बचें।

## खबरें एक नजर में

### इलाज के दौरान मौत, आमने-सामने बाइक भिड़ंत में हुआ था घायल

**मजदूरी कर परिवार चला रहा था 21 वर्षीय युवक, घर में मचा कोहराम**



**समृद्धि न्यूज़, निघासन खीरी।** ढखेरवा रोड पर जिंदबाबा मजार के पास बृहस्पतिवार शाम दो बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक को पहले सीएचसी निघासन से जिला अस्पताल रेफर किया गया था, जहां हालत बिगड़ने पर उसे लखनऊ भेजा गया था। वहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। बताया गया कि खैरीगढ़ निवासी 21 वर्षीय राही अपने साथी आकाश के साथ बाइक से निघासन रोड स्थित पेट्रोल पंप पर डीजल लेने जा रहा था। उसी दौरान जिंदबाबा मजार के पास सामने से आ रहे रकेहटी निवासी एक युवक की बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई थी। हादसे में तीनों युवक घायल हो गए थे। राहगीरों की मदद से उन्हें सीएचसी निघासन पहुंचाया गया था, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों युवक की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। बाद में राही को बेहतर इलाज के लिए लखनऊ भेजा गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। मृतक के पिता चन्नूलाल ने बताया कि वह मजदूरी करते हैं। राही परिवार में सबसे बड़ा था और मेहनत मजदूरी कर घर का खर्च चलाता था। उसके ऊपर ही 18 वर्षीय छोटे भाई छोटू और 15 वर्षीय बहन मीनाक्षी सहित पूरे परिवार की जिम्मेदारी थी। बेटे की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना की सूचना मिलते ही गांव और रिश्तेदारी में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस का कहना है कि दुर्घटना के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### होली-ईद पर शांति व्यवस्था को लेकर बांकेगंज चौकी में पीस कमेटी की बैठक



**समृद्धि न्यूज़, बाँकेगंज खीरी।** मैलानी थाना क्षेत्र की बांकेगंज पुलिस चौकी पर गुरुवार को आगामी त्योहारों के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। चौकी प्रभारी संतोष तिवारी ने दोनों समुदायों के नागरिकों और धर्मगुरुओं के साथ सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और शांति बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक को संबोधित करते हुए चौकी प्रभारी ने कहा कि वर्तमान में रमजान का पवित्र महीना चल रहा है और जल्द ही होली का पर्व भी मनाया जाएगा। उन्होंने अपील की कि सभी लोग मिल-जुलकर त्योहार मनाएं और ऐसा कोई कार्य न करें जिससे किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचे। उन्होंने कहा कि होली पूर्व निर्धारित और नियत स्थानों पर ही रखी जाएगी। किसी भी नए स्थान पर होलिका रखने की अनुमति नहीं होगी। अराजक तत्वों पर लगाम कसने के लिए पुलिस चप्पे-चप्पे पर नजर रखेगी। बैठक में दोनों समुदायों के धर्मगुरुओं और स्थानीय संभ्रांत नागरिकों ने भी अपने सुझाव साझा किए और प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

### रहस्यमय ढंग से लापता कालीचरण की तलाश में पुलिस की कार्रवाई तेज

**डॉग स्क्वायड व फील्ड यूनिट ने की सघन जांच**



**समृद्धि न्यूज़, मैगलगंज खीरी।** थाना क्षेत्र के औरंगाबाद चौकी अंतर्गत जहानंनगर गांव निवासी कालीचरण पुत्र नरपति (48) के 12 फरवरी की रात से रहस्यमय ढंग से लापता होने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। गुरुवार दोपहर सीतापुर से आई डॉग स्क्वायड और फील्ड यूनिट की टीम गांव पहुंची और कालीचरण के घर तथा आसपास के घरों में सघन सर्च ऑपरेशन चलाया। डॉग स्क्वायड ने घर के भीतर और आस-पास के क्षेत्रों में जांच की, इसके बाद टीम सरदार धर्मसिंह के झाले पर पहुंची, जहां भी बारीकी से तलाशी ली गई। बताया जा रहा है कि कालीचरण 12 फरवरी की रात अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। परिजनों ने एक महिला पर घर बुलाने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी और पुलिस अधीक्षक लखीमपुर खीरी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद परिजनों ने मैगलगंज थाने का घेराव भी किया था, जिस पर पुलिस ने शीघ्र बरामदगी का आश्वासन दिया था। पुलिस द्वारा कालीचरण की तलाश में पम्पलेट छपवाकर क्षेत्र में वितरित किए गए हैं और सर्विलांस टीम को भी सक्रिय किया गया है, हालांकि अब तक कोई ठोस सफलता हाथ नहीं लगी है। सीतापुर से आई टीम में शिव प्रताप मौर्य व सहायक सचिन कुमार के साथ डॉग 'रोली' शामिल रही, जबकि फोरेंसिक टीम में परविंदर चौधरी, प्रभात और मनोज कुमार मौजूद रहे। स्थानीय स्तर पर चौकी प्रभारी सुनील तिवारी भी टीम के साथ जांच में जुटे रहे। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

### पुत्री के गुम होने पर पिता ने दर्ज कराई गुमशुदगी

**हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया थाना क्षेत्र के उमरिया गांव निवासी रविशंकर गुप्ता ने 19 वर्षीय पुत्री के गुम होने पर गुमसुदगी दर्ज कराई है पुलिस गुमसुदगी दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट है प्रयागराज कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया है की बीते 20 फरवरी को पत्नी बबिता और बेटी काजल के साथ 11बजे स्वरूप रानी हॉस्पिटल प्रयागराज में पत्नी की दवा लेने आये थे की लगभग 1 बजे मानसिक ओपीडी के बाहर पत्नी और 19 वर्षीय पुत्री काजल को बैठाकर दवाई लेने नीचे गया था लगभग एक घंटे बाद जब वापस लौटा तो पत्नी ने बताया की आपके जाने के बाद काजल मोबाइल की पिन लेने के लिए नीचे गई थी लेकिन अभी तक नहीं लौटी काजल के गुम होने पर काफी खोजबीन करने के बाद भी पुत्री के पता नहीं चलने पर गुमसुदगी दर्ज कराई है पुलिस गुमसुदगी दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।

### चेकडैम के निर्माण कार्य में गुणवत्ता व मानक की अनदेखी



**हलिया (मिर्जापुर )।** हलिया विकास खंड के मनिगढ़ा स्थित शैरी नाले में चौक डैम के निर्माण कार्य में गुणवत्ता और मापदंड की अनदेखी करते हुए लाखों रुपए की हेराफेरी करने का मामला सामने आया है। उल्लेखनीय है कि उ प्र के के अंतिम छोर और म प्र के बार्डर पर शैरी नाले में लघु सिंचाई विभाग द्वारा 32 लाख रुपए की लागत से चौक डैम का निर्माण कार्य किया जा रहा है। चौक डैम के निर्माण कार्य में गुणवत्ता और मापदंड की अनदेखी करते हुए ठेकेदार और अवर अभियंता द्वारा व्यापक स्तर पर कमीशन की जा रही है। जिसका जीता जागता उदाहरण मौके पर देखा जा सकता है। कार्य स्थल पर चौक डैम के निर्माण में भ्रष्टाचार की कहानी अपने आप जाहिर हो रही है। जिससे सरकार की मंशा पर पानी फिरता नजर आ रहा है। आरोपित है कि क्षेत्र में होने वाले अधिकतर विकास कार्य कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जा रहे हैं। और उच्च स्तर पर बैठे अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं लगती है।

## कॉरिडोर निर्माण में मिलीं गंभीर खामियां, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल सख्त

# छोटी काशी कॉरिडोर पर सुस्ती उजागर, सात दिन में प्रगति दिखाने के निर्देश

- कॉरिडोर कार्य में सुस्ती, रास्ते और रिटेनिंग वाल पर खामियां मिली
- ऊबड़-खाबड़ मार्ग और कमजोर जल निकासी पर फटकार



**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** गोला गोकर्णनाथ में बन रहे छोटी काशी शिव मंदिर कॉरिडोर के निर्माण कार्यों की हकीकत गुरुवार को सामने आ गई। निरीक्षण में कार्यों की धीमी रफ्तार, कई स्थानों पर ऊबड़-खाबड़ मार्ग, रिटेनिंग वाल पर उभरे पत्थर और जल निकासी की कमजोर व्यवस्था जैसी गंभीर खामियां मिलीं। इस पर जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने कड़ा रुख अपनाते हुए अधिकारियों को फटकार लगाई और सात दिन में ठोस प्रगति दिखाने की चेतावनी दी। निरीक्षण में विधायक गोला अमन गिरी भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि यह परियोजना जनआस्था से जुड़ी है, इसलिए गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कॉरिडोर क्षेत्र का पैदल भ्रमण कर निर्माणाधीन मार्गों की स्थिति देखी। कई जगह रास्ते असमतल और अव्यवस्थित पाए गए, जिससे श्रद्धालुओं के आवागमन में परेशानी की आशंका जताई गई। डीएम ने तत्काल समतलीकरण कराने और सुरक्षित व सुगम मार्ग तैयार करने के निर्देश दिए। रिटेनिंग वाल पर उभरे पत्थरों को भी ठीक कर मानक अनुसार निर्माण सुनिश्चित करने को कहा गया। जल निकासी व्यवस्था को लेकर भी जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ को जलभराव की समस्या दूर करने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाकर शीघ्र कार्यवाही करने को कहा। बरसात से पहले ड्रेनेज सिस्टम मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। कॉरिडोर से जुड़े वीआईपी मार्ग के चौड़ीकरण में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए संबंधित पक्षों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि मार्ग चौड़ा होने से यातायात सुगम होगा और तीर्थ क्षेत्र की व्यवस्था बेहतर बनेगी। मंदिर परिसर में समतलीकरण का कार्य सात दिनों में पूरा कर प्रगति रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए। पुराने मंदिरों की मूर्तियों की स्थापना, परिसर सौंदर्यीकरण और श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने को कहा गया। मंदिर के बाहर नालों के चौड़ीकरण के लिए जल निगम और लोक निर्माण विभाग को समन्वय बनाकर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड को लंबित कार्यों में तेजी लाकर समयसीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरा करने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, उपजिलाधिकारी गोला प्रतीक्षा त्रिपाठी, नगर पालिका, जल निगम, लोक निर्माण विभाग और कार्यदायी संस्था के अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि लापरवाही पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई तय है।

## विधायक ने 'तारा पशु आहार' केंद्र का किया भव्य उद्घाटन




**मितौली (खीरी)।** विकास खंड मितौली क्षेत्र के पिपरझला मार्ग पर 'तारा पशु आहार' केंद्र का विधिवत शुभारंभ कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन अवसर पर विधायक ने कहा कि क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण पशु आहार की उपलब्धता से पशुपालकों को लाभ मिलेगा और दुग्ध उत्पादन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने स्थानीय उद्यम को प्रोत्साहन देने की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रतिष्ठान ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों ने विधायक को भगवान गणेश की प्रतिमा एवं अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। समारोह में भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष शमशाद अली, अल्पसंख्यक जिला मंत्री अब्दुल हमीद, भाजपा नेता कमलेश चौधरी, प्रधान प्रतिनिधि गुरप्रीत सिंह, पत्रकार रमेश शुक्ला, सियाराम गौतम तथा डॉ. आदेश कुमार सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मोतीपुर गौशाला : सेवा, संवेदना और समर्पण से बदली गांव की तस्वीर

- प्रधान प्रतिनिधि की पहल बनी गौवंश संरक्षण और महिला रोजगार का प्रेरक मॉडल



**निघासन (खीरी)।** विकासखंड निघासन की ग्राम पंचायत मोतीपुर आज सकारात्मक परिवर्तन की मिसाल बनकर उभरी है। कभी छुट्टा गौवंशों से परेशान रहने वाला यह गांव अब गौसंरक्षण, महिला सशक्तिकरण और जैविक खेती के समन्वित मॉडल के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। इस बदलाव के केंद्र में हैं प्रधान प्रतिनिधि कुलदीप सिंह पटेल उर्फ केडी, जिन्होंने निजी पहल को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए गांव को नई दिशा दी है।

**छुट्टा गौवंश की समस्या से समाधान तक**

वर्ष 2023 तक गांव में छुट्टा गौवंशों की बढ़ती संख्या किसानों के लिए बड़ी समस्या बनी हुई थी। गन्ना समेत अन्य फसलें लगातार नुकसान झेल रही थीं। किसान रात-रात भर खेतों की रखवाली करने को मजबूर थे। ऐसे में कुलदीप सिंह ने अपनी लगभग 10 बीघा निजी भूमि निःशुल्क रूप से गौशाला संचालन के लिए उपलब्ध कराकर स्थायी समाधान की पहल की। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक गौशाला संचालित होगी, भूमि इसी उद्देश्य के लिए प्रयोग में लाई जाएगी। करीब पांच हजार की आबादी और लगभग 3200 मतदाताओं वाले गांव में यह निर्णय किसानों के लिए राहत का कारण बना। 21 जनवरी 2024 को 'अस्थायी गौवंश आश्रय स्थल मोतीपुर' का उद्घाटन अजय मिश्र टेनी द्वारा किया गया। इससे पूर्व अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भंडारे के साथ गौशाला की शुरुआत की गई थी। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों की भागीदारी ने इस पहल को सामाजिक अभियान का स्वरूप दे दिया। गौशाला की विशेष पहचान यहां का आत्मीय वातावरण है। कुलदीप सिंह ने गौशाला में रह रहे प्रत्येक गौवंश का नाम रखा है। वे प्रतिदिन वहां पहुंचकर अपने हाथों से चारा खिलाते हैं और नाम लेकर पुकारते हैं। ग्रामीणों के अनुसार, उनकी आवाज सुनते ही गौवंश पास आ जाते हैं। वर्तमान में लगभग 400 गौवंशों की देखभाल की जा रही है। करीब दो एकड़ भूमि पर हरे चारे की व्यवस्था की गई है। परिसर में टीन शेड, तिरपाल से सुरक्षा घेरा, पंपिंग सेट, फेंसिंग और सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

**गोबर से आय, महिलाओं को सम्मान**

गौशाला में एकत्र गोबर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को निःशुल्क दिया जाता है। महिलाएं इससे वर्मी कम्पोस्ट जैविक खाद तैयार कर किसानों को उपलब्ध कराती हैं। एक चक्र में लगभग 15 कुंतल गोबर, राख, गुड़, बेसन और जैविक कल्चर का उपयोग होता है। लगभग 8 हजार रुपये की लागत से 15 दिन में तैयार खाद की बिक्री से करीब 15 हजार रुपये तक की आय हो रही है।

# निघासन ब्लॉक में डीडीओ का औचक निरीक्षण

- लापरवाही पर सख्ती : अनुपस्थित बीएमएम का वेतन रोकने के निर्देश



**समृद्धि न्यूज़, निघासन खीरी।** विकास कार्यों की जमीनी हकीकत परखने और कार्यालयों में अनुशासन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरुवार को जिला विकास अधिकारी (डीडीओ) गजेंद्र प्रताप सिंह ने निघासन ब्लॉक का औचक निरीक्षण किया। अचानक हुए निरीक्षण से ब्लॉक परिसर में हड़कंप मच गया और कर्मचारी अभिलेख दुरुस्त करने में जुट गए। डीडीओ ने आवास पटल, सहायक लेखाकार पटल, मनरेगा, एनआरएलएम, आंगनवाड़ी तथा पशु चिकित्सा कार्यालय सहित विभिन्न शाखाओं के अभिलेखों की गहन जांच की। उन्होंने योजनाओं की प्रगति, भुगतान की स्थिति, लंबित मामलों और उपस्थिति पंजिका का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान एनआरएलएम के एक बीएमएम को बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए। इस पर डीडीओ ने कड़ा रुख अपनाते हुए उनका वेतन रोकने के निर्देश दिए और स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इस बीच सिंचाई विभाग के कर्मचारियों द्वारा निरीक्षण की सूचना मिलते ही कार्यालय में ताला लगाकर चले जाने का मामला भी सामने आया। इस पर डीडीओ ने नाराजगी जताई और संबंधित विभाग से स्पष्टीकरण तलब करने की बात कही। उन्होंने कहा कि यदि कार्य में अनियमितता या अनुपस्थिति पाई गई तो विभागीय कार्रवाई तय है। डीडीओ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ सुनिश्चित किया जाए। लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण कर लाभार्थियों को समय से लाभ पहुंचाया जाए।

निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह, एनआरपी नावेद अख्तर, एपीओ विशाल कुमार,जेई आर एस प्रतीक श्रीवास्तव सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## खनन अधिकारी की सख्त छापेमारी के बावजूद पलिया में अवैध खनन जारी, पुलिस की सक्रियता पर सवाल



**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी के पलिया कोतवाली क्षेत्र में अवैध खनन और खनन सामग्री के परिवहन का मामला एक बार फिर चर्चा में है। खनन अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि विभाग की ओर से नियमित छापेमारी की जा रही है और अवैध खनन में संलिप्त पाए जाने वालों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है। उनके अनुसार, सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंचकर जांच करती है और नियमों के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है। स्थानीय लोगों की माने तो इसके बावजूद भी क्षेत्र में अवैध खनन पूरी तरह थमता नजर नहीं आ रहा। खनन सामग्री से लदी ट्रैक्टर-ट्रालियां सड़कों पर खुलेआम संचालित होती देखी जा रही हैं। इनमें कई वाहन बिना नंबर प्लेट के दौड़ रहे हैं, जो न केवल परिवहन नियमों का उल्लंघन है, बल्कि सड़क सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है। यदि ऐसे किसी वाहन से दुर्घटना हो जाए तो जिम्मेदारी तय करना कठिन हो सकता है। बिना नंबर प्लेट के वाहनों का संचालन और अवैध परिवहन का जारी रहना स्थानीय पुलिस की सक्रियता पर प्रश्नचिह्न लगाता है। क्षेत्र के नागरिकों का मानना है कि यदि खनन विभाग और पुलिस संयुक्त रूप से समन्वित और सख्त अभियान चलाएं तो अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है।

## प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष ने राष्ट्रीय महासचिव से की मुलाकात



**हलिया (मिर्जापुर)।** प्राथमिक शिक्षक संघ के हलिया ब्लॉक अध्यक्ष कौशल कुमार सिंह ने शिक्षकों की समस्याओं को लेकर भाजपा राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह से उनके पैतृक आवास बैधा पर मुलाकात की है। इस मुलाकात में उन्होंने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की, जिनमें पुरानी पेंशन बहाली, केंद्रीय वेतनमान का लाभ, राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शिक्षक विरोधी प्रावधानों को खत्म करने, संविदा शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशक को नियमित करने जैसे मुद्दे शामिल हैं मुलाकात कर शिक्षकों की समस्याओं पर वार्ता की।

## समाचार प्रकाशित करने पर पत्रकार को जान से मारने की धमकी, एसपी से शिकायत

- गलत तहरीर लिखवाने का पुलिस पर आरोप, थाना प्रभारी बोले : तहरीर प्राप्त नहीं हुई




**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी के पलिया कलां क्षेत्र में ऑनलाइन सट्टा से जुड़े समाचार के प्रकाशन के बाद एक पत्रकार को जान से मारने की धमकी मिलने तथा थाना स्तर पर वास्तविक घटना दर्ज न किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। प्रकरण में थाना पलिया कलां पुलिस पर दबाव बनाकर गलत तहरीर लिखवाने और सादे कागज पर हस्ताक्षर लेकर भ्रामक आख्या लगाने का आरोप लगाया गया है। शिकायत पुलिस अधीक्षक लखीमपुर खीरी को भेजी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहल्ला बाजार प्रथम, पलिया कलां निवासी पियूष गुप्ता, जो एक न्यूज चैनल के संवाददाता हैं, ने अपने पत्रकारिता दायित्व के अंतर्गत क्षेत्र में संचालित कथित ऑनलाइन सट्टा से संबंधित समाचार प्रकाशित किया था। आरोप है कि इसी समाचार से आक्रोशित होकर मोहित गुप्ता उर्फ लल्ला पुत्र पप्पू घमंडी ने 03 फरवरी 2026 को उनके मोबाइल फोन पर जान से मारने की धमकी दी। पत्रकार का दावा है कि धमकी की ऑडियो रिकॉर्डिंग उनके पास साक्ष्य के रूप में सुरक्षित है। पीड़ित के अनुसार, उन्होंने 03 फरवरी 2026 को ही आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई, किंतु कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद 06 फरवरी 2026 को थाना पलिया कलां में लिखित तहरीर दी गई, लेकिन उस पर भी मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। आरोप है कि 24 फरवरी 2026 को थाना पलिया कलां से फोन कर उन्हें थाने बुलाया गया और मुकदमा दर्ज करने की बात कही गई। शाम लगभग 6:20 बजे थाने पहुंचने पर थाना प्रभारी पंकज त्रिपाठी ने उन पर दबाव बनाया कि वह 03 फरवरी की वास्तविक घटना का उल्लेख न करें और केवल 24 फरवरी की घटना दर्शाएं। साथ ही समाचार अथवा धमकी के मूल कारण का जिक्र न करने को कहा गया। पत्रकार का यह भी आरोप है कि थाने में उनसे सादे कागज पर हस्ताक्षर करवा लिए गए और उनकी फोटो खींची गई, लेकिन यह नहीं बताया गया कि उस कागज का उपयोग किस उद्देश्य से किया जाएगा। 25 फरवरी 2026 को आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत की स्थिति देखने पर उन्हें ज्ञात हुआ कि उनके हस्ताक्षरयुक्त सादे कागज पर मनमाने ढंग से आवेदन लिखकर पुलिस द्वारा आख्या लगा दी गई है, जो वास्तविक तथ्यों से भिन्न है।

# कृषि वैज्ञानिक सब्जी उत्पादन सुधारने की दिशा में करें किसानों का सहयोग

**समृद्धि न्यूज, चुनार (मिर्जापुर)।**



भारतीय सब्जी अनुसंधान केंद्र में केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने संस्थान में रक्त-चंदन के पौधरोपण के साथ ही वैज्ञानिकों के साथ अपनी समीक्षा बैठक का शुभारंभ किया। प्रक्षेत्र भ्रमण में मंत्री जी ने किसानों के साथ सब्जी बीजों की उपलब्धता, गुणवत्ता, सब्जी उत्पादन लागत कम करने के उपायों, तकनीकियों की जानकारी से संबंधित जानकारी ली। आधुनिक तकनीकियों में ग्राफ्टेड बैगन टमाटर (ब्रिमेटो) और आलू-टमाटर (पोमेटो) पर विस्तृत चर्चा में डॉ अनंत बहादुर ने उत्पादन की विधियों, किसानों तक तकनीकी की पहुंच, फायदे और किसानों को होने वाले लाभ के बारे में सविस्तार बताया। इस टेक्नोलॉजी की सराहना करते हुए श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इन तकनीकियों तक जल्दी से जल्दी किसानों को उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। साथ ही हाई टेक नर्सरी को भी उन्होंने किसानों की सेवा में अत्यंत उपयोगी बताया और कहा कि एफपीओ नर्सरी बीज उत्पादित करके किसानों तक पहुंचाएं। वैज्ञानिकों से रूबरू होते हुए मंत्री महोदय ने टमाटर की शेल्फ लाइफ बढ़ाने, सुखे पाउडर और एक्सपोर्ट को बढ़ाने वाली फसलों का विकास करने और जैविक खेती पर तेजी से कार्य करने की जरूरत पर जोर दिया। उनके समक्ष सूक्ष्मजीव जैव उर्वरक, बायोस्टिमुलेन्ट एवं बायोपेस्टिसाइड के संस्थान द्वारा विकसित उत्पादों का भी प्रदर्शन किया गया। मंत्री महोदय ने संस्थान में चल रहे अनुसंधान एवं विकास कार्यों, उन्नत सब्जी किस्मों, बीज उत्पादन, संरक्षित खेती, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, मूल्य संवर्धन तथा उद्यमिता विकास से जुड़ी पहलों की सराहना की । उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक तकनीकों का खेत स्तर पर प्रभावी प्रसार, गुणवत्तापूर्ण बीजों की उपलब्धता, लागत घटाने वाली तकनीकें तथा बाजार से सीधा जुड़ाव किसानों की आय बढ़ाने में निर्णायक भूमिका निभाएंगे। मंत्री महोदय ने संस्थान को किसानों तक तकनीकों की त्वरित पहुंच सुनिश्चित करने, गुणवक्ता युक्त बीज एवं पौध उपलब्ध कराने, निर्यातोन्मुख सब्जी फसलों की प्रजातियों के विकास करने, स्टार्ट-अप्स व एफपीओ के साथ साझेदारी बढ़ाने तथा युवाओं को कृषि-उद्यमिता से जोड़ने के निर्देश दिए । समीक्षा बैठक में भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ राजेश कुमार ने संस्थान की उपलब्धियों और किसानों के साथ किए जा रहे कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें सब्जी निर्यात को बढ़ावा देने हेतु किसानों को संसधान और तकनीकी उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है। इसके साथ ही आईसीएआर के सहायक महानिदेशक डॉ सुधाकर पांडेय ने संस्थान की गतिविधियों पर संक्षिप्त जानकारी दी। समीक्षा बैठक में मऊ स्थित आईसीएआर के संस्थानों के निदेशक डॉ आलोक श्रीवास्तव एवं डॉ आनंदन सहित प्रदेश सरकार के अधिकारीगण उपस्थित रहे। कृषि मंत्री ने आगामी रबी सत्र के लिए क्षेत्रवार कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया और कहा कि जलवायु परिवर्तन की चुनौती को देखते हुए सब्जी उत्पादन प्रणाली में अधिक लचीलापन लाना होगा। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्रों और शोध संस्थानों के मध्य समन्वय का एक प्रभावी माध्यम बताते हुए किसानों तक तकनीक हस्तांतरण की गति तेज करने पर बल दिया। सभागार मेंआईआईवीआर के वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों के साथ राज्य के कृषि विभाग एवं केवीके के अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। बैठक का संचालन डॉ नीरज सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ ए एन सिंह ने किया।